ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 17°C
हल्द्वानी, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


बिहार में सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे: तेजस्वी यादव पेज 2


बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15: शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण जीते खेल टाइम्स


नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया, अब तेजस्वी का राहुल को करना है सम्पादकीय


ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया पेज 12

# हवा में अटकी रही 215 यात्रियों की जान

कानपुर, वार्ता

**कानपुर में** मुंबई से आई फ्लाइट में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

इस पर पायलट ने लैंडिंग के बजाय दोबारा उड़ान भरी और आसमान में 20 मिनट से अधिक देरी तक चक्कर लगाता रहा। विमान के दोनों दरवाजे लॉक हो गए। इससे विमान में यात्री भी सहम गए। मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई824 ने कानपुर के लिए दोपहर 1:20 बजे उड़ान भरी। इसमें क्रू मेंबरों सहित 215 यात्री सवार थे। दोपहर लगभग 3:15 बजे चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग करते समय फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। खतरा भांपते ही पायलट फ्लाइट को दोबारा आसमान में ले गया। फ्लाइट 20 मिनट से ज्यादा देर तक चक्कर लगाती रही, ताकि विमान का ईंधन कम हो जाए। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को सुरक्षित चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर उतार दिया। इसके बाद फ्लाइट के दोनों दरवाजे लॉक हो गए, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। करीब आधा घंटे तक यात्री फ्लाइट में फंसे रहे। बाद में विमान के दोनों गेट खोलकर यात्रियों को उतारा गया। इसी फ्लाइट में मुंबई से आए हास्य कवि हेमंत पांडेय ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि इस संबंध में जब एयर हॉस्टेस से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि दोनों दरवाजे लॉक हो गए हैं। फ्लाइट का इंजन बंद होने के बाद ही दोनों दरवाजे खुलेंगे और 30 मिनट बाद जब फ्लाइट का इंजन बंद हुआ, तब विमान के दोनों दरवाजे खुले। विमान में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत नहीं आई थी। इंजन कूल डाउन होने में समय लगा। चकेरी एयरपोर्ट में एक महीने पहले इंडिगो विमान के केबिन में चूहा घुसने से फ्लाइट तीन घंटे चकेरी एयरपोर्ट पर खड़ी रही थी। ग्राउंड क्रू ने तत्काल विमान खाली कराया तो कुछ यात्रियों ने नाराजगी भी जताई थी।




- कानपुर में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर 20 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा इंडिगो का विमान
- विमान के दोनों दरवाजे हो गए थे लॉक

# उत्तराखंड में घूमना होगा महंगा, बाहरी वाहनों की एंट्री पर लगेगा 'ग्रीन सेस'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्रीन सेस लागू करने की घोषणा की है।

यह सेस अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों से वसूला जाएगा, जिससे प्राप्त धनराशि वायु प्रदूषण नियंत्रण, हरित अवसंरचना और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन पर खर्च की जाएगी। राज्य सरकार ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड को स्वच्छ वायु, स्वस्थ जीवन की दिशा में एक नई पहचान देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्ष पूरे होने पर यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम राज्य को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाएं। 'ग्रीन सेस' से प्राप्त राजस्व का उपयोग वायु गुणवत्ता सुधार, हरित अवसंरचना और स्मार्ट यातायात प्रबंधन में किया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि बोर्ड के अध्ययन के अनुसार देहरादून में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत सड़क की धूल (55फीसदी) -शेष पृष्ठ दो पर



- राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर धामी सरकार का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा चक्रवात मोन्था

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। यह 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है। तूफान के दौरान 90-100 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं, सेना को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन रविवार रात तक डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा और 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवात मोन्था में बदल जाएगा। वहीं, चक्रवात मोन्था के खतरे को देखते हुए ओडिशा फायर विभाग पूरी तरह अलर्ट पर है। विभाग ने बताया कि 27 से 29 अक्टूबर के बीच तूफान के असर की आशंका है। सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। चक्रवात मोन्था 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है।

### असम का कमरकुची बना सिंगर जुबीन का स्मारक स्थल

**सोनापुर।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में डूबने से हो गई थी। 23 सितम्बर को सोनापुर जिले के कमरकुची में उनका अंतिम संस्कार हुआ था। गुवाहाटी से 31 किमी दूर इस गांव में 10 बीघा के करीब जमीन को जुबीन का देवालय सा मान लिया गया है। अब यहां हर रोज 5 से 10 हजर लोग उनकी समाधि पर पहुंच रहे हैं। कई ऐसे भी हैं, जो यहां 500-800 किमी दूर से पहुंच रहे हैं। इनमें हर उम्र के लोग शामिल हैं। जुबीन ने 52 की उम्र तक 40 हजार से ज्यादा गाने खुद लिखे और गाए। जुबीन के अंतिम संस्कार के बाद से इन 36 दिनों में उनकी समाधि पर अब तक 5 लाख से ज्यादा असमिया गमछे चढ़ाए जा चुके हैं।

### औरंगाबाद रेलवे स्टेशन अब 'छत्रपति संभाजीनगर'

**मुंबई।** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 'औरंगाबाद रेलवे स्टेशन' का नाम बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन' कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है और स्टेशन के सभी साइनबोर्ड, टिकट, घोषणाएं और डिजिटल सिस्टम में नया नाम अपडेट किया जा रहा है।

# 21वीं सदी भारत और आसियान की

**कुआलालंपुर /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी को भारत और आसियान की सदी करार देते हुए जोर देकर कहा है कि अनिश्चितता के मौजूदा दौर में दोनों पक्षों की यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।




श्री मोदी ने रविवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 22 वें आसियान- भारत सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेते हुए अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग' का वर्ष घोषित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और हम ऐतिहासिक संबंधों तथा साझे मूल्यों की डोर से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या को रिप्रजेंट करते हैं । हम सिर्फ जियोग्राफी ही शेयर नहीं करते। हम गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। हम ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं हम केवल व्यापारी ही नहीं सांस्कृतिक साझेदार भी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है और दोनों पक्षों की साझेदारी अनिश्चितता के दौर में वैश्विक स्थिरता तथा विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि आसियान, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य स्तंभ है। भारत सदैव आसियान सेंट्रलिटी और इंडो पेसिफिक पर आसियान के आउटलुक का पूरा समर्थन करता रहा है। अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत आसियान समग्र रणनीतिक पार्टनरशिप में सतत प्रगति हुई है और हमारी यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

- दोनों पक्षों की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार: मोदी
- प्रधानमंत्री ने कुआलालंपुर में 22 वें भारत-आसियान सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लिया

# भारत की कीमत पर पाक से दोस्ती नहीं: अमेरिका

## भारतीय कूटनीति में समझदारी, वे जानते हैं कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं: मार्को

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी विदेश** मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका- पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय कूटनीति में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। उनके भी कुछ देशों से रिश्ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी, क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत- पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है। हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। केस दिखाया था।




- अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, इससे भारत को कोई नुकसान नहीं होगा: रुबियो

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान मुनीर ने ट्रम्प को रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा ब्रीफकेस दिखाया था। रुबियो ने कहा कि हमें पता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच पुराने तनाव हैं, लेकिन हमारा काम है कि जितने देशों के साथ हो सके, दोस्ती के रास्ते ढूंढ़ें। हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ काम करते आए हैं और अब इसे और बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन यह भारत या किसी और के साथ हमारे अच्छे रिश्तों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ हम जो कर रहे हैं, वह भारत के साथ दोस्ती को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था। 10 मई को ट्रम्प ने एक्स पर लिखा था कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने इसी महीने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया था। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाक चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं।

## भारत पूरी तरह रूसी तेल की खरीद रोकेगा, ट्रम्प ने फिर दोहराया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत ने दोहराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है, न कि किसी बाहरी दबाव पर।

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि आपने देखा होगा, चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और भारत पूरी तरह से इसे रोक रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि यह वार्ता पूरी तरह सौदा तय कर सकती है। इससे पहले भी ट्रम्प कई बार इसी तरह का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वर्ष के अंत तक रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा।



### महिला डाक्टर आत्महत्या: भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों का गठजोड़ : राहुल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में महिला डाक्टर आत्महत्या मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिकार हो गई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के सतारा में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई। उन्होंने कहा कि जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया। सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है। यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है। श्री गांधी ने कहा कि जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? डाक्टर की मौत इस भारतीय जनता पार्टी सरकार के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर करती है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।

# चीनी विद्वानों ने भगवद गीता को बताया ज्ञान का अमृत

## भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए कहा: आधुनिक जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन

बीजिंग, वार्ता

**चीन के विद्वानों** ने भगवद गीता को 'ज्ञान का अमृत' और भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए आधुनिक दुनिया के लोगों के आध्यात्मिक और भौतिक संकटों के समाधान का स्रोत बताया। यह बातें 'संगम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक संगोष्ठी में कही गईं, जिसे भारतीय दूतावास ने आयोजित किया।

संगोष्ठी में 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। उन्होंने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोष और आध्यात्मिक महाकाव्य बताया, जो आज भी भारतीय जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। प्रो. झांग ने कहा कि उन्होंने 1984/86 के दौरान भारत की यात्रा के दौरान हर जगह भगवान कृष्ण की उपस्थिति का अनुभव किया। सेंटर फॉर ओरिएंटल फिलासफी रिसर्च के डायरेक्टर प्रो. वांग झी-चेंग ने कहा कि गीता 5,000 साल पहले की प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद है, जो आज भी आधुनिक जीवन की उलझनों और चिंताओं का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने गीता की तीन प्रमुख शिक्षाओं कर्म योग, सांख्य योग, और भक्ति योग को आधुनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रो. यू लोंगयू, सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज, शेनझेन यूनिवर्सिटी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का गहरा दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के योग्य है और चीनी विद्वानों को इसे समर्पण के साथ सीखना चाहिए। भारतीय दूत, प्रदीप कुमार रावत ने कहा कि गीता समेत भारत के दर्शनशास्त्र ने हमेशा मानवता के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों 'सत्य क्या है? वास्तविकता का स्वरूप क्या है? ज्ञान और कर्म कैसे अंतिम मुक्ति की ओर ले जाते हैं?' का उत्तर देने का प्रयास किया है। विद्वानों ने इस अवसर पर जोर देकर कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है।



- 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग ने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रेल मंत्रालय द्वारा महापर्व छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने के केन्द्र सरकार के ऐलान पर सवाल उठाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया हेड सुप्रिया श्रीनेत ने सवाल किया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव डींगे हांक रहे थे कि त्योहार पर 12 हज़ार ट्रेनें चलाई जा रही हैं। भगवान ही जानें कहां चलीं यह ट्रेन क्योंकि लोग अभी भी भेड़ बकरी की तरह जिस तरह से रेल के डिब्बों में लोग ठूंस कर घर जाने को मजबूर हैं।

### आज से शीतकालीन वर्दी पहनेंगे पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने मौसम में परिवर्तन को देखते हुए राज्यभर में तैनात सभी पुलिस अधिका. रियों और कर्मियों के लिए शीतकालीन वर्दी लागू करने का आदेश जारी किया है। यह आद. श पुलिस महानिदेशक (कार्मिक) शलभ माथुर की ओर से जारी किया गया है। यह आदेश सभी जोनल, रेंज, जिला पुलिस प्रमुखों, पुलिस आयुक्तों और अन्य संबंधित अधिका. रियों को भेजा गया है।

### कश्मीर के पुंछ से 11 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भगोड़ों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए पुंछ जिले में 11 साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सारनकोट पुलिस थाने की एक टीम ने 11 साल से फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नजीर अहमद पुत्र मुहम्मद रफीक निवासी सेयलान बफिलाज सरनाकोट के रूप में हुई है।

# सोशल मीडिया संस्कृत को दे रहा नई प्राणवायु: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्कृत लिखना पढ़ना सिखाया जा रहा है और इसके प्रति युवाओं में दिख रहे उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया संस्कृत को नई प्राणवायु दे रहा है।

मोदी ने रविवार को आक. ाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में कहा ष्संस्कृत का नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में आता है-हमारे 'धर्मग्रंथ', 'वेद', 'उपनिषद', 'पुराण', शास्त्र, प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और दर्शन। लेकिन एक समय, इन सबके साथ-साथ 'संस्कृत' बातचीत की भी भाषा थी। उस युग में अध्ययन और शोध संस्कृत में ही किए जाते थे। नाट्य मंचन भी संस्कृत में होते थे। लेकिन दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई।

इस वजह से युवा-पीढ़ियों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया। लेकिन साथियो, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नई प्राणवायु दे दी है। इन दिनों कई युवा संस्कृत को लेकर बहुत रोचक काम कर रहे हैं। आप सोशल मीडिया पर जाएंगे, तो आपको ऐसी कई रील्स दिखेगी, जहां कई युवा संस्कृत में और संस्कृत के बारे में बात करते दिखाई देंगे। कई लोग तो अपने सोशल मीडिया चैनल के जरिए संस्कृत सिखाते भी हैं। ऐसे ही एक युवा कंटेंट क्रिएटर हैं- भाई यश सालुंड्के। यश की खास बात ए है कि वो कंटेंट क्रिएटर भी हैं और क्रिकेटर भी हैं। संस्कृत में बात करते हुए क्रिकेट खेलने की उनकी रील लोगों ने खूब पसंद की है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लें देशवासी: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे।

# लखनऊ में शिक्षक अभ्यर्थियों ने घेरा मायावती का आवास, लगाई गुहार

**लखनऊ, वार्ता**

■ बोले- सीएम योगी से बात कर न्याय दिलाएं

69 हजार शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने रविवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी जिद पर अड़े थे कि बसपा सुप्रीमो मायावती से मिलकर ही जाना है, लेकिन पार्टी पदाधिकारियों ने समझाया और उनका ज्ञापन ले लिया।

बसपा सुप्रीमो मायावती के आवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई। अभ्यर्थियों ने मायावती के आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी की वजह से नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। पिछले पांच साल से रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बसपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने बहन जी न्याय करो, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करो जैसे नारे लगाए। पीडीए को न्याय दो का भी नारा बुलंद किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक की नौबत आ गई। प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने किसी तरह समझाकर बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से प्रतिनिधि मंडल को मिलवाया। प्रतिनिधि मंडल की तरफ से उन्हें ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आगामी 28 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में डेट लगी है। सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी हो और हमारे पक्ष में निर्णय आए। अभ्यर्थियों ने बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से मायावती तक बात पहुंचाने की अपील की। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। बता दें कि शिक्षक अभ्यर्थी पिछले काफी समय से सरकार के विभिन्न मंत्रियों से लेकर विपक्षी दलों के कार्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं।

# अंधविश्वास में मां ने दो बेटों को मार डाला, खुद भी दी जान

**मिर्जापुर, वार्ता**



■ पहले चार साल और चौदह माह के बेटों का गला घोंटा, उसने खुद भी फांसी लगा ली

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में अंधविश्वास में एक पढ़ी-लिखी मां ने दो बेटों की गला घोट कर हत्या कर दी और इसके बाद खुद फांसी के फंदे पर झूल गई। यह घटना मिर्जापुर जिला में कछवा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव की शनिवार रात घटित हुई। अभी तक हालांकि घटना की वजहों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया अंध. विश्वास माना जा रहा है।

पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर ने बताया कि सेमरी गांव निवासी हरिश्चंद्र बिद शाम को गृहस्थी का सामान लेने गया था। शाम लगभग सात बजे जब घर लौटा, तो कच्चे मकान का दरवा. जा अंदर से बंद था।घर में उसकी पत्नी संगीता (35) चार साल का पुत्र शिवांश और चौदह माह का पुत्र शुभांशु था। दरवाजा तोड़कर खोलने पर संगीता फांसी के फंदे पर लटकीं थी। दोनों पुत्रों के मुंह में कपड़ा ठूंस कर गला दबा दिया गया था। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने चांच कर लिया है। घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। वहीं हरिश्चंद्र ने बताया कि संगीता इन दिनों मानसिक रोग ग्रस्त थी। भूत प्रेत के चक्कर में ओझा के यहां भी जाती थी। वह मांग में सिदूर भी नहीं लगती थी।

## बिहार में विपक्षी महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी का ऐलान

# सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे

**पटना, वार्ता**



■ बिहार की जनता बीस साल पुराने नीतीश शासन से थक चुकी कानून व्यवस्था की हालत बदतर हुई

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वक्फ एक्ट को खत्म कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी, तो सीमांचल विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। सीमांचल में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में है। तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने का वादा किया था। अब नीतीश कुमार सरकार ने इसे 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन दो हजार रुपए प्रति माह कर दी जाएगी। शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे। इसके बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है।

### विस चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और विधायक समेत पांच जदयू से निलंबित

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड ने बड़ा और सख्त एक्शन लिया है। नीतीश कुमार ने बीते शनिवार को अपने 11 नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आज फिर उनकी पार्टी ने पांच और लोगों पर कार्रवाई की है, इनमें गोपाल मंडल का नाम भी शामिल है। जेडीयू के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने इस निष्कासन का लेटर जारी किया है। जिन प्रमुख नेताओं पर गाज गिरी है, उनमें मुंगेर-जमालपुर के पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, जमुई-चकाई के पूर्व सदस्य विधान परिषद संजय प्रसाद, सीवान-बड़हरिया के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह, भोजपुर-बड़हरा के पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह, शेखपुरा-बरबीघा के पूर्व विधायक सुदर्शन कुमार के अलावा बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी अमर कुमार सिंह, वैशाली की डक्क आसमा परवीन, औरंगाबाद के लव कुमार, कटिहार निवासी आशा सुमन, पूर्वी चंपारण के दिव्यांशु भारद्वाज और सिवान के विवेक शुक्ला शामिल हैं।

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84556.40 |
| निफ्टी | 25891.40 |
| सोना रु. | 125770 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. | 155000 प्रति किलो |

# शेयर बाजार पर दिखेगा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार चौथी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही परिणामों पर होगी।

अगले सप्ताह 28 अक्टूबर को आईआईपी के आंकड़े आने हैं। वहीं कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों की घोषणा भी होनी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल के तिमाही परिणाम 27 अक्टूबर को जारी होंगे। इसके बाद 29 अक्टूबर को भेल, कोल इंडिया, एलएंडटी और सेल के परिणाम आएंगे। अगले दिन 30 अक्टूबर को केनरा बैंक, सिप्ला, हुंडई इंडिया, एनटीपीसी और आईटीसी के तिमाही नतीजे जारी होने हैं। एसीसी सीमेंट, बीईएल, भारत पेट्रोलियम, गेल और मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे 31 अक्टूबर को आएंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तथा अन्य वैश्विक कारकों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली के मौके पर सिर्फ एक घंटे का मुहुर्त कारोबार हुआ, जबकि बुधवार को बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश रहा। मुहुर्त कारोबार समेत पहले तीन दिन बाजार में तेजी रही, जबकि शुक्रवार को गिरावट देखी गई।

इस दौरान पहली बार बीच कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 85,000 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक के पार पहुंचने में सफल रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। सेंसेक्स में साप्ताहिक बढ़त 0.31 प्रतिशत की रही और यह शुक्रवार को 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 0.33 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ सप्ताहांत पर 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 5.84 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व में 3.69 फीसदी, एक्सिस बैंक में 3.49 और टीसीएस में 3.37 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.44 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.43, बीईएल का 2.22, बजाज फाइनेंस का 1.79, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.75, एलएंडटी का 1.70 और भारतीय स्टेट बैंक का 1.69 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा स्टील में 1.31 फीसदी, सनफार्मा में 1.22 फीसदी, आईटीसी में 1.21 फीसदी और टाइटन में 1.08 फीसदी की तेजी रही। इटरनल के शेयर में सबसे अधिक 4.70 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

# सोना के भाव स्थिर चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,770 रुपये है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव आज दिल्ली में 1,15,300 रुपये है। चांदी की कीमत में भी पिछले कुछ दिनों में गिरावट आई है। यह गिरावट 17,000 रुपये की है। आज 1 किलो चांदी की कीमत 155000 रुपये है। देश के महानगरों मुंबई में आज 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,620 रुपये है, जबकि अहमदाबाद में 1,25,670 रुपये है। हैदराबाद और भोपाल में भी आज 22 कैरेट सोने का भाव 1,15,150 रुपये है। लखनऊ और चंडीगढ़ में 22 कैरेट के सोने का भाव 115300 रुपये है, वहीं 24 कैरेट के सोने का भाव 125770 रुपये है। फेस्टिव सीजन खत्म हो गया है, लेकिन लोग अभी भी जमकर सोना खरीदने वाले हैं। इसका कारण शादियों का सीजन है। आने वाले दिनों में शादियों का सीजन आने वाला है। ऐसे में इस दौरान लोग जमकर सोना खरी. दने वाले हैं। वहीं सोने की कीमत की बात करें, तो पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी देखी गई है। धनतेरस वाले

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में रही साप्ताहिक तेजी, बढ़े भाव



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीन के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 30 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 11 रुपए बढ़कर 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 42 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 32 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 69 रुपए और वनस्पति की 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 16 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 21 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई।

तुअर दाल 110 रुपए और उड़द दाल 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल।

### लखीमपुर खीरी में तेंदुआ पिंजरे में कैद

**लखीमपुर खीरी।** जिले के शारदानगर वन रेंज में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। खंभारखेड़ा ग्राम पंचायत के कुंवरापुर गांव में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ बकरी के लालच में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से कुंवरापुर गांव में तेंदुए की दहशत थी। तेंदुआ लगातार गांव के आसपास के खेतों में घूमता दिखाई दे रहा था। रात के समय मवेशियों पर हमला करने की घटनाएं भी सामने आईं। तेंदुए की दहशत इतनी बढ़ गई थी कि ग्रामीण शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड में...**

है, जबकि वाहन उत्सर्जन (7 फीसदी) भी एक प्रमुख कारण है। ग्रीन सेस के माध्यम से सड़क धूल नियंत्रण और स्वच्छ वाहन नीति अपनाना शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने का सबसे प्रभावी कदम होगा। भारत सरकार के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में उत्तराखंड के शहरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषिकेश को 14वां और देहरादून को 19वां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने के लिए ग्रीन सेस से मिलने वाली आय का उपयोग करेगी। मुख्य उद्देश्य- वायु प्रदूषण में कमी और एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार, पुराने प्रदूषणकारी वाहनों पर नियंत्रण- स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को प्रोत्साहन, सड़क धूल, वृक्षारोपण और वायु निगरानी नेटवर्क में सुधार मुख्य विशेषताएं, बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों से ग्रीन सेस वसूला जाएगा। इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन, सोलर और बैटरी वाहनों को छूट दी जाएगी। इससे राज्य को लगभग 100 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की आय होने का अनुमान यह राशि वायु निगरानी, रोड डस्ट नियंत्रण, हरित क्षेत्र विस्तार और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम पर व्यय होगी

### पूजा स्पेशल में बम की अफवाह से हड़कंप

**अलीगढ़ में 40 मिनट तक रुकी रही ट्रेन**

**अलीगढ़।** झारखंड की राजधानी रांची से चलकर दिल्ली के आनंद विहार जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन में बम होने की सूचना पर शनिवार की रात हड़कंप मच गया। यह सूचना सोशल मीडिया के जरिए रेलवे अधिकारियों को मिली थी, उस समय तक ट्रेन अलीगढ़ पहुंच चुकी थी। ऐसे में आनन फानन में अधिकारियों ने ट्रेन को अलीगढ़ में रोक कर खाली कराया और बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरी ट्रेन की जांच कराई गई। आखिर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर 40 मिनट बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

आरपीएफ के सहायक आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार किसी ने शनिवार की रात सोशल मीडिया पर ट्रेन में बम होने की सूचना प्रयागराज मंडल मुख्यालय को दी थी। इसमें बताया गया था कि ट्रेन नंबर 02877 रांची-आनंद विहार पूजा स्पेशल एक्सप्रेस में बम है। इस सूचना पर मंडल मुख्यालय ने ट्रेन की लोकेशन चेक क। उस समय यह ट्रेन अलीगढ़ पहुंचने वाली थी, ऐसे में आनन फानन में इस ट्रेन को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर रोका गया। इसके बाद अलीगढ़ आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह, जीआरपी प्रभारी संदीप तोमर, क्राइम इंटेलिजेंस, सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा की टीम ने ट्रेन को चेक किया।

# यूपी में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, वार्ता**

■ छठ पूजा पर बरसेंगे बदरा पड़ेगी कड़ाके की सर्दी
■ बरेली और मुजफ्फरनगर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे

यूपी अब सुबह और शाम को ठंड बढ़ने लगी है। दिन के समय में मौसम शुष्क बना हुआ हैं, जबकि सुबह और रात के समय में कहीं-कहीं छिछला कोहरा और धुंध छा रही हैं। यूपी में आज 26 अक्टूबर को भी ऐसा ही मौसम रहा, लेकिन सोमवार से मौसम बदल रहा है। आईएमडी ने प्रदेश में अगले चार दिन बारिश का अनुमान जताया है, जिससे सर्दी बढ़ जाएगी।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम शुष्क रहेगा। दिन के समय आसमान साफ रहेगा और धूप निकलेगी, जबकि सुबह और शाम के समय में धुंध और छिछला कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है। शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीणों क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई हैं और लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। 27 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जो हिमालयी क्षेत्र से टकराने वाला है। जिसका असर उत्तर प्रदेश पर भी दिखाई देगा और मौसम एकदम बदल जाएगा। छठ पर्व पर बादल छाने की संभावना है, जिससे व्रती महिलाओं को परेशानी हो सकती है, कई जगहों पर बारिश भी होगी। सोमवार से अगले चार दिन प्रदेश में कई जगहों पर बारिश होने के आसार बने हुए हैं। 27-28 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना है।

पूर्वी यूपी के भी दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार बने हुए हैं। 29 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि पूर्वी यूपी में कहीं गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। 30 अक्टूबर को भी पूर्वी संभाग में बारिश होगी और पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान कोई खास चेतावनी नहीं दी गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तीन साल में देश के 23 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे उत्तराखंड

■ पर्यटन को बढ़ावा देने को धामी सरकार कर रही लगातार प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पिछले तीन वर्षों में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं, साफ झलक रहा है कि पर्यटन- तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए जारी पुष्कर सिंह धामी सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। इससे होम स्टे, होटल, ढाबा संचाल. कों, महिला स्वयं सहायता समूहों से लेकर परिवहन कारोबारियों तक की आजीविका को सहारा मिला है।

प्रदेश सरकार के प्रयासों से उत्तराखंड में पर्यटन- तीर्थाटन लगातार बढ़ रहा है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक उत्तराखंड में बीते तीन साल में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। खास बात यह है कि उत्तराखंड का पर्यटन अब बहुआयामी हो चला है, पर्यटक

पर्यटन उत्तराखंड की आर्थिकी आधार है। पर्यटन- तीर्थाटन का लाभ सीधे तौर पर स्थानीय लोगों को मिलता है। इसलिए सरकार वर्षभर पर्यटनख्रतीर्थाटन गतिविधियों को जारी रखने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरों से उत्तराखंड में तीर्थाटन- पर्यटन को बल मिला है।: **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**



बड़े शहरों और चुनिंदा हिल स्टेशन तक ही सीमित नहीं बल्कि दूर दराज के छोटे छोटे पर्यटक स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं। इसी के साथ राफ्टिंग, ट्रैकिंग, बंजी जम्पिंग, पर्वतारोहण जैसी साहसिक गति. विधियों में भी देश ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों की भी भागीदारी बढ़ी है।

इससे पर्यटन का लाभ प्रदेश के लाखों लोगों तक प्रत्यक्ष तौर पर पहुंच रहा है, इसमें होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे संचालक, परिवहन कारोबा. री, महिला स्वयं सहायता समूह शामिल है। प्रदेश में इस समय छह हजार अधिक होम स्टे संचालक सीधे तौर पर बढी हुई पर्यटन गति. विधियों के सीधे लाभार्थी बनकर उभरे हैं।

तीर्थाटन भी बूम पर

प्रदेश में तीर्थाटन गतिविधियां भी काफी बढ़ गई है। इस वर्ष अब तक चारधाम यात्रा में ही तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख को छू रही है। केदारनाथ, यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस साल 4300 से अधिक घोड़े, खच्चर संचालकों ने अपनी सेवाएं दी। प्रदेश सरकार अब शीतकालीन यात्रा को भी बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा से भी पिथौरागढ़ के सीमांत क्षेत्र में तीर्थाटन, पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

## जोशी ने नई दिल्ली में सांसद अनिल बलूनी से की शिष्टाचार मुलाकात



नई दिल्ली। उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को नई दिल्ली में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी से शिष्टाचार भेंट की।भेंट के दौरान दोनों जनप्रति. निधियों ने प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने सांसद बलूनी को उत्तराखण्ड में चल रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा केंद्र से प्राप्त हो रहे सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने सांसद बलूनी को "हाउस ऑफ हिमालयस" के उत्पाद भी भेंट किए।

# जल्द दी जाएगी सेब उत्पादक किसानों की सब्सिडी

■ मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की ली बैठक मिशन एप्पल, अति सघन बागवानी योजना लाभार्थियों का होगा सत्यापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्यान विभाग के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक संचालित मिशन एप्पल और वर्ष 2023-24 से संचालित सेब की अति सघन बागवानी योजना के लाभार्थी किसानों की लंबित राज सहायता का भुगतान प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने रविवार को ही प्रमुख सचिव न्याय, सचिव वित्त और सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण के साथ बैठक कर, लाभार्थी किसानों को तत्काल राज सहायता उपलब्ध कराने के लिए सोमवार 27 अक्टूबर से ही भौतिक सत्यापन सहित अन्य प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लम्बित राजसहायता की धनराशि जारी करने से सम्बन्धित समस्त औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में सेब की बागवानी योजना के लिए 35.00 करोड़ रुपए बजट की व्यवस्था है। किसानों को राज सहायता उपलब्ध कराने के लिए यदि और धनराशि की आवश्यकता होगी तो राज्य सरकार द्वारा उसकी व्यवस्था भी की जायेगी। मुख्य सचिव ने सम्बन्धित मुख्य - जिला उद्यान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मिशन एप्पल और सेब की अति सघन बागवानी योजनान्तर्गत कृषकों के लम्बित राजसहायता के भुगतान के लिए दिनांक 27.10.2025 से ही भौतिक सत्यापन एवं अन्य औपचारिकताओं की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए।

सरकार कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मिशन एप्पल और सेब की अति सघन बागवानी योजना के लाभार्थी किसानों की लंबित राज सहायता का भुगतान शीघ्रता के साथ कराया जाएगा। सोमवार से ही इसकी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।: **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

## कृषि मंत्री जोशी ने सुना 'मन की बात' का 127वां संस्करण

**देहरादून/नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कृषि, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें संस्करण को सुना।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का संवाद न केवल जनभावनाओं को स्पर्श करता है, बल्कि प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य, गर्व और आत्मनिर्भरता की भावना भी जागृत करता है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों के साथ हृदय से संवाद का एक पवित्र माध्यम बन चुका है।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' केवल संवाद नहीं बल्कि जनजागरण का अभियान है, जो एकता, संस्कृति और स्वावलंबन के मूल्यों को नई ऊँचाई देता है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को 'वन्देमातरम्' के 150वें वर्ष के अवसर पर इसके गौरवगान में स्वत: स्फूर्त भागीदारी करनी चाहिए।

# मानकों का उल्लंघन करने वालों पर होगी एफआईआर: प्रशासन

■ रोड कटिंग के लिए 10 नवंबर के बाद सिर्फ रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ही अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शहर की अस्त-व्यस्त सड़कों को लेकर सख्त फैसला लिया गया है। सार्वजनिक उपयोगिताओं (बिजली लाइन, पेयजल, सीवरेज, गैस पाइपलाइन) के भूमिगत कार्यों के लिए अब 10 नवंबर के उपरान्त ही और वह भी केवल रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक सड़क खोदने की सशर्त अनुमति दी जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि शहर को लंबे समय तक अस्त-व्यस्त नहीं रखा जा सकता, इसलिए एजेंसियों को समयबद्धता का विशेष ध्यान रखना होगा।डीएम ने पुराने कार्यों को पूर्ण करने के बाद ही नए कार्यों की अनुमति देने और अनुमति के साथ ही डंपिंग जोन की स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 तीरथपाल सिंह की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी न्याय कुमकुम जोशी को यूपीसीएल एवं गेल, एडीबी, यूयूएसडीए के कार्यों की साइट विजिट कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

### सड़क खोदी, तो सुबह तक करनी होगी समतल

डीएम ने यूपीसीएल, गेल, यूयूएसडीए, एडीबी जैसी कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए हैं कि अनुमति से अधिक रोड कटिंग करने, खुदी हुई सड़क को छोड़ देने या मानकों का उल्लंघन करने पर सामग्री की जब्ती और संबंधित एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से प्रशासन गुरेज नहीं करेगा। सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह है कि निर्माण कार्य के लिए खोदी गई सड़क को अगली सुबह तक हर हाल में समतलीकरण कर चलने योग्य बनाना होगा।

### खामी मिली, तो होगा एक्शन

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि इन सभी कार्यों पर जिला प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया टीम पैनी नजर रखेगी। एजेंसियों को स्वयं कार्यों का सुपर. विजन करना होगा। क्यूआरटी के निरीक्षण में यदि बैरिकेडिंग, सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी या अन्य खामियां पाई गईं तो संबंधित विभागों के खिलाफ विधिक एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में देरी (लेट लतिफी) से यदि जनता परेशान हुई तो भी कड़ी कार्रवाई होगी।

### पुलिस का एक्शन,94 मकान मालिकों पर लाखो का जुर्माना

देहरादून।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर दून पुलिस का सत्यापन अभियान लगातार जारी है। जनपद के नगर और देहात के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने बड़े पैमाने पर बाहरी व्यक्तियों और किराएदारों के सत्यापन का अभियान चलाया।

# जातिवादी आग से खेल रहे हरदा, ब्राह्मण प्रेम का नाटक ढोंग: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पूर्व सीएम हरीश रावत पर जातिवादी राजनीति का आरोप लगाया है।

■ भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर लगाया जातिवादी राजनीति आरोप कहा - कांग्रेस की पहाड़ मैदान के बाद जातिवादी राजनीति खतरनाक



प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने चेताया कि कांग्रेस नेता लगातार शिकस्त की बाजी पलटने के लिए देवभूमि का माहौल दांव पर लगा रहे हैं। पहले तुष्टिकरण, फिर पहाड़ मैदान और अब जातिवादी राजनीति का बीज रोपने की उनकी कोशिश बेहद खतरनाक है। उनका तिवारी, बहुगुणा के दौर में यह प्रेम प्रदेशवासियों ने देखा है।

उन्होंने लगातार मीडिया में हरदा के ब्राह्मण समाज को लेकर सामने आ रहे बयानों को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और गैरजिम्मेदाराना बताया है। मीडिया के लिए जारी अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हरदा जातिवादी आग से खेलने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें कांग्रेस ही झुलस सकती है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि विधायक, सासंद, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और जनता ने उन्हें ऐसी बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है, ऐसे में हार को स्वीकारने के बजाय वे समाज तोड़ने और माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हरीश रावत ब्राह्मण समाज के कांग्रेस पार्टी से दूर होने का रोना रो रहे हैं।

ये सब झूठी सहानुभूति जताकर लोगों की आंखों में उनके द्वारा धूल झोंकने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम तिवारी और विजय बहुगुणा के साथ उन्होंने कैसा बर्ताव किया जगजाहिर है, लिहाजा ब्राह्मण समाज से झूठी सहानुभूति की उनकी ये साजिश किसी भी कीमत पर सफल नहीं होगी। क्योंकि मुख्यमंत्री एनडी तिवारी और विजय बहुगुणा का दौर भी जनता को अच्छी तरह याद है कि किस तरह हरदा ने उनकी सरकार को लगातार अस्थिर करने का काम किया। यही हरीश रावत जब पंजाब के प्रभारी बनते हैं तो वहां दलित और राजस्थान जाते हैं तो वहां राजपूत मुख्यमंत्री की बात करते हैं। सच तो यह है कि लगातार असफलता से निराश होकर फिर से वे जातिवादी कार्ड खेलकर देवभूमि का माहौल खराब करना चाहते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश को बांटने और समाज को तोड़ने की राजनीति आगे बढ़ रही है। प्रदेश में नफरत का वातावरण बनाकर अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने की उनकी आखिरी कोशिश जातिवादी कार्ड भी फ्लॉप हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज, कांग्रेस पार्टी की पुरानी नीति पर चलते हुए हरीश रावत देवभूमि में जातिवादी राजनीति से सत्ता हथियाना चाहते हैं। उनके द्वारा राज्य को जातियों में बांटने की इस साजिश को भाजपा किसी कीमत भी पर सफल नहीं होने देगी। प्रदेश की जनता बहुत समझदार और जागरूक है, उसने कभी भी जाति आधारित राजनीति को स्वीकार नहीं किया है। लिहाजा राज्य की शांति को भंग करने वाली हरदा की ये को. शिश कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर ही अंतिम कील साबित होगी।

# कोल्ड स्टोरेज के लिए स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली।** उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं हाउस ऑफ हिमालयस के उत्पाद भेंट किए। काबीना मंत्री ने मुख्यमंत्री को देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन का अनुरोध किया।



■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की शिष्टाचार मुलाकात ,देवभूमि उत्तराखण्ड आने का दिया निमंत्रण

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड में सिजनल फलों के अधिक उत्पादन के दृष्टिगत नई दिल्ली में कोल्ड स्टोरेज के लिए स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।इस दौरान उत्तराखण्ड सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार किए जा रहे हाउस ऑफ हिमालयस उत्पादों की जानकारी दी और मुख्यमंत्री को राज्य के पर्वतीय उत्पादों से जुड़ी हस्तशिल्प एवं जैविक वस्तुओं के प्रचार-प्रसार से अवगत कराया। उन्होंने सुगंध पौध केन्द्र द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद भी मुख्यमंत्री को भेंट किए।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंत्री गणेश जोशी को उत्तराखण्ड में महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के इस सराहनीय प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैंदोली, प्रदेश महामंत्री मुलायम सिंह रावत और दीप कोश्यारी (दीपेंद्र) का भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। पूरे कार्यालय परिसर को भगवा पताक. ाओं, पुष्पमालाओं और बैनरों से सजाया गया था।

भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ (उमेश) अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है। जब युवा शक्ति जाग्रत होती है तो समाज और संगठन दोनों नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं में राष्ट्र निर्माण की नई चेतना आई है।

युवा मोर्चा उसी ऊर्जा, संकल्प और सेवा भावना का प्रतीक है।भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जो सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। संगठन में युवाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जा रहे हैं, इसलिए हर युवा कार्यकर्ता को अपने कार्य से उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और यदि यह शक्ति सही दिशा में लगाई जाए तो भारत विश्व में अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लें।




■ भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल बोले - युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति

सिद्धार्थ अग्रवाल जी ने युवामोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैंदोली, प्रदेश महामंत्री मुलायम सिंह रावत और दीप कोश्यारी (दीपेंद्र) तीनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक खजान दास, दर्जाधारी राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ढिल्लों, सुनील शर्मा, संकेत नौटियाल ,जगदीश सेमवाल, ओम कक्कड़ ,अक्षत जैन, राजेश बडोनी, हरीश डोरा, आशीष नागरथ, समीर ढोबले ,विनोद शर्मा ,मोतीराम, संदीप बिजवान आदि युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद", "युवा शक्ति ख्र देश की शक्ति" और "मोदी है तो मुमकिन है" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

# लोकल फॉर वोकल को चरितार्थ कर रहे मोदी:कुलदीप

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजपुर विधानसभा के विधायक खजान दास के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला संपन्न हुई।

कार्यशाला में राजपुर विधानसभा के तीनों मण्डल करणपुर, अंबेडकर, एवं डालनवाला मंडल का संयुक्त रूप से सम्मेलन संपन्न हुआ।

सम्मेलन का संचालन करनपुर मंडल अध्यक्ष राहुल लारा ने किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता कुलदीप कुमार प्रदेश संयोजक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। देश में छोटे-छोटे लघु उद्योग धंधों का पुन: जीवित किया जा रहा है। छोटे-छोटे उद्योग धंधे समाप्ति की ओर चले गए थे।

आज हस्तशिल्प ग्रामीण कारीगरों द्वारा स्वनिर्मित स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण बहुत तेजी के साथ हो रहा है। आज से लगभग 60 वर्ष पूर्व दत्तता. पंत ठेंगड़ी ने स्वदेशी चेतन को जगाने का संकल्प लिया था। उसी दिशा में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकल फॉर वोकल को चरितार्थ कर रहे हैं। हम सभी को आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वदेशी अपनाने की बहुत अधिक आवश्यकता है।




■ विधायक खजान दास के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला आयोजित

महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि वह समय आ गया है कि हमें आत्मनिर्भर बनना ही होगा, इसके लिए हमें स्वदेशी अपनाने की।राजपुर विधानसभा के विधायक खजान दास ने सभी से आग्रह किया कि वह स्वदेशी अपनाएं और सभी कार्यकर्ताओं को अपने स्थान पर खड़े होकर के यह भी शपथ दिलाई की हम सभी लोग आज से अभी से स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान प्रदान करेंग।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, राज्य मंत्री प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल, मधु भट्ट ,भगवत प्रसाद मकवाना, अशोक वर्मा ,जोत सिंह बिष्ट, विशाल गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष पंकज शर्मा, राहुल लारा, महामंत्री अवधेश तिवारी, साक्षी, शंकर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष उमा नरेश तिवारी, विनोद शर्मा, हरीश नारंग, अक्षत जैन, राहुल पँवार, रानी सैनी, अंकुर जैन,पूनम, पार्वती ,सुभम जैन, दीपक जैती, प्रियंका आनंद, वीरेश जैन,कुलवंत सूद, मनोज पटेल,नवीन आदि कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

## कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

**डोईवाला-** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127 वें संस्करण को सुना। नगर क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के संदेशों को सुना प

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत जनभागीदारी के बल पर नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि जब जनता का प्रयास शासन के प्रयास से जुड़ता है, तब देश की प्रगति सुनिश्चित होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर स्वदेशी, हर हाथ रोजगार' का संद. ेश देते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग न केवल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाता है।

# गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे: जुगरान

■ गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज को बचाने के लिए इंटर कॉलेज प्रबंधन की बैठक आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि 100 वर्ष पुराने 1925 में स्थापित गोरखा मिलिट्री इंटर कालेज को बचाने के लिए इंटर कालेज प्रबंधन की एक बैठक विद्यालय में आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने उपस्थित महानुभावों को विश्वास दिलाया की गोरखा मिलिट्री इंटर कालेज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। विदित हो कि सैना द्वारा गोरखा मिलिट्री इंटर कालेज को 90 वर्ष की लीज दी गई थी, जो समाप्त हो चुकी है और विद्यालय को खाली करने का नोटिस मिल चुका है। फिलहाल देहरादून की निचली अदालत से गोरखा मिलिट्री इंटर कालेज प्रबंधन को स्टे मिला हुआ है। कहा की इस ऐतिहासिक कालेज से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले अनेक छात्र पढ़ाई कर के निकले हैं।



यहीं के छात्रों ने अनेक युद्धों में अपनी शहादत देकर महावीर चक्र, वीर चक्र आदि गैलेंटरी अवार्ड प्राप्त किये। बैठक में प्रबंध समिति के मैनेजर वरिष्ठ अधिवक्ता एलबी गुरुंग , अध्यक्ष कर्नल थापा , उपाध्यक्ष खत्री, सलाह कार सेवा. निवृत्त ब्रिगेडियर गुरुंग इंटर कालेज की प्रधानाचार्य दीपाली थपलियाल आदि उपस्थित थे।

# टैक्सी चालकों की मनमानी: यात्री हलकान

यात्रियों की मजबूरी का जमकर फायदा उठा रहे है टैक्सी चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अल्मोड़ा।** हल्द्वानी समेत अन्य रूटों पर टैक्सी चालकों द्वारा मनमान किराया वसूला जा रहा है। इससे यात्रियों की जेब ढीली होने के साथ ही तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं टैक्सी चालक हल्द्वानी जाने के लिए यात्रियों से एक हजार रुपये तक मनमाना किराया वसूल रहे है। दरअसल, दीवाली पर्व के बाद प्रवासियों का गंतव्य को लौटने का सीलसिला जारी है। स्टेशन में यात्रियों की इन दिनो भीड़ जुट रही है। लेकिन यात्रियों की मजबूरी का टैक्सी चालक जमकर फायदा उठा रहे है। हालत यह है कि टैक्सी चालक हल्द्वानी



तक के सफ़र के लिए प्रति यात्री एक हजार रुपये वसूल रहे है। जबकि हल्द्वानी तक का किराया करीब 400 रुपये है। जबकि अन्य रूटों पर भी टैक्सी संचालक यात्रियों से दोगुना किराया वसूल रहे हैं, जिससे यात्रियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। आपके अपने प्रिय समाचार पत्र शाह टाइम्स ने रविवार को नगर के टैक्सी स्टैड समेत रोडवेज और केमू स्टेशन में यात्रियों से बातचीत की। इस दौरान यात्री भूमित सिंह, गणेश रावत, हरीश चंद्र, अनिता बिष्ट, हषित दुर्गापाल आदि ने बताया कि वह सुबह सात बजे टैक्सी स्टैड पहुंच गए थे। उन्होंने हल्द्वानी जाना था, बताया कि टैक्सी चालक हल्द्वानी जाने के लिए एक हजार रुपये किराया वसूल रहे है। जबकि अन्य यात्रियों ने मनमाना किराया वसूलने की शिकायत की है। अल्मोड़ा रोडवेज और केमू स्टेशनों में पर रविवार को बसों में सीट पाने के लिए यात्रियों की होड़ रही। यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर बसे कम पड़ गई तो रोडवेज ने कई रूटों पर अतिरिक्त बस का संचालन किया। वहीं, बसों में पहले सीट पाने के लिए यात्रियों में होड़ रही। जबकि ग्रामीण रूटों पर आने जाने के लिए यात्रियों को वाहनों के लिए भटकना पड़ा। आरटीओ अनीता चंद ने बताया कि सभी रूटों पर सख्ती से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ओवर लोडिंग पर भी कई चालकों पर कार्रवाई की गई है। संचालकों और चालको को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है।

# बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार जिम्मेदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड जन स्वास्थ्य संघर्ष मोर्चा ने पहाड़ों में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली पर रोष जताया। रविवार को स्वास्थ व्यवस्था को लेकर प्रेस वार्ता की। इस दौरान वक्ताओं ने जिले की बदहाल सेवाओं को लेकर सरकार को जिम्मेदार बताया। प्रेस वार्ता के दौरान मोर्चा के संयोजक और उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण ही आज स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने चिकित्सा संबंधी समस्याओं पर जनसुनवाई, स्वतंत्र न्यायिक आयोग की स्थापना, प्रत्येक ब्लॉक व क्षेत्र में मॉडल अस्पताल, निर्धारित मानकों के अनुसार डाक्टर व सेवाएं, भ्रष्टाचार और अराजकता पर नियंत्रण आदि की मांग की। प्रेस वार्ता में उपपा केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंदी वर्मा, अधिवक्ता नारायण राम, मोहम्मद साकिब आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्री नंगली आश्रम में 28 अक्टूबर को शुरु होगा श्रीरामचरित मानस का पाठ

**काशीपुर।** सुभाष नगर स्थित श्री नंगली आश्रम की सचिव रुचिबाई जी ने बताया कि आश्रम में में तीन दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार 28 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे। मंगलवार प्रात: 9 बजे श्रीरामचरितमानस का पाठ रखा जाएगा जो कि अगले दिन प्रात: 9 बजे तक चलेगा, तदुपरांत भोग लगाया जाएगा। बुधवार को रात्रि 8 बजे से 1 बजे तक सत्संग प्रवचन होंगे जबकि वृहस्पतिवार सुबह 9 बजे से आश्रम से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि शुगर मिल रोड व एलआईसी रोड से आवास विकास होते हुए आश्रम पहुंचेगी। तत्पश्चात 108 दीप प्रज्ज्वलित कर महाआरती होगी और फिर प्रसाद वितरण के उपरांत भण्डारा होगा। रुचिबाई जी ने बताया कि ये सभी कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष शुद्ध महेशानंद जी की अध्यक्षता में संपन्न होंगे, जिसमें चमन सिंह, आकाश गुप्ता पत्रकार, खुवती, कमलेश चुघ, नीरज उपाध्याय, अभिषेक उपाध्याय, शिवम् प्रजापति, शिवानी प्रजापति, माया प्रजापति का विशेष सहयोग रहेगा।

### मानव जन्म दुर्लभ है, इसे भगवान की आराधाना में लगाकर जीवन को सार्थक करें

**बागेश्वर।** गरुड़ कोट भ्रामरी मंदिर में आज कथा का तृतीय दिवस पर कथा में व्यास आचार्य रवि शंकर काण्डपाल ने कथा के माध्यम से बताया कि हम भगवान श्री कृष्ण की आराधना कर अपने जीवन को कृतार्थ कर सकते हैं क्योंकि चौरासी लाख योनियो को भोगने के बाद हमे एक बार मानव तन प्राप्त होता है और हम इसे भी व्यर्थ में गवा देते हैं। इस अवसर पर महेश, विपिन, मयंक, कमल, भुवन, किशोर चन्द भट्ट, कैलाश गुरु, मुख्य यजमान दया कृष्ण लोहुमी एवं सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

### युवक के सिर पर डंडा मारकर घायल किया

**काशीपुर।** काम से घर लौट रहे एक युवक के सिर पर दूसरे युवक ने डंडा मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ़ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम खड़कपुर देवीपुरा निवासी मंजू ने बताया कि बीती 20 अक्टूबर की देर रात करीब 12 बजे उसके पति नन्हे सिंह सुल्तानपुर पट्टी से अपने काम से वापस आ रहे थे तभी घर के पास ही कोमल पुत्र धर्मपाल निवासी खड़कपुर देवीपुरा ने बिना किसी वजह से उसके पति के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर उसके पति को कोमल ने मारपीट करते हुए सिर पर डंडे से प्रहार करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलावस्था में उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद रोड स्थित एक हॉस्पिटल में रेफर कर दिया जहां आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### जिलाधिकारी का जनता मिलन कार्यक्रम आज

बागेश्वर। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशन में प्रत्येक सोमवार को प्रात: 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, में जनता दरबार/जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण करेंगे।

### आवासीय मकानों के बीच भर-भराकर गिरा पेड़

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र के सिकुड़ा बैंड में रविवार दोपहर बाद एक बड़ा हादसा टल गया जब अचानक एक विशाल चीड़ का पेड़ दो आवासीय मकानों के बीच भर-भराकर गिर पड़ा। घटना के दौरान आसपास जोरदार आवाज सुनाई दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के समय किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली। पेड़ के गिरने से दोनों मकानों की दीवारों और छतों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज हवाओं के चलते पेड़ की जड़े कमजोर हो गई थी। बताया कि कई बार प्रशासन को भी मामलें को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

### सीवरेज कार्य को पूरा करने की मांग

**अल्मोड़ा।** डे-केयर संस्था की रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। राजकीय संग्रहालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने बंदरों की समस्या से निजात दिलाने, भवनों की पैमाइश के नोटिस को लेकर स्थिति स्पष्ट करने, सीवरेज कार्य को पूरा करने समेत कई मांगों को उठाई। वक्ताओं ने शासन प्रशासन से जल्द समस्याओं का निदान उठाने की मांग की। यहां बैठक में मोहन चंद्र कांडपाल, हेम चंद्र जोशी, आनंद सिंह बगडवाल, डक्क गोकुल सिंह, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, पीएस सत्याल, गिरीश जोशी, चंद्रमणी भट, आनंदी वर्मा, पुष्पा कैड़ा, तारा चंद्र शाह, बलवंत सिंह बिष्ट, बाला दंत कांडपाल, किशोर जोशी आदि मौजूद रहे।

# विधायक चीमा ने किया विकास कार्यो का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने शनिवार को क्षेत्र में 48.40 लाख की लागत से बनने वाले चार विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास ही उनकी प्राथमिकता है, और जैसे-जैसे धन की उपलब्ध्ता होगी, प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

विधायक चीमा ने बताया कि वार्ड नंबर 05 ओम विहार कॉलोनी में अशोक कुमार के घर से मोहित के मकान तक 180 मीटर खड़ंजा निर्माण, गली नंबर 01 में अमर सिंह के घर से राम नरेश के घर तक 75 मीटर खड़ंजा निर्माण,



गली नंबर 05 में जय नारायण सिंह के मकान से श्याम के मकान तक 48 मीटर खड़ंजा निर्माण तथा गली नंबर 07 में ग्रीस चन्द्र के मकान से सुधीर के मकान तक 47 मीटर खड़ंजा निर्माण कार्य किया जाएगा। इन कार्यों के पूरा हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और सड़कों की स्थिति में सुधार होगा। विधायक चीमा ने कहा कि सभी मार्गों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों की निगरानी में सहयोग करें, ताकि सभी कार्य समय पर और मानक के अनुरूप पूरे किए जा सकें। इस अवसर पर पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, खिलेन्द्र चौधरी, आशीष गुप्ता, गुरविन्दर सिंह चंडोक, पीयूष मित्तल, पार्षद कदीर मलिक, दुर्गेश श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोबाइल की दुकान में चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**काशीपुर।** एक मोबाइल की दुकान से लाखों रुपये कीमत के मोबाइल, लैपटॉप व अन्य सामान चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि महुआखेड़ागंज निवासी नईम अहमद ने बीती 20 अक्टूबर को कुंडा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी थी। इसमें कहा था कि उसकी जसपुर रोड पर बैलजुड़ी में मोबाइल की दुकान है। बीती 9 अक्टूबर की रात चोर ने उसकी दुकान का शटर तोड़कर अलग-अलग कंपनी के 12 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक एलसीडी, एक साउंड बॉक्स चोरी कर लिया था। दुकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कुंडा थाना पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। एसएसपी ने बताया कि चोरी के खुलासे को गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और मैनुअल पुलिसिंग के माध्यम से कार्रवाई करते हुए बिजनौर के अफजलगढ़ के हिस्ट्रीशीटर अपराधी सुहैल ऊं सोनू को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी किए गए आठ स्मार्टफोन, एक सैमसंग एलसीडी, एक साउंड बॉक्स व अन्य सामान बरामद किया गया है।

# वरिष्ठ पत्रकार स्व. करायत की पुण्यतिथि पर पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागेश्वर।** प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य, काफल साप्ताहिक समाचारपत्र के स्वामी संपादक और वरिष्ठ आंदोलनक. ारी स्वर्गीय हरीश करायत की पुण्यतिथि के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी प्रेस क्लब बागेश्वर के द्वारा स्वर्गीय करायत की स्मृति में श्रद्धांजली सभा और पौधरोपण किया गया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष चन्दन सिंह परिहार, वरिष्ठ पत्रकार रमेश पाण्डेय कृषक, घनश्याम जोशी, महीप पाण्डेय, समाजस. ेवी नरेंद्र सिंह खेतवाल, वृक्षमित्र किशन सिंह मलड़ा व रमेश प्रकाश पर्वतीय ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय करायत के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। अध्यक्ष परिहार ने स्वर्गीय करायत की जीवनी संस्मरणों और योगदान पर सविस्तार प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। क्लब के उपाध्यक्ष हरीश सिंह नगरकोटी के अलावा अन्य वद्राओं ने भी स्वर्गीय करायत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें और उनके जीवन, व्यक्तित्व से जुड़े संस्मरणों को सामने रखते हुए अपने- अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर वृक्षमित्र किशन सिंह मलड़ा जी द्वारा सभी आगुंतक जनों को विभिन्न प्रजाति के पौधों का वितरण भी किया गया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत क्लब परीसर में स्थित गिरदा वाटिका में संयुक्त रूप से विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर पत्रकार मनोज सिंह टंगड़िया, राजकुमार सिंह परिहार, चन्दन सिंह गड़िया, हिमांशु गड़िया, गणेश जनोटी, अखिल जोशी, मनोज कुमार आदि भी उपस्थित थे।

# सैनिक जगदीश चंद्र जोशी को 'कुमाऊं एवं नागा रेजिमेंट' की ओर से मिला सम्मान


**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागेश्वर।** सेना से सेवानिवृत्त होकर भी देशसेवा का जज्बा जिनके भीतर जीवित है, ऐसे ही प्रेरक व्यक्तित्व हैं लांस नायक (सेवानिवृत्त) जगदीश चंद्र जोशी। समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें कर्नल ऑफ द कुमाऊँ एंड नागा रेजिमेंट की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2025 में सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय सेवाएँ देने पर दिया गया। रेजिमेंट की ओर से जारी प्रशंसा पत्र में कहा गया है कि जोशी ने सेवा काल में प्रदर्शित अनुशासन, निष्ठा और समर्पण को नागरिक जीवन में भी जारी रखते



हुए समाज के उत्थान के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। उनके कार्यों ने रेजिमेंट की गौरवशाली परंपरा को और ऊँचा किया है। प्रशंसा पत्र पर लेफ्टिनेंट जनरल आर. सी. तिवारी, कर्नल ऑफ द रेजिमेंट, के हस्ताक्षर हैं। इसमें जोशी के सामाजिक योगदान को उत्कृष्ट और अनुकरणीय बताते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की गई है। सम्मान प्राप्त करने पर जोशी ने कहा कि कुमाऊँ रेजिमेंट ने हमें देश और समाज के प्रति समर्पण का जो संस्कार दिया, वही मेरी प्रेरणा है। यह सम्मान मेरे साथ-साथ रेजिमेंट के हर सैनिक को समर्पित है। उनके इस सम्मान से पूरे बागेश्वर क्षेत्र में गर्व और प्रसन्नता का माहौल है। स्थानीय लोगों और पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने भी जोशी को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह सम्मान पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।

# धारानौला क्षेत्रा में गुलदार की चहलकदमी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अल्मोड़ा।** नगर के धारानौला में इन दिनों गुलदार की धमक से लोग दहशत में हैं। आए दिन आबादी क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी से लोग खौफ़जदा है। गुलदार की चहलक. दमी सीसीटीवी में कैद होने के बाद लोगों में दहशत बढ़ गई है। लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार के आतंक से लोग परेशान हैं। शहर में भी गुलदार की चहलकदमी आए दिन सीसीटीवी में कैद हो रही है। वहीं, इन दिनों धारानौल के न्यू कॉलोनी समेत अन्य रिहायशी इलाकों के पास गुलदार की चहलकदमी ने लोगों में



भय पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों ने कहा आए दिन क्षेत्रवासी गुलदार की धमक से परेशान हैं। शाम होने से पहले लोग घरों में दुब. कने को मजबूर हैं। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला पहुंची नैनीताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नैनीताल।** प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला रविवार को नैनीताल पहुंचीं। नैनीताल पहुंचते ही फैंस ने उन्हें घेर लिया और सेल्फी लेने के लिए



उमड़ पड़े। इस दौरान उर्वशी ने नैनीताल के मशहूर मोमो का स्वाद भी लिया और कहा कि उन्हें यहां का मौसम और माहौल बेहद पसंद है। उर्वशी ने बताया कि उनका बचपन से नैनीताल से खास जुड़ाव रहा है और यह जगह उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि नैनीताल मेरा ननिहाल है यहां आकर हमेशा पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। बता दें शनिवार को उर्वशी जागेश्वर धाम और कैंची धाम में दर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड में हवाई कनेटिविटी बेहतर हो गई है जिससे यहां आना काफी आसान हो गया है। उर्वशी ने यह भी कहा कि नैनीताल शूटिंग के लिहाज से बेहद खूबसूरत स्थान है और वह भविष्य में यहां अपनी फि ल्मों की शूटिंग करना चाहेंगी। उन्होंने बताया कि अब पंतनगर एयरपोर्ट के माध्यम से नैनीताल तक पहुंचना सुविधाजनक हो गया है जिससे फिल्म यूनिट्स के लिए यहां शूटिंग करना पहले से कहीं आसान हो गया है।

# आईएमटी में उधम सिंह नगर की टीम का चयन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिटड्ट ऑफ़ मैनेजमेंट एवं लॉ कॉलेज में द मिनी गोल्फ एसोसिएशन आफ़ उत्तराखंड द्वारा जिला उधम सिंह नगर की टीम का चयन किया गया। द मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड द्वारा जिला उधम सिंह नगर की टीमों का चयन बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया जिसमें उधम सिंह नगर की जेसिस् पब्लिक स्कूल रुद्रपुर, डी.पी.एस रूद्रपुर, भारतीयम स्कूल रुद्रपुर, आर्यन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर की टीमों के बालक एवं बालि. का वर्ग के खिलाड़ियों ने



ट्रायल दिया। टीमों के चयनकर्ता में राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रगति दुमका, श्वेता भाकुनी, कशिश शर्मा रहे। सिटी मिनी गोल्फ एसोसिएशन काशीपुर के सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि उक्त ट्रायल सभी टीमों के 50 छात्र-छात्रों के द्वारा दिया उद्र ट्रायल में रुद्रपुर एवं जिला उधम सिंह नगर की अंडर-19 टीमों का चयन किया गया इसमें पूर्व विगत माह काशीपुर की अंडर-19 टीमों का भी चयन किया जा चुका है शीघ्र ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी चयनित खिलाड़ियों को खेलने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नीरज आत्रेय, कार्यकारिणी सदस्य दामिनी, नागेंद्र शर्मा, पी.के.बक्शी, डॉक्टर विशाल शर्मा, लोकेश पांडे, जया पांडे, अनमोल कुमार, बबलू दिवाकर, भूपेंद्र सिंह, हर्षिता, मयंक सहित अनेको खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नैनीताल।** 39वीं नैनीताल समाचार निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कक्लेज के सभागार में हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर धनेश पांडे ने की तथा बाल प्रहरी के संपादक उदय किरौला समारोह के मुखय अतिथि थे। समारोह का संच. ालन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की डा श्रुति पंत बनर्जी ने किया। इससे पूर्व नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन साह ने कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष एवं मुखय अतिथि का व्यापक परिचय दिया। मुखय अतिथि उदय किरौला आज भी बच्चों के बीच आन लाईन के माध्यम से व्यापक रूप से जुड़े रहते



हैं। उन्होंने बच्चों के साथ के अपने संस्मरण और अनुभव श्रोताओं का बताए। उन्होंने बताया कि बच्चों से हम कया-कया सीख सकते हैं।

मुखय अतिथि प्रोफेसर धनेश पांडे ने अपने संबोधन में निबंध लेखन और भाषा की सरलता पर व्यापक व्याखयान दिया। अंत में प्रतियोगिता में सफ ल रहे प्रतियोगी वरिष्ठ वर्ग में सुनयना तथा कावया जोशी तथा कृतिका बिष्ट व रिया वर्गली व आयुष्मान पचो. लिया तथा रोजम मध्यम वर्ग के विजेता हर्षित अधिकारी व वंशिका तथा मौलश्री तथा महेश व कनिष्का वर्मा तथा स्वास्तिका तथा हितेश एवं कनिष्ट वर्ग के विजेता झनविका गुणवन्त समेत चंपा मेहरा व वासु त्यागी समेत खुशी व खुशबू बिष्ट तथा हर्ष जोशी को समानित किया गया। प्रतियोगिता की चल वैजयन्ती सील्ड भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल ने प्राप्त की।

समारोह में युगमंच के जहूर आलम समेत महिला मंच की डा उमा भट्ट व डा शीला रजवार व माया चिलवाल समेत हाईकोर्ट बार एसो. शिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता के अलावा अमन बजाज व यतीश पंत व त्रिभुवन फर्त्याल समेत प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल बिशन सिंह मेहता के अलावा नीलम जोशी सभी बच्चे एवं उनके अभिभावक आदि इस समारोह में मौजूद रहे जबकि नैनीताल समाचार की टीम से हरीश पंत व संजीव भगत समेत उमेश तिवाड़ी विश्वास के अलावा लाल सिंह चौहान व हरीश पाठक व मनमोहन चिलवाल व विनीता यशस्वी समेत जय जोशी व अजय कुमार व कन्चन समेत श्याम व दीपक आदि मौजूद रहे। अंत में दिनेश उपाध्याय द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

# वीकेंड पर बढ़ा ट्रैफिक दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नैनीताल।** वीकेंड के दौरान नैनीताल जिले में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का नैनीताल समेत भीमताल व मुक्तेश्वर तथा कैंचीधाम सहित अन्य पर्यटक स्थलों की ओर आवाजाही लगातार बनी हुई है। बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा यातायात को सुचारु बनाए रखने हेतु प्रभावी ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। बता दें कि वीकेंड पर जनपद नैनीताल में बढ़े यातायात दबाव के बीच एसएसपी के निर्देशन में पुलिस कर्मी दिन-रात पूरी निष्ठा से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में जुटे हैं।भारी वाहनों हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं साथ ही कैंचीधाम की ओर जाने वाले पर्यटकों के लिए विशेष शटल सेवा व्यवस्था की गई है जिसके तहत नैनीताल व ज्योलीकोट से कैंचीधाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सेनिटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जा रहा है जहाँ से उन्हें शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम भेजा जा रहा है जबकि भीमताल मार्ग से कैंचीधाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को विकास भवन पार्किंग में रोका जा रहा है जहाँ से शटल सेवा के जरिए श्रद्धालु कैंचीधाम पहुँच रहे हैं। इस दौरान भीमताल तिराहे के पास काठगोदाम क्षेत्र में एवम भीमताल क्षेत्र में सडक पर टेकनिकल समस्या के कारण वाहनों तथा डंपर व ट्रेवलर के खराब हो जाने के कारण कुछ समय के लिए यातायात धीमा हुआ था जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता से शीघ्र कार्रवाई करते हुए किनारे लगवाया गया।

# नैनीताल में संवाद वेलनेस मेला का शुभारंभ

नैनीताल। पुलिस लाइन नैनीताल में आयोजित दो दिवसीय संवाद वेलनेस मेला का शुभारंभ कुमायूँ कमिश्नर दीपक रावत एवं पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ रिद्धिम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कुमायूँ कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि आईजी कुमायूँ की यह पहल पुलिस बल में सकारात्मकता तथा संवाद और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि वेलनेस मेला पुलिस कर्मियों व उनके परिवारों को स्वास्थ्य तथा शिक्षा व कैरियर तथा मानसिक परामर्श एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी सेवाएँ एक ही मंच पर मुहैया करा रहा है जो वास्तव में एक समग्र कल्याण मॉडल को दर्शाता है।मेले में कुमायूँ परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों से आए पुलिस कर्मियों के बच्चों व अभिभावकों के लिए दिल्ली से आए विशेषज्ञ काउंसलरों द्वारा करियर मार्गदर्शन कार्यशालाएँ आयोजित की गई जिनमें लगभग कई छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।कुमायूँ कमिश्नर ने सुझाव दिया कि इस प्रकार के वेलनेस व संवाद कार्यक्रम केवल पुलिस विभाग तक सीमित न रहकर अन्य सरकारी विभागों में भी आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे शासन-प्रशासन में संवेदनशीलता और मानवीय जुड़ाव को बल मिलेगा। इस अवसर पर एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा समेत एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्र सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल तथा गाइडेंस फॉर कैरियर नई दिल्ली के काउंसलर राजेश मिश्रा, द स्कूल ऑफ काउंसलर दिल्ली की डा. डायना चेरियान तथा डायरेटर संवाद आरती शंखला एवं कोऑर्डिनेटर प्रोजेकट संवाद सहित अनेक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# बैरियर से टकराई बुलेट, एक की मौत

- पीछे बैठा सवार खाई गिरा, साथी घायल
- मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से हादसा
- भीमताल में दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे दोस्त
- दीपावली की छुट्टी पर आया था घर ऋषभ
- इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** बीते शनिवार को दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे बुलेट सवार दोस्त सड़क हादसे का शिकार हो गये। उनकी बुलटे अनियंत्रित होकर सीधे क्रैश बैरियर से टकरा गयी। बुलेट के पीछे बैठा युवक उछलकर गहरी खाई में जा गिरा। जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बुलेट चला रहा युवक गंभीर रुप से घालय हो गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकाला। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार गेठिया ज्योलीकोट निवासी ऋषभ गैड़ा (19 वर्ष) पुत्र कुंदन सिंह गैड़ा यहां अपनी मां किरन के साथ रहता था। जब ऋषभ मां के पेट में था, तभी उसके पिता की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह अकसर बचीनगर लामाचौड़ में रहने वाले अपने नाना-नानी के घर रहता था। मसूरी के एक होटल में काम करने वाला ऋषभ कुछ दिन पहले दीपावली की छुट्टी लेकर घर आया था। शनिवार को वह अपने नाना-नानी के घर पर था। उसने परिजनों को बताया कि उसके एक दोस्त का बर्थडे है और वो भीमताल जा रहा है। जिसके बाद ऋषभ अपने दोस्त मयंक के साथ बुलेट पर सवार होकर निकल पड़ा। रात करीब साढ़े 11 बजे दोनों भीमताल की ओर जा रहे थे। बुलेट मयंक चला रहा था। दोनों अभी नैनीताल रोड पर गुलाबघाटी के पास स्थित भद्यूनी मोड़ के पास पहुंचे थे कि तभी बुलेट अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर जा कर टकरा गई। टक्कर इतनी तेज



थी कि बुलेट पर पीछे बैठा ऋषभ उछल कर गहरी खाई में जा गिरा। लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। कुछ ही देर में भीमताल पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब आधा घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद ऋषभ को लगभग मरणासन्न अवस्था में लहूलुहान हालत में खाई से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि ऋषभ की मां किरन आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। 18 साल पहले तब ऋषभ के पिता कुंदन की मौत हो गई थी, जब ऋषभ मां के पेट में था। जैसे-तैसे किरन ने अपने माता-पिता यानी ऋषभ के नाना-नानी के साथ मिलकर उसे पाला और पढ़ाया। कुछ महीने पहले ही होटल मैनेजमेंट का कोर्स पूरा कर ऋषभ की मसूरी में एक होटल में नौकरी लगी थी। इस बात से परिजन खुश थे कि अब उनका बेटा कमाने लगा है, लेकिन शनिवार को हुए हादसे में सारी खुशियां काफूर हो गईं। वही इस हादसे में मयंक के सिर में चोट आई है, लेकिन वह ठीक बताया जा रहा है। बताया ये भी जा रहा है कि बुलेट पर सफर करते वक्त दोनों युवकों के पास हेलमेट नहीं था। मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# थार सवारों पर दर्ज हुआ मुकदमा

- वीडियो वायरल, महिलाओं का पीछा करने के लिए मोड़ी थी थार, सड़क किनारे खड़े जीवन की ले ली जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार की सुबह टीपीनगर चौराहे पर ड्यूटी को जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे सुपरवाइजर जीवन पंत को कुचलने वाले थार सवारों के खिलाफ मृतक की पत्नी ने तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर थार सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अब इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ। जिसमें स्पष्ट हो रहा कि थार सवारों ने घटना को अंजाने में अंजाम नहीं दिया, बल्कि थार सवार युवक स्कूटी सवार महिलाओं का तेजी से पीछा कर रहे थे। फिलहाल पुलिस सभी बिन्दुओं के तहत जांच कर रही है। बता दें कि सत्यलोक काला.ेनी डहरिया निवासी 55 वर्षीय जीवन पंत पुत्र बद्रीदत्त किच्छा के शिमला पिस्तौर स्थित किंग फिशर कंपनी में सुपरवाइजर थे। बीते शनिवार की सुबह वह रोजना की तरह घर से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। तभी टीपीनगर चौराहे पर थार संख्या यूपी32क्यूआई-8316 नंबर ने उन्हें कुचल दिया। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ। घटना के बाद पुलिस ने थार और उसमें सवार तीन-चार युवकों को हिरासत में ले लिया था। घटना के वक्त आस-पास मौजूद लोगों का कहना था कि थार टीपीनगर चौराहे पर यूं ही नहीं रुकी। दरअसल, हल्द्वानी की ओर जाती थार के आगे स्कूटी सवार दो महिलाएं आ गई थीं। इसी वजह से थार सवारों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा। महिलाओं के अचानक आगे आने से थार सवारों ने गुस्से में उनका पीछा करने के लिए तेजी से थार की रफ्तार तेज करते हुए थार को डहरिया की ओर मोड़ा और थार पर नियंत्रण खो बैठे। जिसके बाद उन्होंने जीवन पंत को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना से जुड़ा वायरल सीसीटीवी फुटेज भी इस ओर इशारा करता है। इस फुटेज में थार के सामने अचानक आईं स्कूटी सवार महिलाएं दिखती हैं। जितनी तेजी से महिलाएं डहरिया की ओर जाती हैं, उतनी ही तेजी से थार सवार थार को डहरिया की ओर मोड़ते हैं। हालांकि महिलाओं तक पहुंचने से पहले ही थार ने जीवन को कुचल दिया। मतृक की पत्नी राधा पंत की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि इस घटना से जुड़े सभी एंगलों की जांच की जा रही है, और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाले जा रहे है।

# रामपुर रोड पर सड़क खोदने से भड़के लोग

- समाजसेवियों ने जताई नाराजगी
- कहा- सड़क दुरुस्त नहीं की, तो करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड क्षेत्र में सरगम हॉल के पास सड़क खोदे जाने को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। समाजसेवी विशाल वर्मा और अंजलि वर्मा ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विकास के नाम पर लगातार सड़कें खोदी जा रही हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि सड़क खुदने के बाद विभाग ने समय पर मरम्मत नहीं कराई, जिससे मार्ग पर गड्ढे और मिट्टी जमा होने से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अंजलि वर्मा ने कहा कि सरकार भले ही गड्ढा मुक्त प्रदेश का दावा करती है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। रामपुर रोड की जर्जर सड़कों के कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया तो जनता सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करेगी।

# रोमांचक मुकाबला: जीएनजी और एचसीसी के बीच मैच ड्रा

- स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल अंडर-14 बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को बीना बल्यूटिया ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच में जीएनजी और एचसीसी के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला ड्रा रहा। पहले दिन एचसीसी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। जीएनजी ने पहली बल्लेबाजी करते



हुए 196 रनों पर पारी घोषित की। विहान बवारी ने अपनी टीम के शानदार 89 और वेदांत यादव ने 81 रन बनाए। जबकि एचसीसी की ओर से रुद्राक्ष और विनय ने तीन-तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की टीम पहली पारी में 114 रन पर सिमट गई। जीएनजी के गेंदबाज आराध्या रावत ने चार तथा अभय बोरा ने तीन विकेट लिए। दूसरे दिन जीएनजी ने अपनी दूसरी पारी में 199 रन बनाए, जिसमें ईशान जोशी 64 और विहान बवारी 63 ने उम्दा बल्लेबाजी की। एचसीसी की ओर से विनय और लक्ष्य ने चार-चार विकेट हासिल किए। जीत के लिए 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की टीम 9 विकेट पर 163 रन ही बना सकी, जिससे मैच ड्रा घोषित हुआ। दोनों टीमों को 1-1 अंक से संतोष करना पड़ा। मैन ऑफ-द-मैच का पुरस्कार समा.जसेवी डा.विकल बवारी ने एचसीसी के खिलाड़ी विनय को प्रदान किया। मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह कंबोज और सार्थक शर्मा रहे, जबकि रवि सिंह ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, हिमानी पाठक बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, संजय चौधरी, पंकज गुरुरानी, प्रशांत भंडारी, योगेश चौहान, विक्रम बोरा, सुरेंद्र रावत मौजूद रहे।

# शराब व बीयर की दस पेटी के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने हट गार्डन रेस्टोरेंट के पास वाहन चैकिंग के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने शराब व बीयर की 10 पेटी बरामद की है। शराब तस्करी में प्रयुक्त ऑटो को पुलिस ने सीज करते हुए दोनो के खिलाफ आबक.ारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में एसआई रविन्द्र राणा, कांस्टेबल भानू प्रताप व अशोक रावत के साथ शीशमहल स्थित हट गार्डन रेस्टोरेंट के पास वाहन चैकिंग कर रहे थे तभी पुलिस टीम ने एक ऑटो संख्या यूके04टीबी-2298 आता दिखाई दिया और उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो ऑटो से 10 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपना नाम मो. नाजिम पुत्र अब्दुल वाहिद लाईन नंबर-17 नई बस्ती वनभूलपुरा, मोहन सनवाल पुत्र बच्ची राम निवासी रामपुर रोड जीतपुर नेगी हल्द्वानी बताया। पुलिस ने शराब व बीयर की पेटी को जब्त करते हुए ऑटो को सीज कर दिया और पकड़े गए दोनो तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क निर्माण को लेकर फिर उबला जनाक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोरापड़ाव से गौलागेट-हाथीखाल सड़क निर्माण कार्य आश्वासन के बाद भी शुरू ना होने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में रविवार को सड़क पर उतरकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। चार घंटे के तक हंगामे के बाद विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वा.सन दिया कि आगामी 7 नवंबर तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। ग्रामीणों ने चेताया अगर इसके बावजूद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। रविवार को गोरापड़ाव से गौलागेट-हाथीखाल सड़क निर्माण कार्य शुरू ना होने से नाराज ग्रामीण



पार्षद मनोज जोशी व ग्राम प्रधान गोपाल अधिकारी के नेतृत्व में एकत्र हुए और सरकार व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने आश्वासन दिया था कि 25 अक्टूबर तक सड़क निर्माण शुरू कर दिया जायेगा लेकिन समय तिथि समाप्त होने के बाद जब सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया जिससे मजबूरन होकर लोगों को सड़क पर उतरने में मजबूर होना पड़ रहा है। चार घंटे के तक चले प्रदर्शन के बाद पीडब्लूडी अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस दौरान ग्रामीणों व विभागीय अधिकारियों के बीच काफी नोकझोंक भी हुई। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने पार्षद मनोज जोशी, ग्राम प्रधान गोपाल अधिकारी व तुलसी बिष्ट सहित ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया कि आगामी 7 नवंबर तक सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। ग्रामीणों ने चेताया कि अगर 7 नवंबर तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। प्रदर्शन करने वालों में अर्जुन रौतेला, सुंदर बिष्ट, दीपू धपोला, पुष्कर, मान सिंह, नरेंद्र राणा, हितेश धपोला, हिमांशु, दीपांशु, पंचम धपोला, लछमण बिष्ट, प्रकाश धपोला, रजनी, दीपा, ललित, जगदीश शर्मा, जगत डसीला, नानू, नितिन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हल्द्वानी व नैनीताल की हवा हुई साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। दीवाली के दौरान प्रदूषण के कारण खराब हुई हल्द्वानी और नैनीताल की फिजा सामान्य स्तर के करीब पहुंच चुकी है। शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार दोनों शहरों का एक्यूआई लगभग सामान्य हो चुका है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग नेगी ने बताया कि दीवाली के दौरान हल्द्वानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 194 और 187 माइक्रोग्राम घनमीटर तक पहुंच गया था। लेकिन अब यह 104 पर आ गया है। नैनीताल का एक्यूआई भी 91 से गिरकर 64 तक पहुंच गया है। लोगो ने राहत की सांस ली है लेकिन अभी भी पटाखे जलने से हल्द्वानी में वायुमंडल की सतह पर धुंध की परत जमी हुई है।

# समाजसेवियों को सम्मानित करेगा साथी संगठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी संगठन के साप्ताहिक जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार मुखानी स्थित एक बैंक्विट हॉल में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन के चौथे स्थापना दिवस एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श करना था। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में क्रियाशाला के अध्यक्ष नंदा वल्लभ गुणवंत एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुक्तिधाम समिति के उपाध्यक्ष, व्यापारी नेता एवं पत्रकार राजकुमार केसरवानी रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठन का चौथा स्थापना दिवस 14 नवंबर (बाल दिवस) के रूप में मनाया जाएगा। स्थापना दिवस के आयोजन स्थल के चयन की जिम्मेदारी संगठन के कोषाध्यक्ष जगदीश चंद्र खोलिया को सौंपी गई। मुख्य अतिथि नंदा वल्लभ गुणवंत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले व्यक्तियों को संगठन के स्थापना दिवस पर सम्मानित किया जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राज.



कुमार केसरवानी ने सुझाव देते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए उद्योग जगत और अन्य सामाजिक संगठनों से सहयोग लिया जाए। इस मौके पर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, अरुणोदय धर्मशाला के प्रबंधक जीवन सिंह रावत, जीवन चंद्र, केके जोशी, जगदीश सिंह खोलिया, आनंद सिंह रावत, डीडी शर्मा, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, मोहन चंद्र पांडे, लक्ष्मण सिंह गौनिया, पूरन सिंह महाराजी, भुवन चंद्र जोशी, मोहन सिंह मेहरा, राजेंद्र सिंह बोरा, विपिन चंद्र बिष्ट, किशोर कुमार जोशी, भुवन चंद्र उप्रेती मौजद रहे।

# निर्माणाधीन मकान में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उप प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य के निर्माणाधीन मकान में हुई चोरी का पुलिस खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरो के पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि बीते 5 अक्टूबर को उप प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, पिथौरागढ़ अमित उप्रेती पुत्र माधवानंद ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर दी कि मुखानी थानाक्षेत्र के अतंर्गत उनके निर्माणाधीन मकान का कार्य चल



रहा है, और अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर लाइट की तारें, नल फिटिंग का सामान तथा पानी की मोटर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज चोरों चोरो की तलाश शुरू कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। जांच के दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए और उनकी पहचान कर पुलिस ने उन्हें स्टील फैक्ट्री कमलवागांजा के पास से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को स्कूटी सहित पकड़ लिया और जब उनसे सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की बात कबूल की। पकड़े गए शातिर चोरों की निशानद.ेही पर पुलिस ने उनके पास से एक क्रम्पटन कंपनी की मोटर, एक लाल-सफेद थैले में कटे हुए बिजली के तारों के गुच्छे तथा 9 बंडल हैवेल्स लाइफ लाइन तार बरामद किए। पकड़े गए चोरो ने अपना नाम खेमराज सागर पुत्र देवपाल सागर निवासी कालीचौड़, सुल्तान नगरी, गौलापार काठगोदाम, मनीष आर्य पुत्र स्व. सतीश चंद्र आर्य निवासी उपरोक्त, नरेंद्र मेहरा पुत्र पुष्कर सिंह मेहरा निवासी उपरोक्त बताया।

## न्यू चैलेंजर व ग्रेहौंस ने जीते मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल** फ्लैट्स मैदान में नगर पालिका मनोरंजन कलब की ओर से आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले के अंतिम दिन रविवार को दिन का पहला मुक.ाबला न्यू चौलेंजर व यूके बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें न्यू चैलेंजर ने 3-0 से मैच जीता। दूसरा मैच ग्रेहौंस और फ्यूजन के मध्य खेला गया जिसमें ग्रेहौंस ने 2-1 से मैच जीता। रफेरी भगवत मेर देवेंद्र बोरा तथा अयूब खान व अनिल रावत के साथ ही अबास रहे जबकि हंसा बहुगुणा और तुषार जोशी ने सकोरर की भूमिका निभाई।

# फसल उत्पादन का वैज्ञानिक आकलन ही किसानों की खुशहाली की कुंजी

- जिलाधिकारी ने नवाड खेड़ा में की धान की फसल की क्रॉप कटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। रविवार को तहसील हल्द्वानी के ग्राम नवाड खेड़ा में कृषक ललित मेहरा के खेत में धान की फसल की क्रॉप कटिंग में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग से फसल उत्पादन के सही आंकड़े प्राप्त होते हैं, जो किसानों के हित में सरकार द्वारा लिए जाने



वाले निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार कृषि नीति, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), खाद्यान्न भंडारण नीति, आयात-निर्यात नीति जैसी योजनाओं को तैयार करने में इन्हीं आंकडों का उपयोग करती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय फसल क्षति होने पर राहत राशि के वितरण और सांख्यिकी सर्वेक्षण में भी क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकडों को आधार बनाया जाता है। इस दौरान तहसीलदार हल्द्वानी कुलदीप पाण्डे, स्थानीय किसान और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## शिक्षक को कार ने मारी टक्कर, घायल

**हल्द्वानी।** घर से बाजार परिवार के साथ खरीदारी करने निकले एक शिक्षक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरी घटना एक सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार मूलरूप से वह मछियाड़ पाटी चंपावत के रहने महेन्द्र सिंह मुखानी स्थित रॉयल इंक्लेव में रहते है और चकलुवा में सहायक अध्यापक हैं। शिक्षक महेन्द्र के ससुर इंक्लेव रॉयल निवासी उत्तम सिंह ने पुलिस को सौंपी दी तहरीर में कहा कि बीते शनिवार की शाम करीब साढ़े 6 बजे उनके दामाद महेंद्र अपने परिवार के साथ बाजार खरीदारी करने के लिए घर से निकले थे। वह सड़क पार कर एक दुकान की ओर जा रहे थे कि तभी तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

## सट्टा लगाते सटोरिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां व हजारो की नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल विनोद नाथ व सुच्चा सिंह मय टीम क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने हारजीत के लिए सट्टा लगने वाले रिहान पुत्र दिलशाद निवासी वार्ड-32 दुर्गामंदिर बड़ी रोड इन्द्रानगर बनभूलपुरा को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां, 7 हजार 90 रूपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने सटोरिये के खिलाफ धारा 13जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# शिवमंदिर में चोरों ने उड़ाया दानपात्र

- नाराज लोगों ने काठगोदाम थाने का किया घेराव, सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। काठगोदाम पॉलीशीट स्थित शिव मंदिर में एक बार फिर से चोरो ने मंदिर के दानपात्र को खंगाल डाला और हजारों की नगदी ले उड़े। शिव मंदिर में लगातार हो रही चोरियों से आक्रोशित लोगों ने रविवार को काठगोदाम थाने पहुंचकर थाने का घेराव किया और शीघ्र ही चोरो को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर शिकायती पत्र सौंपा। जानकारी के अनुसार तुलसीनगर जनकल्याण समिति के बैनर तले दर्जनों लोग काठगोदाम थाना पहुंचे और पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में कहा कि वार्ड-5 पॉलीशीट में शिव मंदिर है। उन्होंने कहा पिछले दो साल में मंदिर में तीन चोरी की वारदात हो चुकी है। जिनका खुला.सा अब तक पुलिस द्वारा नहीं किया गया। लोगों ने कहा कि दो दिन पूर्व भी अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र को तोड़कर उसमे रखी ढाई हजार की नगदी ले उड़े। आक्रोशित लोगों को काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने आश्वास दिया कि जल्द शिवमंदिर में हुई चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा। इस मौके भाजपा नेता और पार्षद पति विक्रम अधिकारी, संजय दुम्का, पूर्व पार्षद मीना गोस्वामी, राधा तिवारी, संजय उपाध्याय, गोपाल सिंह, आनंद सिंह, ऋषभ रैंक्वाल, सुनील कालाकोटी आदि मौजूद थे।

# हे जनम भूमि तेरी जय-जयकारों से गूंजा मंच

- स्व. आनंद सिंह की स्मृति में छवि मेमोरियल ट्रस्ट ने आयोजित की संगीत संध्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. आनंद सिंह की स्मृति में छवि मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से छोटी मुखानी, जोशी कॉलोनी में भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन और कुमाऊनी लोकगीतों ने ऐसा रंग जमाया कि श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम में गाजियाबाद के पंख्यारू ग्रुप ने शकुनांखर, माता को रेशमी डोला, के संध्या झूली रै, चकोट की पार्वती, हे जनम भूमि तेरी जय-जयकारी हो और बेडू पाको बारा मासा जैसे प्रसिद्ध गीतों की प्रस्तुति दी। समूह का नेतृत्व किरन



पंत और रमेश उप्रेती ने किया, जबकि दीक्षा, सिद्धार्थ और भानु ने मंच से शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छह गरीब महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि द्ववै सिंह ने कहा कि कुमाऊनी संस्कृति को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्य ट्रस्टी बीसी जोशी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि अपनी परंपराओं के संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। कार्यक्रम में आलोक पांडे, आईडी बेलवाल, जेसी बेलवाल, भुवन जोशी, मोहन वर्मा, पीयूष पंत, यजुवेंद्र सिंह, अरविंद मेहरा, रमन फुटेला, अतुल कांडपाल, नवीन पांडे, नवीन रजवार, भूपेश पंत, भुवन चंद्र जोशी, खिलानंद, संजू सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह आज नैनीताल में

नैनीताल। अपर जिलाधिकारी नैनीताल विवेक रॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 और 28 अक्टूबर को राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह दो दिवसीय भ्रमण में नैनीताल आ रहे है। सूत्रों के अनुसार राज्यपाल 27 अक्टूबर सोमवार को अपराह्न 1 बजे पुलिस लाइन, हेलीपैड चंबा, टिहरी गढ़वाल से राज्य हेलीकॉप्टर द्वारा कैलाखान हेलीपैड, नैनीताल के लिए रवाना होंगे। अपराह्न डेढ़ बजे नैनीताल हेलीपैड पर पहुंचने के बाद, कार द्वारा प्रस्थान कर अपराह्न 1 बजकर 55 मिनट पर राजभवन नैनीताल पहुंचेंगे। राज्यपाल नैनीताल राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार को राज्यपाल अपराह्न दो बजे राजभवन, नैनीताल से कार द्वारा कैलाखान के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा अपराह्न ढाई बजे जीटीसी हेलीपैड, देहरादून के लिए रवाना होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सामाजिक संगठनों ने की अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम बैलपड़ाव और छोई क्षेत्र में विगत 23 अक्टूबर को बड़े का मीट लेकर आ रहे वाहन चालक नासिर व अन्य को जान से मारने का प्रयास करने वाले कथित भाजपा और हिंदूवादी संगठनों के गुंडा तत्वों को गिरफ्तार करने। रामनगर सहित उत्तराखंड का सामा. जिक सद्भाव कायम करने को लेकर सामाजिक राजनीतिक संगठनों की बैठक नागा बाबा मंदिर रोड पर हुई।



रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने पुलिस की कार्य शैली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता में स्पष्ट प्रावधान है कि सात वर्ष से अधिक सजा के मुकदमों में तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी लेकिन रामनगर पुलिस भाजपा सरकार के दबाव में आकर कानून का अनुपालन नहीं कर रही है और मोब लांचिंग के अपराधी खुले घूम रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा नेता मदन जोशी सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस एवं अल्पसंख्यकों को सरेआम धमकियां दे रहे हैं और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।अप्रैल 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को दिशा निर्देश दिए थे कि जो भी लोग हेट स्पीच करेंगे उनके ऊपर पुलिस खुद संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी लेकिन रामनगर पुलिस मूकदर्शक बन हुई है। बैठक में उपस्थित लोगों ने सभी आरोपियों की 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी करने की मांग की है और गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर धरना प्रदर्शन व आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। जिसको लेकर सोमवार को रामनगर उप जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भी प्रेषित किया जाएगा।इस दौरान बैठक में समा. जवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, गिरीश चंद्र, जिशान कुरेशी, आदिल खान, चांद खान, जावेद खान, शोएब कुरेशी, शोएब रजा, मौ नबी अंसारी आदि शामिल रहे।

# संदिग्ध हालात में जहर खाने से महिला की मौत

■ पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गत सायं ग्राम चंदनपुर दिनेशपुर में संदिग्ध हालातों में महिला ने विषपान कर लिया उसकी देर सायं यहां एक निजी चिकित्सालय में उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम चंदनपुर दिनेशपुर निवासी सोहन गोस्वामी ट्रांसपोर्ट कम्पनी में काम करता है। उसकी पत्नी 27 वर्षीय



नेहा व एक पुत्र और एक पुत्री है। बताया जाता है कि सोहन गत दिवस रोज की तरह ड्यूटी पर गया था। जिसके जाने के बाद पत्नी नेहा ने पुत्र को खाना खिलाया और पुत्री को स्कूल छोड़ने चली गई।

दोपहर में पुत्र ने देखा कि उसकी माता के मुंह से झाग निकल रहा है और वह बेसुध पड़ी हुई है। उसके शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ पहुंचे और उन्होंने नेहा को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।

जानकारी मिलने पर सोहन भी घर आ गया। नेहा को गंभीर हालत में नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां शनिवार के देर सायं उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लिया और उसके परिजनों को मामले से अवगत कराया। बताया जाता है कि नेहा का करीब 6 वर्ष पूर्व ही विवाह हुआ था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### दिवाली मेला घूमने आई महिला की चुरा ली सोने की चेन, मुकदमा दर्ज

**नानकमत्ता।** गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में चल रहे दीपावली मेला आयी महिला के गले से उसकी सोने की चैन चोरी के मामले में पुलिस ने महिला के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

रविवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के ग्राम दमखोदा, थाना देवरनियां बहेड़ी जिला बरेली निवासी प्रधुमन गंगवार पुत्र स्व: रामपाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा हैं कि बीती 21 अक्टूबर 2025 को उसकी मां शांति देवी पत्नी रामपाल नानकमत्ता साहिब मेले में आयी थीं, तो उसी दौरान उनके गले से सोने की चैन किसी अंजान ने तोड़ कर चुरा ली । घटना के बाद मां का स्वास्थ खराब हो गया है। पुलिस ने पुत्र की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 303(2) के तहत पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मझोला में चल रहे तीन दिवसीय दशहरा व दीपावली मेले का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र उत्तराखंड एवं उत्तरप्रदेश के बीच स्थित नगर पंचायत मझोला में लगने वाले तीन दिवसीय दशहरा एवं दीपावली मेला का समापन रविवार को संपन्न हो गया।

मेले का उद्घाटन में बरखेड़ा के विधायक प्रवक्तानंद महाराज, वरिष्ठ समाजसेवी एके सिंह, पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने एवं समापन जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, जिला पंचायत सदस्य रंजीत नामधारी, ललौरीखेड़ा के ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह द्वारा किया गया। पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन अजय गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित तीन दिवसीय दशहरा एवं दीपावली मेले में दोनों राज्यों के प्रतिभाशाली गायकों, डांसरों, गजल गायकों एवं विभिन्न स्कूलों के द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं मुख्यमंत्री धामी ने मेले के आयोजन की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों के महत्त्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा है कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा खटीमा के प्रतिनिधि अमरजीत सिंह, पूर्वांचल महासभा चंपावत विधानसभा उपाध्यक्ष सुमित ठाकुर, गुलशन गोल्ड, साबी हांडा, मनीष अरोड़ा, कार्तिक गोगिया, नितिन गोयल, कोरियोग्राफर राकेश कुमार सोनू, विक्की अंसारी, संतोष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



### पीड़िता ने लगाया शादी का झांसा देने व लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकासखंड क्षेत्र के एक गांव की महिला ने खटीमा कोतवाली में एक तहरीर सौंप कर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने तथा उसके परिजनों से 2 लाख 77 हजार रुपये अलग-अलग खातों में डलवा कर धोखाधड़ी करने एवं आरोपियों के परिजनों द्वारा पीड़िता के साथ गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। ग्राम बिरिया की एक पीड़िता ने ग्राम देवरी खटीमा निवासी गण आकाश सिंह पुत्र स्वर्गीय सतीश सिंह, विमला देवी पत्नी स्वर्गीय सतीश सिंह तथा अंजलि पुत्री स्वर्गीय सतीश सिंह के विरुद्ध कोतवाली खटीमा में एक तहरीर दिया। जिसमें उसने आरोप लगाया है कि आकाश सिंह द्वारा उसको शादी का झांसा देकर बलात्कार तथा उसके परिजनों से 2 लाख 77 हजार अलग-अलग खातों में डलवा कर धोखाधड़ी व आरोपी की माता और बहन द्वारा पीड़िता के साथ गाली गलौज किया गया है। वहीं तहरीर के आधार पर खटीमा कोतवाली में मुक. दमा संख्या 306/2025 धारा 376/420 भादवि व 115(2) बीएनएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### महाविद्यालय में योगाभ्यास शिविर का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में रामनगर के नगर वासियों,योग प्रेमियों एवं महाविद्यालय के सभी कार्मिकों के लिए योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने बताया कि यह शिविर नवनियुक्त योग प्रशिक्षक विवेकचन्द्र जोशी द्वारा महाविद्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 08:00 से 09:00 बजे तक संचालित किया जायेगा।योगाभ्यास के लिए वार्षिक पंजीकरण शुल्क मात्र 100 रुपये निर्धारित है। उन्होंने योगाभ्यास शिविर में सभी योग प्रेमी नगर वासियों से पहुंचने की अपील की है।

### विकलांग व्यक्ति ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर में एक विकलांग व्यक्ति के साथ कुछ लोगो द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है।पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मोहल्ला खताड़ी निवासी मोहम्मद अमीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक विकलांग व्यक्ति है और वह रिक्शा चलाता है।रात में वह लखनपुर चुंगी से वापस लौट रहा था।नगर पालिका के पास घास मंडी पर कुछ लोगों द्वारा उसकी रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि मारपीट में वह घायल हो गए। परिजनों द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों द्वारा मेडिकल कर उपचार किया गया। पीड़ित व्यक्ति और उसके परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के एसएसआई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।जांच के बाद आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### सड़क हादसों में चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में अलग अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। शनिवार की रात कोटद्वार रोड निवासी बब्लू अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर की ओर जा रहे थे।इसी दौरान घर के पास एक अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल बबलू को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।जबकि उसकी पत्नी को मामूली चोट आई हैं।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बब्लू को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।वहीं दूसरी ओर तेलीपुरा रोड स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के सामने दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी, जिसमे तेलीपुरा निवासी आलिम और ऋषभ दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल बृजेश हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद खनन कारोबारी नबी मलिक के पुत्र आलिम की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया।फिलहाल दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में आलिम का उपचार चल रहा हैं।वही ऋषभ की भी हालत गंभीर होने पर उसे भी हायर सेंटर रेफर किया गया है।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# पंत विवि कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शनिवार की रात्रि पंत कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत एक कर्मी का शव उसके घर में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को फांसी से उतारकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार नगला डेरी फार्म पंतनगर निवासी 50 वर्षीय मो- अजीम पुत्र शरफुद्दीन शैक्षिक डेरी फार्म नगला में संविदा कर्मी के रूप में ट्रैक्टर आपरेटर पद पर काम करता था। बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि पड़ोस के लोगों ने उसे घर में ही फांसी पर लटका देखा गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लिया। बताया जाता है कि मृतक अजीज के पुत्र व पुत्री का विवाह हो चुका है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परि. जनों को सौंप दिया है।

# दो सौ क्विंटल से अधिक धान लेकर मंडी पहुंची ट्राली रही चर्चाओं में

■ धान किसान का नहीं किसी व्यापारी के होने की आशंका

■ प्रशासनिक अधिकारियों ने ट्राली वापस लौटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मंडी परिसर में चल रहे कच्चा आढ़त में दो सौ क्विंटल से अधिक धान लेकर पहुंची ट्राली खासी चर्चा में है। मामला स्थानीय प्रशासन, मंडी समिति एवं कच्चा आढ़त चला रहे राईस मिलरों एवं अपना धान लेकर मंडी पहुंचे किसानों के संज्ञान में रहा।



धान खरीद में जुटे सरकारी अमले किसान नेताओं एवं किसानों में यह चर्चा अधिक होने लगी कि धान किसी काश्तकार का नहीं बल्कि किसी रसूकदार नेता का हो सकता है। जानकारों का मानना है कि दो सौ क्विंटल से अधिक धान एक बार में ढोकर लाने वाला काश्तकार इस क्षेत्र में नहीं है। यदि किसी बड़े किसान की ट्राली होती तो वह मार्केटिंग विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं मंडी प्रशासन के समक्ष स्वयं का दावा पेश करता। लेकिन 200 क्विंटल से अधिक धान लाने वाला कथित किसान दबे पांव खिसकता नहीं।

एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि ट्रॉली किसी किसान की नहीं थी। संभवत यह धान यूपी से लाया जा सकता है। फिलहाल संदिग्ध हालत वाली ट्राली को वापस लौटाने की जानकारी दी गई। वरिष्ठ विपणन निरीक्षक कृष्ण चन्द्र आर्य सहित मंडी सचिव ललित मोहन पांडे के अनुसार 200 क्विंटल से अधिक वजनी धान की ट्राली कच्चा आढ़त में खासी चर्चाओं में रही।

इधर एसडीएम सैनी ने खाली महूवट, मंडी परिसर, मुड़ेली, चारुबेटा, बंडिया, चंदेली आदि धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बारदाने व मजदूर समस्या को तत्काल दूर करने संबंधी निर्देश केंद्र प्रभारियों को दिए। एसडीएम तुषार सैनी ने यह भी बताया कि धान खरीद में चल रही कोताही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चेतावनी देकर वापस लौटा दी ट्राली

**खटीमा।** 200 क्विंटल से अधिक धान कच्ची आढ़त में बिक्री हेतु लाए जाने के मामले को संबंधित अधिकारियों ने बेहद हल्के पन से लिया गया। मंडी पहुंची ट्राली के चालान के सवाल पर एसडीएम तुषार सैनी, एसएमआई कृष्ण चन्द्र आर्य सहित मंडी सचिव ललित मोहन पांडे ने कहा कि मामला किसान का था या व्यापारी का चेतावनी पर वापस लौटा दिया गया। जबकि यह मामला क्षेत्र के किसानों के हकों पर डाका डालने के समान है।

### किसानों के हितों से हो रहा खिलवाड़: भुल्लर

**खटीमा।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) जिला अध्यक्ष मनजिन्दर सिंह भुल्लर ने बताया कि इस क्षेत्र में सवा सौ क्विंटल से अधिक क्षमता वाली ट्राली किसी भी काश्तकार के पास नहीं है। तमाम स्थानों से धान एकत्रित कर एक मुस्त कच्चा आढ़त में बेचना क्षेत्र के किसानों के हितों से खिलवाड़ है। भाकियू चढूनी जिला अध्यक्ष भुल्लर ने कहा कि सरकारी क्रय केन्द्रों पर कच्चा आढ़त में इस तरह की हेरा फेरी चिंताजनक है। इस तरह की हेरा फेरी में कोई फर्जी किसान पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध किसान आंदोलन चलाया जाएगा।

# मामूली कहा सुनी के चलते बहू ने सास का सिर फोड़ किया लहूलुहान

■ घरेलू विवाद के चलते बहू ने सास के सिर पर लोहे की राड मारकर किया घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** घरेलू विवाद के चलते बहू ने सास के सिर पर लोहे की राड़ मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और बेहोशी की हालत में छोड़कर मायके चली गई। वृद्ध महिला की चीज पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने जैसे तैसे बीचबचाव किया और घटना की सूचना उनके बेटे राजेश कुमार को दी और घायल वृद्ध महिला को खटीमा सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसका मेडिकल परीक्षण किया गया।

ग्राम मझोला निवासी नत्थू लाल पुत्र शिवलाल ने सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को तहरीर सौप कर बताया 22 अक्टूबर सुबह 8 बजे उनके घर में गोवर्धन पूजा की तैयारी चल रही थी। उसी दौरान उनकी पत्नी उर्मिला पर पुत्रबधू सरोज पत्नी राजेश कुमार ने उर्मिला पर जान लेवा हमला कर दिया और लोहे की राड से सिर फोड़ दिया। घायल पत्नी की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने बचाया और घायल सास उर्मिला को बेहोशी की हालत में छोड़कर घर रखी नगदी सोने चांदी के आभूषण लेकर मायके चली गयी। पीड़ित पिता नत्थूलाल ने घटनाक्रम से अपने पुत्र राजेश कुमार को दी। मौके पर पहुंचे पुत्र ने जब मां को लहूलुहान हालत में खटीमा सीएचसी में भर्ती के कराया साथ ही घायल वृद्ध महिला का मेडिकल परीक्षण किया गया। पीड़ित नत्थूलाल ने पुलिस को तहरीर सौंप कर पुत्रबधू सरोज के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# छठ महोत्सव के सीएम धामी होंगे मुख्य अतिथि, भव्य होगा कार्यक्रम

■ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद मंगलवार को व्रत का होगा समापन

■ पूर्वांचल के प्रसिद्ध गायक कलाकारों एवं स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रेलवे स्टेशन के समीप संजय रेलवे पार्क में स्थित छठ घाट पर पूर्वांचल सेवा समिति के नेतृत्व में पूर्वांचल के लोक आस्था के प्रसिद्ध छठ महापर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। विगत लगभग 35 वर्षों से खटीमा में मनाए जाने वाला छठ महापर्व इस बार बड़ी भव्य, आकर्षक और रोचक होगा। इस महापर्व पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी द्वारा छठ घाट की साफ सफाई रंग रोगन व सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया गया है।



इस पर्व पर श्रद्धालु महिलाएं कड़े नियमों का पालन करते हुए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। लोक आस्था का छठ महापर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी शनिवार से नहाए खाए से शुरू हो गया है। पंचमी को खरना होगा तथा षष्ठी सोमवार को व्रती श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न प्रकार के फलों व पकवानों से सजी डलिया को माथे पर रखकर नंगे पांव छठ घाट पर पहुंचेंगी। जहां डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर तथा छठ मैया की पूजा अर्चना करेंगी। इसी क्रम में सप्तमी मंगलवार को सूर्योदय से पहले व्रती श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक तरीके से छठ घाट पर पहुंचेंगी जहां छठ मैया की पूजा अराधना करेंगी तथा उगते हुए सूर्य को अर्ध देकर व्रत का समापन करेंगी। इस अवसर पर श्रद्धालु महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए अपने बच्चों व पति के दीर्घायु, सुख शांति स्मृद्धि व कल्याण के लिए छठ मैया और सूर्य देव से कामना करती हैं। वहीं पूर्वांचल सेवा समिति के अध्यक्ष साकेत प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व पर भव्य आयोजन होगा। जिसमें सुबह के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व पर आयोजित होने कर वाले कार्यक्रम में विभिन्न समाज के लोग श्रद्धा और आस्था के साथ प्रतिभा करते हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को रात्रि के समय पूर्वांचल के प्रसिद्ध कलाकारों तथा स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा झांकियों के साथ मनमोहक और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं समापन अवसर पर मंगलवार को प्रात: प्रसाद का वितरण तत्पश्चाप विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि छठ पर्व को मनाने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को खटीमा पहुंचकर आयोजित होने वाले हैं छठ महापर्व के कार्यक्रम में शाम को प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर पूर्वांचल सेवा समितिके संरक्षक मंडल के प्रहलाद यादव, सुनील रैदानी, ठाकुर उदय प्रताप सिंह, जगदीश गोयल, संजय सिद्धार्थ, अध्यक्ष साकेत प्रसाद सिंह, महामंत्री अंकित पांडे, कमला सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, साकेत शाही, विश्वनाथ यादव, शुभम पटवा, राहुल सक्सेना, आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड और रेलवे के मध्य खेला गया रणजी ट्रॉफी का मैच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के कौशिकी क्रिकेट ग्राउंड पर बीसीसीआई के राष्ट्रीय प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का मैच उत्तराखंड और रेलवे के मध्य खेला गया।

मैच के दूसरे दिन रविवार को रेलवे ने 233 रनों से आगे खेलना शुरू किया जिसमें 100 रन और जोड़कर रेलवे की पूरी टीम 120 ओवर खेल कर 333 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें मोहम्मद सैफ ने 211 गेंद पर 8 चौके और 7 छक्के की बदौलत 131 रन बनाकर आउट हो गए। उनके साथ बीएच मेराई ने 89 रन और विवेक सिंह ने 44 रन बनाए।उत्तराखंड की तरफ से मयंक मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए रेलवे के 6 विकेट झटके। देवेंद्र बोरा और अभय नेगी ने 2-2 विकेट लिए। उत्तराखंड की पारी की शुरुआत में ही अहम बल्लेबाज अवनीश सुधा मात्र 4 रनों पर कुनाल यादव की गेंद पर बोल्ड हो गये। प्रशांत चोपड़ा 25 रन बनाकर चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए। बाद में कप्तान कुनाल चंदेल और युवराज चौधरी ने संभलकर खेलते हुए टीम का स्कोर 106 रन पहुंचा कर कप्तान कुनाल चंदेल बोल्ड हो गए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तराखंड की टीम ने 50 ओवर खेल कर 2 विकेट पर 122 रन बना लिए हैं, जिसमें युवराज सिंह 35 और भूपेन लालवानी ने 5 रन बनाकर खेल रहे हैं अभी भी उत्तराखंड 211 रनों से पीछे रहे।

रविवार दूसरे दिन कौशिकी क्रिकेट ग्राउंड पर मैच देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों की काफी भीड़ दिखी। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के संयुक्त सचिव नूर आलम, राहुल पवार, हिमांशु चौहान, मोहम्मद इकरार, शिशिर शर्मा, एके चहल, राजेंद्र सक्सेना सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# एसएसबी का जवान बताकर युवती से दुष्कर्म, 2.77 लाख ठगे

■ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एक युवक ने खुद को एसएसबी में एएसआई बताकर युवती से 2.77 लाख की ठगी कर ली। इतना ही नहीं आरोपित ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म भी किया। इस मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपित समेत तीन के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। साथ ही मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम दियूरी निवासी आकाश सिंह वर्ष 2021 में उसके माता-पिता के पास उससे विवाह का रिश्ता लेकर आया। माता-पिता के मना करने पर आरोपित, उसकी मां विमला देवी व छोटी बहन अंजलि ने बताया कि आकाश एसएसबी में एएसआई है। आरोपित ने फेसबुक व मोबाइल में अपनी एसएसबी की ड्रेस एवं डीआईजी से इनाम लेते हुए फोटो दिखाकर विश्वास में लिया। साथ ही शादी के लिए दबाव बनाने लगा, जिस पर सितंबर 2022 में उसके माता-पिता ने आकाश से उसकी सगाई करा दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपित ने उससे अपनी बहन अंजलि व दोस्तों के मोबाइल नंबरों पर आनलाइन रुपये मंगाए। 4 दिसंबर 2022 से 8 सितंबर 2023 तक आरोपित ने विभिन्न मोबा. इल नंबर पर 77 हजार रुपये ले लिए। उसके बाद आरोपित ने नौकरी से सस्पेंड होने की बात कहते हुए कहा कि उसका खाता सीज हो गया है और उसे जुर्माना जमा करना है, जिसके लिए उसके पास पैसे नहीं है। इस पर उसने पीड़िता से तीन लाख रुपये मांगे। पीड़िता ने स्वजन व अन्य लोगों से उधार लेकर आकाश को दो लाख रुपये दे दिए। 23 दिसंबर 2023 को आकाश उसे घुमाने के लिए नैनीताल ले गया, जहां उसने एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी की बात करने पर टालमटोली करने लगा। 23 मार्च 2024 को आरोपित उसके घर आया और अकेला पाकर दुष्कर्म किया। तब से आरोपित शादी की बात कहने पर आए दिन पैसे मांगने लगा, जबकि आरोपित की मां ने उसके हिस्से की जमीन बेटे के नाम करने पर ही शादी करने की बात कही। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि प्राथमिकी पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है, जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने बताया कि संदेह होने पर उसने व स्वजन ने एसएसबी कैंप मेलाघाट जाकर पता किया व फोटो दिखाई तो पता चला कि आक. ाश एसएसबी का जवान नहीं है। इसकी शिकायत उसने पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करने के आदेश दिए, जिसके बाद पुलिस ने दियूरी गांव निवासी आकाश सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म व विमला देवी, अंजलि के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत कर ली।

# पटेल की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु विगत देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद में पिथौरागढ़, डीडीहाट और गंगोलीहाट में रैली का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देश दिए कि 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर 2025 तक चलने वाले समारोहों में रन फॉर यूनिटी, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता, सेमिनार, गोष्ठी, जनजागरूकता रैली, सफाई अभियान जैसे कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाएं, ताकि लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें। विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन और अधिक प्रभावशाली बन सकेगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की ओर से प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी और जयंती समारोह को भव्य एवं अनुशासित रूप से मनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माण में गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता: डीएम

■ **निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्थाओं को दिए निर्देश सख्त**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने चंडाक-मोस्टमानू में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु लैब में भेजने के निर्देश दिए तथा कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए कि सामग्री के लैब-टेस्टेड प्रमाणपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएं।

उन्होंने कहा कि केवल उच्च गुणवत्ता का प्रमाण-पत्र मिलने के बाद ही सामग्री का उपयोग किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चंडाक-मोस्टमानू सड़क की खराब स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के उपस्थित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सड़क का शीघ्र सुधारीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मौके से ही जिलाधिकारी ने लो. निवि के प्रमुख अभियंता (HOD) से वार्ता कर विभागीय अधिकारियों की कार्य के प्रति लापरवाही पर नाराजगी जताई। साथ ही, उन्होंने अधीक्षण अभियंता से भी बात कर सड़क को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए ताकि जनता को इस परेशानी से निजात मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों की खराब गुणवत्ता और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार सदर विजय गोस्वामी, लोनिवि के अधिशासी अभियंता सहित मेडिकल कालेज निर्माण कर रही संस्थान के अभियंता मौजूद रहे।

## एक नजर

# विधिक साक्षरता शिविर और रैली के माध्यम लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के निर्देश पर सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के तहत पीएलबी अर्जुन सिंह, इजहार अली, किरण जोशी, दीपा देवी, शमशाद बानो, रितु महर, हरी प्रिया जोशी, पूजा जोशी, प्रकाश चंद्र, अमित कुमार और प्रो बोनो पीएलबी देव सिंह और श्वेता पांडे ने भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप मुख्य आवागमन मार्ग पिलर नंबर 7 पर विधिक साक्षरता शिविर और रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों और उनके पालन को लेकर जागरूक किया, ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

इस अवसर पर मौजूद लोगों को सड़क दुर्घटना के कारणों-लापरवाही से वाहन चलाना, नशे में ड्राइविंग करना, तेज गति से वाहन चलाना, हेलमेट और सीट बेल्ट न पहनना, यातायात के नियमों का पालन न करना आदि के बारे में बताते हुए उन्हें मोटर वाहन अधिनियम 1988 और मोटर वाहन संशोधन अधिनियम 2019 के प्रावधानों के बारे में बताया। इसके अलावा नई मोटर वाहन कानून के तहत बड़े हुए जुर्माना और नाबालिकों के वाहन चलाने और दुर्घटना करने पर उनके अभिभावकों को 25000 का जुर्माना और 3 साल तक की सजा के प्रावधान बारे में बताया। जन जागरूकता रैली के दौरान सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा,सड़क सुरक्षा का पूर्ण ज्ञान- देता है हमको जीवन दान, मानव जीवन है अनमोल-तेज गति से तौबा है बोल आदि नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की बनबसा इकाई के अधिकारियों सब-इंस्पेक्टर दीपक कुमार, राकेश प्रसाद, सुभाष जोशी के अलावा सीमा सुरक्षा बल के प्रति. निधियों महावीर सिंह, योगेंद्र सिंह तोमर, गुलाब सिंह राठी आदि जवानों ने भी भाग लिया।

# पौधारोपण अभियान 468 वें दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 468वे दिन भी जारी रहा।



पौधारोपण अभियान के 468वेदिन पर्यटक आवास गृह बागेश्वर, बैजनाथ, कौसानी, अल्मोड़ा, डीनापानी, बिनसर,खैरना,भवाली, में निगम कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने प्रात: होली डे होम अल्मोड़ा में बद्रीनाथ धाम यात्रा में जा रहे यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। यात्रियों को यात्रा मार्ग में पौधारोपण करने हेतु पौधे दिए गए। यात्रियों ने होली डे होम अल्मोड़ा परिसर में पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि आज 27 अक्टूबर को संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के निगम मुख्यालय नैनीताल में चुनाव होंगे। दिनेश गुरुरानी बिगत 30 वर्षों से अध्यक्ष हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनको प्रत्येक आवास गृह व निगम की इकाईयों में 30 वर्षों के कार्यों को देखते हुए निगम कर्मचारियों ने सम्मानित किया। वहीं उन्होंने भी संगठन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# शिक्षक उपाध्याय को एनपीईपी कार्यक्रम में किया सम्मानित

■ **शिक्षक उपाध्याय लगातार बच्चों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर में पहुंचाने का कर रहे कार्य**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त राउमावि खूनाबोरा में कार्यरत शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय को अपने विद्यालय के बच्चों तथा एस्कॉर्ट शिक्षक के रूप में जनपद के बच्चों को विभिन्न मुकामों में पहुंचाने के लिए डायट के प्रभारी प्राचार्य डीएस खेतवाल, कार्यक्रम समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी सहित संकाय सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के जनपद समन्वयक तथा एनपीईपी प्रभारी शिवराज सिंह तड़ागी ने कहा कि श्री उपाध्याय विगत कई वर्षों से निरंतर अपने विद्यालय के बच्चों को लगातार विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग कराते आ रहे हैं।

इसके साथ ही श्री उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष एनपीईएपी कार्यक्रम, कला उत्सव प्रतियोगिता, बाल चौपाल, जी20 प्रतियोगिता, एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम, संस्कृत प्रतियोगिता, हैकथॉन प्रतियोगिता के साथ ही अन्य कई प्रतियोगिताओं में राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते आ रहे हैं।

इसके साथ ही श्री उपाध्याय विभिन्न प्रतियोगिताओं में जनपद चंपावत के छात्र-छात्राओं के एस्कॉर्ट शिक्षक तथा टीम लीडर के रूप में बच्चों को निरंतर प्रतिभाग कराते आ रहे हैं, जिसमें जनपद के कई बच्चों का चयन राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है।

इस अवसर पर डायट के प्रभारी प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल, डा. कमल गहतोड़ी, रवीश पचौली, भूपेंद्र सिंह देव, रणजीत सिंह राणा, प्रकाश चन्द्र जोशी, राजू पंत, प्रियंका जोशी, निशा आदि उपस्थित थे।

# अल्ट्रा मैराथन 'आदि कैलाश परिक्रमा रन' टीम तैयार, जिम्मेदारियां की तय

■ **मुख्य विकास अधिकारी मुख्य नोडल अधिकारी नामित**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** वाइब्रेंट विलेज गुंजी में आगामी दो नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाली अल्ट्रा मैराथन "आदि कैलाश परिक्रमा रन" की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय बैठक कलक्ट्रेट सभागार, पिथौरागढ़ में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयोजन की सभी तैयारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी को मुख्य नोडल अधिकारी नामित किया गया। परियोजना निदेशक (ग्राम्य विकास) आशीष पुनेठा को प्रदर्शिनी हेतु स्टॉल स्थापना हेतु नोडल अधिकारी बनाया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या को प्रतिभागियों हेतु आवास (एकोमोडेशन) व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया। उपाधीक्षक पुलिस, धारचूला को कानून एवं व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी को भोजन एवं खानपान व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। बीआरओ को सड़क सुधार एवं मरम्मत कार्य हेतु नोडल एजेंसी बनाया गया साथ ही अन्य विभागों को भी आयोजन से संबंधित विशिष्ट दायित्व सौंपे गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि छियालेख में हेल्प डेस्क एवं हेल्थ डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिभागियों को यहीं पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सके तथा स्वास्थ्य, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित मार्गदर्शन भी प्राप्त हो सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, डीएफओ आशुतोष सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, एडीएम योगेन्द्र सिंह, आईटीबीपी, भारतीय सेना के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घराट (पनचक्की) ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त माध्यम ही नहीं, इससे जुड़ी हैं पूर्वजों की यादें

■ **घराट को नया जीवन देने के साथ इन्हें पर्यटन एवं मत्स्य पालन की दृष्टि से भी किया जाएगा पुनर्जिवित: डीएम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पहाड़ों में पूर्वजों की विरासत घराट (पनचक्की) जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त माध्यम हुआ करती थी, इनके महत्त्व के समझने की भूल ने ग्रामीणों के मुंह से फलता-फूलता रोजगार छिन गया। इन्हीं घराटों के इर्द-गिर्द पहाड़ों की जिंदगी घुमा करती थी। लेकिन राज्य बनने के 25 साल बाद पहली बार जिलाधिकारी के रूप में मनीष कुमार ने घराटों के महत्व एवं इसमें निहित रोजगार को समझते हुए अब इसे बहुदेशीय बनाने की और कदम बढ़ाए हैं।

## जिले के सभी घराटों को दिया जाएगा नया जीवन: डीएम

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार का कहना है कि घराटों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर इन्हें पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। घराट चलाने के लिए जहां पानी रोका जाता है उसमें मत्स्य पालन भी किया जा सकता है। गाड़ गधेरों व नदियों के जलस्तर को बढ़ाने के लिए इसके जलागम क्षेत्र में पानी के पोषक पौधों का सघन रोपण किया जाएगा।

पहाड़ों में घराट लोगों की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन की धुरी रहे हैं। अपने पूर्वजों की विरासत को आज भी जिंदा रखते आ रहे देवीधुरा के समीप बैरख गांव के हयात मेहरा कहते हैं कि समय के साथ यदि घराटो के आधुनिकरण की सोच रखी गई होती तो आज हमारी यह विरासत लुप्त नहीं होती। उरेडा द्वारा आधुनिक तकनीक से बनाए गए घराट अनाज पिसने के साथ बिजली भी पैदा कर रहे हैं। हालांकि नदियों एवं गाड़ गधेरों का जलस्तर काफी कम हो गया है। इसके बावजूद भी श्री मेहरा का कहना है कि वह विषम परिस्थितियों में भी इस विरासत को जिंदा रखे हुए हैं। इसे देखने के लिए देवीधुरा आने वाले पर्यटक भी पहाड़ों के इस पुरातन उद्योग की कला को देखने के लिए आते हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सभी घराटों को नया जीवन देने की पहल से हमारी भविष्य की उम्मीद में पंख लगे हैं।

# ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध परिवहन विभाग का सघन चेकिंग अभियान

■ **विभिन्न नियमों के उल्लंघन में 98 वाहनों का चालान, 23 के दस्तावेज जब्त, तीन वाहन सीज**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/बनबसा।** जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध "ड्रिंक एंड ड्राइव" अभियान के तहत टनकपुर बनबसा क्षेत्र से चंपावत-लोहाघाट की तरफ जाने वाली गाड़ियों के लिए सघन चे. कंग अभियान चलाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन मनोज बगोरिया के नेतृत्व में संचालित इस अभियान में टैक्सी संचालकों की शिकायत पर वाहनों के कागजातों की कड़ी जांच की गई।

अभियान के दौरान चालकों की जांच अल्कोमीटर से की गई, ताकि नशे की स्थिति में वाहन संचालन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।इस अभियान के दौरान विभिन्न नियमों के उल्लघन में कुल 98 वाहनों का चालान, 23 वाहनों के दस्तावेज जब्त, तथा 3 वाहनों को सीज किया गया। चेकिंग के दौरान वाहनों की फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, परमिट, बिना हेलमेट वाहन चलाना ख्र 52, यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग 14, बिना सीट बेल्ट 11, ट्रिपल राइडिंग 3, बिना परमिट 3, भार वाहनों में ओवरलोडिंग 4, बिना पी.यू.सी.सी 5, बिना एच.एस. आर.पी 2, बिना बीमा 3, ओवरस्पीडिंग 2, बिना किराया सूची 4, बिना रिफ्लेक्टर 2, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग 1, बिना फिटनेस 1, बिना ड्राइविंग लाइसेंस 1, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग 1, बिना टैक्स 14, भार वाहनों में सवारियां ढोना 3, गलत लेन में वाहन संचालन 1 आदि। अभियान के दौरान 28 चालकों की अल्कोमीटर से जांच भी की गई, जिनमें से कोई भी चालक नशे की स्थिति में वाहन चलाते हुए नहीं पाया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है।

एआरटीओ (प्रवर्तन) मनोज बगोरिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और सभी जनपद वासियों से अपील की कि अपने वाहन के सभी आवश्यक कागजात साथ रखें और नियमों का कठोरता के साथ पालन करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाना अधिकार नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद में ड्रिंक एंड ड्राइव और रोड सेफ्टी अवेयरनेस जैसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सुरक्षित यातायात का माहौल बनाया जा सके। इस अभियान में परिवहन कर अधिकारी प्रमोद चौधरी, परिवहन उप निरीक्षक आनंद सिंह बिष्ट, परिवहन आरक्षी सोनिया नेगी, नीरज कुमार, महेंद्र पाल, निशा जोशी, चालक फकीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# तंजीम उल्मा ए अहले सुन्नत संस्था करेगी आठ मुस्लिम गरीब जोड़ों का नि:शुल्क भव्य निकाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इस्लामिक प्रमुख सामाजिक संस्था तंजीम उल्मा ए अहले सुन्नत के द्वारा 1500 साला ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर अनेक सामाजिक कार्यों के आयोजन किए जा रहे है। इसी कड़ी में खटीमा की सरजमी में पहली बार इस्लाम समुदाय में सामूहिक विवाह आयोजन कराने का संस्था ने बीड़ा उठाया है।

**29 अक्टूबर को खटीमा के आपा जी गोल्डन मैरिज हॉल में होगा भव्य आयोजन**

इस्लामिक सामाजिक संस्था के प्रमुख मौलाना इरफान उल हक कादरी साहब द्वारा स्थानीय मीडिया को जानकारी देते हुए बताया गया की खटीमा में 1500 साला ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर तंजीम उल्मा ए अहले सुन्नत संस्था द्वारा पहली बार खटीमा में इस्लाम धर्म में सामूहिक विवाह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आठ निर्धन जोड़ो का निकाह 29 अक्टूबर को इस्लामिक रीति रिवाज के अनुसार संपन्न कराया जायेगा।जिसमे सभी विवाह हेतु शिरकत कर रहे जोड़ो को 55 हजार के गृहस्थी हेतु सामान उपहार स्वरूप दिए जाएंगे। इसके अलावा हर जोड़े की तरफ से सौ-सौ लोगो के दावतनामे का इंतजाम संस्था द्वारा किया जा रहा है। हालाकि संस्था द्वारा 15 निर्धन जोड़ो का निकाह उक्त आयोजन में किया जाना था लेकिन इस्लामिक धर्म में पहली बार सामुहिक आयोजन में 15 जोड़ो की सहमति ना होने पर संस्था ने आठ निर्धन बेसहारा कन्याओं के निकाह को इस आयोजन के माध्यम से संपन्न कराने का संकल्प लिया है। जिसे 29 अक्टूबर को स्थानीय आपा जी गोल्डन मैरिज हॉल में भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा। इससे पहले संस्था ने गरीब निर्धन लोगो के लिए फ्री मेडिकल कैंप, गरीब परिवारों को साल भर के मुफ्त राशन के अलावा निर्धन बच्चो के पढ़ाई की व्यवस्था करने का सामाजिक कार्य कराया गया था।

वहीं संस्था प्रमुख मौलाना इरफान उल हक कादरी के द्वारा कहा गया समय समय पर उक्त संस्था सामाजिक जरूरतों के हिसाब से अपने सामा. जिक दायित्वों का निर्वहन अनवरत करती रहेगी। इस मौके पर मौलाना इरशाद तहसीनी, हाफिज जफरुद्दीन, मुफ्ती सईद अनवर साहब, हाफिज शराफत, मुफ्ती मुहाफिज राजा, मौलाना अमानुल हक कादरी तथा मौलाना सज्जाद हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# नवयुग बना दसवीं अन्तर्विद्यालय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का चैम्पियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के पदमपुर मोटाढांक स्थित नवयुग पब्लिक स्कूल में दसवीं अन्तर्विद्यालय बालिका वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व बेटी खिलाओ के तहत पूर्व प्रधानाचार्या स्व0 शैली नेगी के स्मृति में विद्यालय के प्रांगण में रविवार 26 अक्टूबर को नवयुग ने डैफोडिल को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारम्भ माँ शारदा के दीप प्रज्ज्वलन व रिबन काट कर किया गया। विद्यालय के संस्थापक हुकम सिंह नेगी ने मुख्य अतिथि ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विशेषज्ञ व एकहम फाउंडेशन की संस्थापक ख्याति प्राप्त डा. अपाला बड़ूनी का स्वागत कर बैज अलंकरण किया साथ ही अपने संबोधन में खेल, बालिका शिक्षा में परस्पर सम्बन्ध व उसके महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डा. अपाला बड़ूनी ने भी सभी खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए नसे की प्रवृति, सोशल मीडिया के दुरूप्रयोग व लैगिंक भेदभाव आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं को जागरुकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला सेमीफाइनल नवयुग पब्लिक स्कूल व एमकेवीएन के बीच खेला गया। नवयुग पब्लिक स्कूल ने ष्टानदार खेल दिखाते हुए एमकेवीएन को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डैाडिल ने राइजिंग सन को 2-1 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। साँसे रोक देने वाले रोचक फाइनल मुकाबले में नवयुग पब्लिक स्कूल ने डैफोडिल को हराकर चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की। नवयुग पब्लिक स्कूल ने सीधे सेटो में 2-0 से फाइनल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरुस्कृत किया गया जिसमे सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर- सुहानी डैफोडिल, सर्वश्रेष्ठ स्मेशर ईशिका नवयुग, सर्वश्रेष्ठ सेटर अनामिका नवयुग, सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाडी माही एमकेवीएन व प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी ईशिका नवयुग को दिया गया।

# कृषि औद्यानिक व पर्यटन मेले में रंगारंग कार्यक्रम

■ **स्थानीय स्कूली बच्चों ने दी अनेक रंगारंग प्रस्तुति**




**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड मुख्यालय जखोली में चल रहे पांच दिवसीय कृषि औद्यानिक एवं पर्यटन विकास मेले का दूसरा दिन स्कूली बच्चों व स्थानीय कलाकारों के नाम रहा। दूसरे दिन स्कूली बच्चों व स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्ख्रतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। मेले में लगे विभिन्न विभागों के स्टाल व प्रदर्शनी भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

विकासखंड जखोली के प्रांगण में आयोजित कृषि एवं पर्यटन विकास मेले का दूसरे दिन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व केदारनाथ विधायक के प्रतिनिधि वाचस्पति सेमवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र लसह भंडारी, पूर्व प्रमुख प्रदीप थपलियाल, अगस्त्यमुनि ब्लाक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी आदि ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के द्योतक होते हैं, जिन्हें संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मेला संयोजक व ब्लॉक प्रमुख विनीता चमोली व ज्येष्ठ प्रमुख नवीन सेमवाल ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि काश्तकारों एवं स्थानीय लोगों को मेले में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों से विभागीय योजनाओं की जानकारियां लेकर उनका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने मेले में स्थानीय लोगों के बढ़कर मिल रहे सहयोग के लिए सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया है। मेले के दूसरे दिन नागेन्द्र इंका बजीरा की छात्राओं ने स्वागत गीत व राइंका पांजणा, ओंकारानंद इंका जखोली, राइंका रामाश्रम, राइंका पौंठी, सरस्वती शिशु मंदिर जखोली, राउप्रावि चौंरा, राउमावि वरसिर, राइंका जयंती कोठियाड़ा, राप्रावि कपणियां, सरस्वती विद्या मंदिर बुढ़ना, राइंका गोर्ती, बच्चवाड़ सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा शिक्षक माधव सिंह नेगी द्वारा संच. ालित धर्म और अहंकार पर आधारित नाटक द्रौपदा की लाज की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख विनीता चमोली, पूर्व प्रमुख प्रदीप थपलियाल, ज्येष्ठ उप प्रमुख नवीन सेमवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख राजेन्द्र सिंह रावत, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जून गहरवार, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख नागेंद्र पंवार, प्रधानाचार्य गो. विंद सिंह नेगी, सुरेंद्र सकलानी सहित अन्य मौजूद थे।

# टिहरी में नशामुक्त समाज की दिशा में ठोस पहल

## एनसीओआरडी बैठक में तय हुई सख्त रणनीतियां, जिलाधिकारी के निर्देशन में हुई एनसीओआरडी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

नई टिहरी। जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को एनसीओआरडी की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले को नशामुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की गई। बैठक में नशे के दुष्प्रभावों को रोकने और इसके स्रोत पर अंकुश लगाने के लिए कई ठोस निर्णय लिए गए। अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने सभी विभागों से उनके मासिक नशामुद्रि संबंधी कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि ड्रग्स की आपूर्ति को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त और समन्वित कार्रवाई की जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में गठित एंटी-ड्रग्स कमेटियों की मासिक रिपोर्ट नियमित रूप से पुलिस विभाग को भेजी जाए। साथ ही पुलिस विभाग को होटल, रेस्टोरेंट और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मासिक छापेमारी के दौरान ड्रग और यूरीन टेस्टिंग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिले के सभी कक्लेजों और मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी फुटेज नियमित रूप से जांची जाए। पुलिस और समाज कल्याण विभाग को सभाओं और प्रचार वैन के माध्यम से नशा उन्मूलन के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने



का निर्देश दिया गया। इसके अलावा नशीली वस्तुओं की मांग और आपूर्ति की चेन को तोड़ने के लिए संवेदनशील स्थानों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने पर भी बल दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल 'मानस' (हेल्पलाइन नंबर 1933) का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि नागरिक नशे से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत साझा कर सकें।

इस अवसर पर सीओ टिहरी ओ. सिन जोशी ने बताया कि अक्टूबर माह में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत चार अभियोग दर्ज किए गए, जिनमें चार अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इनके पास से 419.86 ग्राम चरस और 219.26 ग्राम स्मैक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थानों में गठित एएनटीएफ टीमों द्वारा अब तक 45 जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों और आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ऋषभ धमा ने बताया कि सितंबर माह में मेडिकल स्टोर्स पर 13 संयुक्त निरीक्षण किए गए, जिनमें कफ सिरप के 18 सैंपल लिए गए। एक मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा न होने पर नोटिस जारी किया गया। वहीं, रॉड्स संस्था की रंजीता थपलियाल ने बताया कि संस्था द्वारा अब तक चार नशामुक्त विवाह कराए गए हैं। इसके अलावा 102 लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और धार्मिक स्थलों पर हनुमान चालीसा वितरित कर जनजागरूकता बढ़ाई गई। वहीं, वन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग और आबकारी विभाग के प्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी मासिक कार्यवाहियों की जानकारी साझा की।

# विधायक चीमा ने किया चार विकास कार्यों का शिलान्यास

काशीपुर। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने शनिवार को क्षेत्र में 48.40 लाख की लागत से बनने वाले चार विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास ही उनकी प्राथमिकता है, और जैसे-जैसे धन की उपलब्ध्ता होगी, प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। विधायक चीमा ने बताया कि वार्ड नंबर 05 ओम विहार कॉलोनी में अशोक कुमार के घर से मोहित के मकान तक 180 मीटर खड़ंजा निर्माण, गली नंबर 01 में अमर सिंह के घर से राम नरेश के घर तक 75 मीटर खड़ंजा निर्माण, गली नंबर 05 में जय नारायण सिंह के मकान से श्याम के मकान तक 48 मीटर खड़ंजा निर्माण तथा गली नंबर 07 में ग्रीस चन्द्र के मकान से सुधीर के मकान तक 47 मीटर खड़ंजा निर्माण कार्य किया जाएगा। इन कार्यों के पूरा हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और सड़कों की स्थिति में सुधार होगा। विधायक चीमा ने कहा कि सभी मार्गों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों की निगरानी में सहयोग करें, ताकि सभी कार्य समय पर और मानक के अनुरूप पूरे किए जा सकें। इस अवसर पर पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, खिलेन्द्र चौधरी, आशीष गुप्ता, गुरविन्दर सिंह चंडोक, पीयूष मित्तल, पार्षद कदीर मलिक, दुर्गेश श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां कुंजापुरी मेले का शुभारंभ आज से

- मुख्यमंत्री धामी करेंगे शुभारंभ
- नौ दिनों तक सजेगा आस्था और संस्कृति का रंगारंग पर्व

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** आस्था, संस्कृति और विकास का प्रतीक बन चुका सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला आज सोमवार से नरेंद्रनगर में शुरू हो रहा है। इस ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ विधिवत किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक, सांस्क्रतिक और खेलकूद कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ होगी, जो पूरे नौ दिनों तक जारी रहेगी। मेले में प्रतिदिन विविध खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं, प्रदेश के लगभग सभी विभागों की ओर से विकास प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी, जिनमें सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आम जनता को दी जाएगी। मेला समिति और जिला प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पूरे नरेंद्रनगर शहर को रंग-बिरंगी लाइटों, बैनरों और सजावट से दुल्हन की तरह सजाया गया है। सोमवार को मेले के उद्घाटन के अवसर पर नरेंद्रनगर बाजार में क्षेत्रीय विद्यालयों, सांस्कृतिक दलों और विभिन्न विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी। इस दौरान मुख्य मार्ग पर यातायात को नियंत्रित रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। नरेंद्रनगर से तीन किलोमीटर पहले प्लासड़ा बाईपास और चंबा की ओर से राजमहल चुंगी पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। नरेंद्रनगर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि झांकी आयोजन के दौरान दोपहर 12 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक बाजार क्षेत्र में वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऋषिकेश से चंबा की ओर जाने वाले वाहनों को नरेंद्रनगर बाजार से डायवर्ट कर बाईपास मार्ग से भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेला क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालु और आगंत. ुक मेले का आनंद सुरक्षित वातावरण में ले सकें।

# मां ज्वाल्पा देवी मंदिर में शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन उमड़ा श्रद्धा का सागर

**नई टिहरी।** विकासखंड नरेंद्रनगर के पट्टी क्वीली ग्राम दाबड़ा स्थित सिद्धपीठ मां ज्वाल्पा देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ के पां. चवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देवी के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा और भक्तों ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह नौ दिवसीय महायज्ञ 22 अक्टूबर से आरंभ हुआ था, जो देवी आराधना, वेद मंत्रोच्चारण और वैदिक अनुष्ठानों के साथ निरंतर संपन्न हो रहा है। महायज्ञ के पांचवें दिन सुबह से ही आचार्य राजेश गैरोला, रविंद्र गैरोला, अमित कोठारी, सूरज बिजल्वाण और विनोद नौटियाल के नेतृत्व में वैदिक



विधि-विधान के अनुसार यज्ञ संपन्न किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी गई और देवी की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने मां ज्वाल्पा देवी की डोली का माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की और देवी को पुष्प, ्ल, श्रीफल एवं नारियल अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। महायज्ञ के आयोजक और मां ज्वाल्पा देवी के उपासक चंडी प्रसाद सेमल्टी ने सपरिवार वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ देवी का आहवान किया और सभी भक्तों से धर्म, आस्था और सदाचार के मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस पावन अवसर पर नगर पंचायत गजा की पूर्व अध्यक्ष मीना खाती, गजेंद्र सिंह खाती, राजेंद्र सिंह खाती, पूर्व जेष्ठ प्रमुख ईश्वरी प्रसाद बिजल्वाण, ग्राम प्रधान सुरेश कोठारी, रोशन लाल सेमल्टी, दिनेश प्रसाद उनियाल, एल.एस. राणा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रकम वापसी को लेकर देहरादून कूच करेंगी एलयूसीसी पीडित

**श्रीनगर।** एलयूसीसी कंपनी द्वारा की गई ठगी में रकम वापसी की मांग को लेकर महिला पीडितों का धरना रविवार को भी जारी रहा। आंदोलन का नेतृत्व कर रही सरस्वती देवी ने राज्य स्थापना दिवस के दिन देहरादून कूच करने की बात कही। उन्होंने ठगी पीड़ित महिलाओं को बड़ी संख्या में देहरादून परेड ग्राउंड पहुंचने का आहवान किया। सरस्वती देवी ने कहा कि विगत पांच महीनों से अधिक समय से वह रकम वापसी की मांग को लेकर आंदोलित हैं। नगर के पीपलचौरी में ठगी पीड़ित महिलाओं का अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी है, लेकिन शासन-प्रशासन कोई उनकी सुध नहीं ले रहा है। कहा कि अब मांगों को लेकर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर देहरादून कूच किया जायेगा।

# डिजिटल युग में भी निजमुला घाटी के सैकड़ों लोग फोन की एक घंटी सुनने को तरसे



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**चमोली।** भारत सरकार देश में सूचना क्रांति का ढोल पीट रहे हैं। लेकिन निजमुला घाटी के सैकड़ों लोगों के कान में फोन की एक घंटी सुनने को तरस रही हैं। निजमुला घाटी के दर्जनभर गांवों को दूरसंचार सुविधा से जोड़ने के लिए एक मात्र बीएसएनएल मोबाइल टावर लगाया गया है। बीएसएनल के कर्मचारियों की लापरवाही से मोबाइल फोन पर कई दिनो से घंटी नहीं बज पा रही है यदि फोन पर घंटी बजती भी है तो बात नहीं होती नेट तो चलता नहीं,बोलने को तो 4 जी लगाया गया है।लिहाजा ग्रामीणों को दूरभाष सुविधा का लाभ लेने के लिए 20 से लेकर 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है।बीएसएनएल के अधिकारी पुरोहित का कहना है व्यारा में स्थित एक मात्र बीएसएनल टावर पर 700 बैंड लगा है,जबकि इसमें 2100 बैंड लगना चाहिए था इस लिए नेट की समस्या हो रही है। वैसे तो दूरसंचार के क्षेत्र में निजमुला घाटी का अपना इतिहास रहा है। ब्रिटिश शासन काल में निजमुला घाटी में मौजूद दुर्मी ताल हुआ करता था तब यहां हरिद्वार से सिंगल तार वाली दूर संचार लाइन बिछाई गई थी। उस दौरान चमोली जिले में यह एकमात्र घाटी थी, जहां दूरसंचार सुविधा उपलब्ध थी। हालांकि 1998 तक इस घाटी के गौंणा, गाड़ी, दुर्मी, पगना, निजमूला, ब्यारा, सैंजी, पाणा, ईराणी समेत दर्जनभर गांवों के लिए दूरसंचार सुविधा दिवास्वप्न बनी रही। 1998 के बाद इस घाटी को दूरसंचार सुविधा से जोड़ने की पहल की गई। ब्यारा गांव निवासी देवेंद्र पंवार का कहना है कि फोन कॉल करने के लिए 20 किलोमीटर दूर बिरही या फिर चमोली आना पड़ रहा है। पूर्व ग्राम प्रधान व्यारा बृज लाल पूर्व सरपंच सबर सिंह ने बताया कि बीमारी या फिर दुर्घटनाओं के दौरान तो सूचनाओं का आदान प्रदान ही मुश्किल हो रहा है।

# हनुमान मंदिर की टीम बनी क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** 49वें सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले की क्रीड़ा प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रही क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक समापन रविवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। फाइनल मुकाबले में हनुमान मंदिर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि आगराखाल की टीम उपविजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को मेले के समापन दिवस पर ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।



प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आगराखाल और कुंजा. पुरी क्लब के बीच खेला गया। कुंजापुरी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में आगराखाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 41 रन बनाकर जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच भौकुछ क्लब और हनुमान मंदिर के बीच हुआ। इस मैच में हनुमान मंदिर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को 84 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में भौकुछ क्लब की टीम मात्र 59 रनों पर सिमट गई, जिससे हनुमान मंदिर की टीम ने ाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ निवर्तमान पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार और खेल अध्यक्ष साकेत बिजल्वाण ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। निर्णायक मुकाबले में हनुमान मंदिर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 111 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाज हिमांशु ने 21, सुधांशु ने 30 और मंदवाल ने 19 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। गेंदबाजी में सुधांशु ने 4 विकेट झटके, जबकि सत्येंद्र और अंकित ने 2-2 विकेट लेकर विरोधी टीम की पारी को तहस-नहस कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आगराखाल की टीम दबाव में नजर आई और 61 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। इस तरह हनुमान मंदिर की टीम ने शानदार 50 रनों की जीत दर्ज कर इस वर्ष की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैदान पर मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जमकर तालियां बजाईं। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक रमेश असवाल, महेश गुसांई, राजू भारती, संतोष राणा, सुरेश शर्मा, हितेश जोशी, विपिन कुमार, धनेश पालीवाल सहित आयोजन समिति के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर कार्य करना होगाः प्रो. नेगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में भूगोल विभाग व भारतीय भारतीय भूगोलवेत्ता संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में परिवर्तनशील पृथ्वी, संवेदनशील पर्यावरण और जलवायु अनुकूल समाजों की दिशा में मार्ग विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन जलवायु परिवर्तन एवं पर्वतीय पर्यावरण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही कृषि ग्रामीण विकास भूमि एवं जलधारा एवं पर्यटन विषयों पर मुख्य रूप से शोध पत्र प्रस्तुत के गए। इस मौके पर हिमालयी क्षेत्र के संयोजक प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में बिगड़ते पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने के लिए स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाना और यहाँ के विकास कार्यों में हिमालयी क्षेत्र की संवे. दनशीलता को ध्यान में रखते हुए कार्य करना अतिआवश्यक है। मौके पर राजस्थान विश्वविद्यालय उदयपुर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष और नेचर रिसर्च इंस्टीट्यूट के संस्थापक सदस्य प्रो. सीमा जालान, प्रो. एमएस पंवार, प्रो. बीएस बुटोला, प्रो. वीएस नेगी, प्रो. बीपी नैथानी, डा. अतुल कुमार, डा. किरण वर्मा, डा. राज. ेश भट्ट, डा. मंजू भंडारी थे।

# भाजपा नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध

- उच्च शिक्षा मंत्री बोले, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंचें

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** भाजपा के ओर से शनिवार देर सांय अदिति स्मृति न्यास में भैया दूज पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि यदि आज देश और उत्तराखंड में भाजपा की सरकार जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है, तो इसमें हमारी माताओं और बहनों का अतुलनीय योगदान है। कहा कि भाजपा संगठन सदैव नारी शक्ति के सम्मान और



सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। कहा कि रक्षाबंधन कार्यक्रम आपदा के कारण न हो पाने के बावजूद, भैया दूज कार्यक्रमों के माध्यम से बहनें और कार्यकर्ता उसी भावना के साथ संगठन से जुड़ रहे हैं। डा. रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का कार्य करें, ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम के दौरान डा. रावत ने संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत, मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा रेनू सुंदरियाल, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद रामेश्वरी देवी, संयोजक मंडल महामंत्री शुभम प्रभाकर, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी रावत, पार्षद गुढी गैरोला, सुनीता गैरोला, आशा उपाध्याय, ऊषा कंडारी, मीना असवाल, राजेश्वरी रावत, अंजना डोभाल, उमा गुंसोला सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# बैकुंठ चतुर्दशी मेले में होगी मातृशक्ति वॉलीबाल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** पौराणिक एवं आध्यात्मिक बैकुंठ चतुर्दशी मेला 2025 श्रीनगर में सांस्कृतिक एवं परम्परागत कार्यक्रमों के साथ-साथ इस बार मातृशक्ति वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी एवं पौड़ी महिला की एक दर्जन से भी अधिक टीमें प्रतिभाग करेंगी। माध्यमिक वर्ग बालिका एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने बताया कि महिला वाल. ीबाल की लोकप्रियता को देखते हुए दर्शकों में भी बॉलीबाल देखने और खेलने का रूझान निरंतर बढता जा रहा है। कहा कि विगत दो दशकों से खेलेगी मां तो सीखींगे बच्चे स्लोगन के साथ 30 उम्र का पड़ाव पार चुकी महिलाओं के लिए यह खेल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो निरंतर दर्शकों का आकर्षण का केन्द्र बन गया है। इसी को देखते हुए नगर निगम मेला समिति को संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने मातृशद्रि वालीबाल प्रतियोगिता का आग्रह किया गया था। जिस पर नगर निगम श्रीनगर ने मातृशक्ति वालीबाल प्रतियोगिता कराने का ैसला लिया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को एकत्तीस हजार एवं उपविजेता टीम को एक्कीस हजार देने की घोषणा की है। खेल टीमों का पंजीकरण आगामी पांच नवम्बर तक किया जायेगा।

# भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

## भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल बोले- युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैंदोली, प्रदेश महामंत्री मुलायम सिंह रावत और दीप कोश्यारी (दीपेंद्र) का भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। पूरे कार्यालय परिसर को भगवा पताक. ाओं, पुष्पमालाओं और बैनरों से सजाया गया था।

भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ (उमेश) अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है। जब युवा शक्ति जाग्रत होती है तो समाज और संगठन दोनों नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं में राष्ट्र निर्माण की नई चेतना आई है। युवा मोर्चा उसी ऊर्जा, संकल्प और सेवा भावना का प्रतीक है। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जो सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।



संगठन में युवाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जा रहे हैं, इसलिए हर युवा कार्यकर्ता को अपने कार्य से उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और यदि यह शक्ति सही दिशा में लगाई जाए तो भारत विश्व में अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लें। सिद्धार्थ अग्रवाल ने युवामोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैंदोली, प्रदेश महामंत्री मुलायम सिंह रावत और दीप कोश्यारी (दीपेंद्र) तीनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक खजान दास, दर्जाधारी राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ढिल्लों, सुनील शर्मा, संकेत नौटियाल, जगदीश सेमवाल, ओम कक्कड़, अक्षत जैन, राजेश बडोनी, हरीश डोरा, आशीष नागरथ, समीर ढोबले, विनोद शर्मा ,मोतीराम, संदीप बिजवान आदि युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एप्पल मिशन स्कीम के काश्तकारों का जल्द होगा भुगतानः राजकुमार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में एप्पल मिशन के सैकड़ों सेब काश्तकारों को सरकार से सब्सिडी का भुगतान न होने से विभाग के प्रति नाराजगी है। इन किसानों में ऐसे भी युवा हैं, जो कोराना के दौरान बड़े महानगरों एवं शहरों की नौकरियां छोड़कर पहाड़ वापस लौट आये हैं। अब काश्तकारों ने अंशदान का भुगतान न होने के कारण मायूसी छाई है। इधर बागवानी विकास परिषद के उपाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि मिशन एप्पल स्कीम में उद्यान विभाग की सरकार को शिकायत मिली थी। प्रकरण में हमारी जीरो टॉलरेंस की सरकार ने सीबीआई जांच के बैठाई हैं। जिस कारण कुछ्ाईलों का सत्यापन नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि काश्तक. ारों का जल्द भुगतान किया जा रहा है। वहीं पर्वतीय कृषक कृषि बाग. वानी व उद्यमी आजाद डिमरी ने बताया कि सेब उत्पादक किसानों को मिशन एप्पल योजना के काश्तकार राज्य में सबसे अधिक काश्तकार उत्तरकाशी जनपद के है। इस योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता राशि सब्सिडी वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 का भुगतान भी नहीं हुआ जिससे बाग. वान काश्तकारों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि उत्तराखंड के किसानों ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी एप्पल मिशन योजना पर काम किया। योजना की स्वीकृति के समय सरकार ने उनसे 20 प्रतिशत कृषक अंश जमा करवाया, लेकिन 4 साल बीतने के बावजूद उन्हें आज तक शेष 80 प्रतिशत अनुदान नहीं दिया गया है।

मार्केटिंग फंड का खाता सीज हुआ था। जिससे भुगतान प्रक्रिया में देरी हुई। दुसरी ओर सत्यापन के लिए फाइल पुरी नहीं आये है। विभाग के पास एक करोड़ की धनराशि बची है और तीन करोड़ पचास लाख की शेष धनराशि के लिए वजट की डिमांड की गई है। जल्द भुगतान की प्रकिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि उत्तरकशी जनपद के लगभग 500-600 काश्तकार है जिनका भुगतान होना है।

- **डा रजनीश सिंह** जिला उद्यान अधिकारी उत्तरकाशी।

खेल विशेष

## शाइना मणिमुथु व दीक्षा सुधाकर ने जीते स्वर्ण पदक

**चेंगदू, वार्ता।** शाइना मणिमुथु (अंडर-15) और दीक्षा सुधाकर (अंडर-17) ने रविवार को अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने बैडमिटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में, शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जिसके बाद दीक्षा सुधाकर ने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराया। रविवार के नतीजों का मतलब था कि भारतीय दल दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटेगा। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे।

## भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे

**फ़िलीपींस, वार्ता।** स्थानीय खिलाड़ी मिगुएल तबुएना ने घरेलू प्रशंसकों को खुश किया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की लगातार बर्डी का सामना करते हुए, बिंगोप्लस द्वारा प्रस्तुत 20 लाख अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में सात अंडर 65 का शानदार स्कोर तीन शॉट की प्रभावशाली जीत के लिए पर्याप्त साबित हुआ। गर्दन में ऐंठन के कारण एसजेएम मकाओ ओपन से हटने के ठीक एक हफ्ते बाद, अपने घरेलू कोर्स, स्टा एलेना गोल्फ क्लब में खेलते हुए, तबुएना ने कुल 24 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि काजुकी हिगा (65) और योसुके असाजी (67) की जापानी जोड़ी 21 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रही।

● दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत ने दूसरे दिन 7 स्वर्ण पदक जीते



● **8 रजत व 4 कांस्य पदक भी जीते, चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है**

**रांची, वार्ता।** भारत ने चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। इस के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है और पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में भारत की नंधिनी के ने 13:56 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण, मौमिता मंडल (भारत) ने रजत और विजेवेरा विथा (श्रीलंका) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में भारत के मानव आर ने 13:78 सेकंड में स्वर्ण, श्रीलंका के रनतुंगे रोशन ने रजत और भारत के कृषिक एम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला 1500 मीटर फाइनल में भारत की संजना सिंह ने 4:25:36 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता । यह उनका इस चैम्पियनशिप का दूसरा स्वर्ण है। श्रीलंका की डब्ल्यूकेएल अरच्च निमाली ने रजत और भारत की काजल कंवडे ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष 1500 मीटर फाइनल में भारत के अर्जुन वास्कले ने 3:54:58 मिनट में स्वर्ण पदक जीता।

श्रीलंका के गल्लागे रुसीरु चाथ और रोजिदीन मोहामथु ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए। महिला 400 मीटर फाइनल में भारत की नीरू पाठक ने 53:सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि साथी खिलाड़ी ओलिबा स्टेफी ने रजत और श्रीलंका की मेंडिस बला. पुवा सयु ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सीमा ने 55.14 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण जीता, निधि ने रजत और श्रीलंका की असगीरिये गेदारा विनोद ने कांस्य जीता। पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के किरपाल सिंह ने 56.22 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता। निर्भय सिंह (भारत) ने रजत और डब्ल्यूडीएम मिलंत संपत (श्रीलंका) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष ऊंची कूद में श्रीलंका के ए समरवीरा ने 2.17 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण, भारत के रोहित (2.15 मीटर) ने रजत और आदर्श राम (2.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 400 मीटर फाइनल में श्रीलंका के हेवा कुमारगे कालिन ने 46.21 सेकंड में स्वर्ण, भारत के मोहम्मद अशफाक ने रजत और श्रीलंका के कुरुविटगे काल्हारा ने कांस्य पदक जीता।



## ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मज़ा आया: राणा

● **कहा: मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लैंथ मेरे लिए सही रहेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में चार विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए, हर्षित राणा ने इस सीरीज में गेंदबाजी के अपने अनुभव पर कहा कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में गें. दबाजी करने में बहुत मजा आया क्योंकि मैं एक साल पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यहां था, इसलिए मैं पहले से ही परिस्थितियों से वाकिफ था। मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लेंथ मेरे लिए सही रहेगी। गौती भाई (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और मोर्न मोर्कल (गेंदबाजी कोच) का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे लगातार सही दिशा में गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित किया।

सपोर्ट स्टाफ भी बेहतरीन था, वे मुझे अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते रहे। यह एक सपने जैसा है क्योंकि पिछले एक साल में बहुत कुछ हुआ है। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करना और अब आज यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, यह मेरे लिए बहुत ही भावुक और खास सफर रहा है।

दिन के अपने पसंदीदा पल और उसमें रोहित शर्मा की भूमिका के बारे में राणा ने कहा कि मिच ओवेन का विकेट मेरा सबसे पसंदीदा था। इसके पीछे एक कहानी है। शुभमन गिल ने मुझसे पूछा कि क्या मैं स्लिप लेना चाहता हूँ, और मैंने मना कर दिया। फिर रोहित भाई, जो कवर पर खड़े थे, ने मुझसे कहा, 'स्लिप ले ना, जाने दे मेरेको (बस स्लिप ले लो, मैं वहाँ जाकर खड़ा हो जाता हूँ)। मैं मान गया, और फिर कुछ ही देर में, किनारा सीधा स्लिप में रोहित भैया के पास चला गया! मैं उनका बहुत आभारी था। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैंने तुमसे कहा था कि स्लिप ले लो!' यह एक यादगार पल था।

## हंशिका और सारिका को रजत भारतीय महिला टीम बनी चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है और चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। हंशिका लांबा (53 किग्रा) और सारिका (59 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते। दोनों पहलवान फाइनल में पहुंचीं, लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गईं। अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने 125 अंक हासिल करके 2025 अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की चैंपियन ट्रॉफी जीत ली। अमेरिका 102 अंकों के साथ दूसरे और जापान 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं :55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया यह भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है और हमारी युवा महिला पहलवानों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है।

## हर्षित राणा ने आलोचना भूल कर मैदान में दिया करारा जवाब

● **कोच श्रवण कुमार बोले: आखिरी मौका था, खुद पर भरोसा रखा और अपना बेस्ट दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वनडे टीम में जगह पाने के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर लगातार सवाल उठ रहे थे। पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत और आर. अश्विन ने खुलकर आलोचना करते हुए कहा था कि हर्षित को टीम में इसलिए शामिल किया गया क्योंकि वह गौतम गंभीर की चापलूसी करते हैं। लेकिन शनिवार को हर्षित ने चार विकेट लेकर न सिर्फ टीम की जीत में अहम योगदान दिया, बल्कि अपने प्रदर्शन से आलोचकों को भी जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच श्रवण कुमार ने बात. चीत में कहा कि अच्छा खिलाड़ी मैदान में अपने प्रदर्शन से ही जवाब देता है। आज हर्षित ने वही किया। उन्होंने आगे कहा कि हर्षित को पता था कि यह उसका आखिरी मौका है। अगर उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो उसे बाहर बैठना पड़ सकता था। हमने उससे बातचीत की थी और उसने कहा था, 'सर, यह आखिरी मौका है।' शायद यह अल्टीमेटम कोच और टीम मैनेजमेंट की ओर से था। मैंने उसे कहा, 'खुद पर भरोसा रखो और अपना बेस्ट दो।' उसने वही किया और चार विकेट लेकर सभी आलोचकों को जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच ने कहा उसने यह साबित कि चयनकर्ताओं ने उस पर भरोसा उसके टैलेंट के आधार पर जताया है न कि टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर की चापलूसी की वजह से। श्रवण कुमार इंडियन क्रिकेटर ईशांत शर्मा के भी कोच रहे हैं। उन्होंने कहा युवा खिलाड़ी कभी-कभी स्टेबलिश्ड नहीं होते और उन्हें शुरुआती मुकाबलों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। यंग प्लेयर की यही खासियत होती है कि वह सीखता है, गलती करता है और सुधारता है। जब बुमराह जैसे ट्राइड एंड टेस्टेड खिलाड़ी भी कुछ मैचों में संघर्ष कर सकते हैं, तो हर्षित से हर बार परफेक्ट परफॉर्मेंस की उम्मीद रखना ठीक नहीं है। जो प्लेयर आला. ेचना कर रहे है, वह भूल गए कि उन्हें कितने मौके मिले कोच ने आलोचकों पर पलटवार भी किया और कहा कि लोगों को लगता है कि अगर किसी सीनियर का शागिर्द है, तो हर्षित को मौका यूं ही मिल गया।

## पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त: इरफान पठान



■ **इरफान ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोहित और विराट की तारीफ की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शतकधारी रोहित शर्मा और अर्द्धशतक बनाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि अपनी पारी से दोनों बल्लेबाजों ने दिखा दिया कि 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त'। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए विशेषज्ञ इरफ़ान पठान ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रतिभा के बारे में बात की कि आज जिस तरह से चीज़ें सामने आईं, ऐसा लगा जैसे ये होना ही था। इन दोनों महान खिलाड़ियों (विराट और रोहित) को एक साथ मैच खत्म करते देखने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। विराट को ऑस्ट्रेलिया में 50 का औसत बनाए रखने के लिए इस मैच में लगभग 70-74 रनों की जरूरत थी, और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अगर यह न्याय नहीं है, तो और क्या है? इरफान ने कहा कि रोहित ने बहुत मेहनत की, उन्होंने अपना वजन कम किया, पूरी मेहनत की।

## पंजाब एफसी का अर्शदीप के साथ करार

● **पंजाब एफसी ने अपनी गोल कीपिंग लाइनअप को मजबूत बनाते हुए गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में लिया**



**मोहाली, वार्ता।** पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिग लाइनअप को और सशद्र बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। महिलपुर (पंजाब) के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी (इंडियन सुपर लीग - आईएसएल) से टीम में शामिल हो रहे हैं, और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच - गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ - से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्टूबर को खेला जाएगा। अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। 2016-17 सीजन में सीनियर टीम में प्रमोट किए जाने के बाद, वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली ऐतिहा. सिक टीम का हिस्सा रहे। मिनर्वा के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग क्वालिफायर और एएफसी कप दोनों में महत्वपूर्ण मैच खेले, जिससे उन्हें अपने करियर की शुरुआती अवस्था में ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त हुआ।

2019 में अर्शदीप ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कदम रखा और तीन अलग-अलग क्लबों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**ओडिशा एफसी:** अर्शदीप ने क्लब के साथ तीन सीजन बिताए। उन्होंने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपना आईएसएल डेब्यू किया और अपने तीन साल के कार्यकाल में 33 मैचों में हिस्सा लिया।

**एफसी गोवा:** 2022-23 सीजन में उन्होंने एफसी गोवा के लिए 17 मैचों में गोलकीपिग की।

**हैदराबाद एफसी:** 2024-25 सीजन में वे हैदराबाद एफसी की टीम का हिस्सा रहे।

उनका पंजाब एफसी से जुड़ना क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण और उच्च-प्रोफाइल साइनिग मानी जा रही है, जो न केवल अनुभव और स्थिरता लाता है बल्कि स्थानीय जुड़ाव को भी मजबूत करता है। पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि पंजाब एफसी को अर्शदीप को साइन करने पर गर्व है। वह हमारी गोलकीपिग यूनिट को मजबूती देंगे और साथ ही एक स्थानीय प्रतिभा के रूप में हमारी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## फ्रेंच ओपन में चीनी शटलर फाइनल में पहुंचे

● **फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी यूकी और मायू से होगा**

**बीजिंग, वार्ता।** चीनी खिलाड़ियों ने शनिवार को फ्रेंच ओपन बैडमिटन टूर्नामेंट की तीन स्पर्धाओं में फाइनल में जगह पक्की कर ली। महिला एकल वर्ग के एक प्रमुख मुकाबले में, चीनी स्टार चेन यूफेई ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से-यंग को 87 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 18-21, 21-16 से हराया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में, चीन की वांग झीयी ने हमवतन हान यू को 21-14, 20-22, 21-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

महिला युगल सेमीफाइनल में भी चीनी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ली यिजिग और लुओ जुमिन ने ओलंपिक चैंपियन चेन किगचेन और जिया यिफान को 21-16, 21-17 से हराया। फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से होगा। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, चीनी जोड़ी फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिग ने वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की तांग चुन मान और त्से यिग सुएट को 20-22, 21-17, 21-16 से हराया।

अब उनका अगला मुक. ाबला थाई जोड़ी डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिस्सारा पेवसम्प्रान से होगा। चीन के ली शिफेंग ने पहला गेम 21-15 से जीता, जिसके बाद डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में 21-19, 21-13 से जीत हासिल की, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार क्रिस्टो पोपोव ने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को सीधे गेम में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को रौंदा

● **गेंदबाजों की बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस ने नाबाद 86 और टैमी ने 40 रनों की शानदार पारी खेली**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस (नाबाद 86), और टैमी ब्यूमोंट (40) की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को महिला विश्वकप के 27वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को 124 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

न्यूजीलैंड के 168 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए ऐमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 15वें ओवर में लिया तहुहू ने टैमी ब्यूमोंट को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। ब्यूमोंट ने 38 गेंदो में सात चौके लगाकर 40 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने ऐमी जोंस के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 28वें ओवर की पहली गेंद पर सोफी डिवाइन ने हीथर नाइट को पगबाधा आउट कर हार की दहलीज पर खड़ी न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। हीथर नाइट ने 40 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुके इंग्लैंड ने 29.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ऐमी जोंस ने 92 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 86 रन बनाए। जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड, इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक पायी और 38.2 ओवर में 168 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर ने सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। एमेलिया केर ने (35), कप्तान सोफी डिवाइन (23), मैडी ग्रीन (18), इसाबेला गेज (14), सूजी बेट्स और जस केर ने 10-10 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए लिसी स्मिथ ने तीन विकेट लिये। नेट शिवर ब्रंट और ऐलिस कैप्सी को दो-दो विकेट मिले। सोफी एक्लस्टोन और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ब्रूक का शतक बेअसर, कीवियों ने जीता मैच

● **डेरिल मिशेल 78 और ब्रेसवेल 51 के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाई**



**माउंट मॉन्गानुई, वार्ता।** हैरी ब्रूक का एक शानदार शतक अनुकूल परिणाम नहीं दे सका क्योंकि डेरिल मिशेल (78') और माइकल ब्रेसवेल (51) के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। उनके शुरू होने से पहले, जकारी फॉल्क्स (4-41) और जैकब डफी (3-55) ने दमदार गेंदबा. जी करके मैच की शुरुआत की, जिससे इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही धराशायी हो गई, लेकिन ब्रूक ने पलटवार किया। मैट हेनरी ने मैच की पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, उन्होंने जेमी स्मिथ के बल्ले और पैड के बीच से गैप को चीरकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद फॉल्क्स ने बेन डकेट को आउट किया - जिन्होंने राउंड द स्टंप्स से गेंद को तेजी से आगे बढ़ाया और उन्हें आउट कर दिया - और जो रूट को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 5/3 हो गया। जल्द ही यह स्कोर 10/4 और 33/5 हो गया क्योंकि फॉल्क्स और हेनरी ने नई गेंद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखते हुए क्रमश: जैकब बेथेल और जोस बटलर को आउट किया। सैम करेन 12वें ओवर में फॉल्क्स के चौथे शिकार बने, जब गेंद विकेट के पीछे लगी। ब्रूक, जिन्होंने कुछ ओवर पहले ही जवाबी हमले की आग भड़कानी शुरू कर दी थी, उनके साथ जेमी ओवरटन ने पारी को संभालने वाली साझेदारी की। ब्रूक ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी अपने इरादे मजबूत किए और 16वें ओवर में एक शानदार छक्के की मदद से 36 गेंदों में अर्द्धशतक पूरा किया। ओवरटन भी जैकब डफी की तरफ दौड़ते हुए अपना बल्ला घुमाने में मशगूल थे। नाथन स्मिथ की बाउंसर पर ओवरटन के हेलमेट पर चोट लगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे खेलने के लिए तैयार थे। डफी की एक धीमी गेंद पर ओवरटन ने ब्रूक के साथ अपनी साझेदारी को आधे रन तक खींच लिया, लेकिन फिर वह आउट हो गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का मुख्य किनारा कवर पर डेरिल मिशेल के पास पहुंच गया और उन्होंने 54 गेंदों पर 46 रन बनाए। डफी ने अगली ही गेंद पर ब्रायडन कार्स को बैकवर्ड पॉइंट पर शून्य पर कैच करा दिया। 143/8 के स्कोर पर इंग्लैंड का अंत नज़दीक लग रहा था, लेकिन ब्रूक का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था।

## हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से व सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली/तिनसुकिया, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से तथा सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया। हरियाणा बनाम त्रिपुरा मुकाबला, पर्थ वत्स (चार और पांच विकेट) निखिल कश्यप ( चार और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाण ने आज त्रिपुरा को 19.1 ओवर में 47 के स्कोर पर ढेर करने के बाद 16 रनों के लक्ष्य को 4.3 ओवर में एक विकेट पर 18 रन बनाकर हासिल कर लिया। अर्जुन शर्मा (नौ विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। आज यहां असम ने दूसरी पारी में कल के 56 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सर्विसज के अर्जुन शर्मा और अमित शुक्ला के गेंदबाजी आक्रमण के आगे असम की पूरी टीम दूसरी पारी में 73 के स्कोर पर ढेर हो गई। अर्जुन शर्मा ने 9.3 ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। अमित शुक्ला ने छह ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये। पुलकित नारंग ने दो और मोहित जांगड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सर्विसेज को जीत के लिए 71 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 13.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाकर हासिल कर लिया।

### एसपी देहात ने किया झबरेड़ा थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण

# मुस्तैदी से अपराधों पर लगाएं अंकुशः सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** एसपी देहात चंद्रशेखर सुयाल ने रविवार को झबरेड़ा थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था के साथ दफ्तर सिपाहियों की बैरक व अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से जायज लिया।

एसपी देहात ने कहा कि थाना झबरेड़ा की सीमा उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर लगी हुई है पुलिस को दोनों प्रदेशों की लगी सीमाओं के रास्तों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे दूसरी ओर के बदमाश थाना क्षेत्र में न आ सके। रविवार को एसपी देहात द्वारा थाना झबरेड़ा का अध 'वार्षिक निरीक्षण किया गया। एसपी देहात चंद्रशेखर सुयाल ने थाने के निरीक्षण के दौरान कहा कि ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर दोनों प्रदेशों के थाने की पुलिस आपस में बैठकर कुछ समझौते किए हैं। इससे यहां पर क्राइम मे कुछ कमी आई है ।उन्होंने बताया कि थाने में साफ सफाई के साथ-साथ थाने से संबंधित रिकॉर्ड का निरीक्षण किया गया है वह भी संतोषजनक पाया गया है। कस्बा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को कुछ स्थान चिह्नित करते हुए



वहां पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं की वजह सड़कों पर युवाओं द्वारा तेज गति से चलाई जा रही बाइक तथा ट्रक व डंपर होते हैं। उनकी रफ्तार पर अंकुश लगाना आवश्यक है। ओवरलोड वाहनों के बारे में पूछने पर बताया कि शुगर मिल तथा गन्ना कोलहूओ मे गन्ना पेराई का कार्य चलते ही ओवरलोड वाहनों की संख्या

> ❖ थाने की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, बैरक व हथियारों के रखरखाव का भी किया बारीकी से निरीक्षण
>
> ❖दरोगाओं को लंबित विवेचना को जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ जाती है। उन्होंने थाने की रसोई की खस्ताहाल हालत देखते हुए बताया कि रसोई को अच्छे से बनाया जा सके इसका प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले की अपेक्षा थाने में पुलिस की कमी को कुछ स्टाफ बढ़ाकर दूर किया गया है। इकबालपुर क्षेत्र में कुछ गांव में अधिक लड़ाई झगड़े होते हैं वहां पर थानाध्यक्ष को समय-समय पर स्वयं चेकिंग करने के आदेश दिए गए हैं। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक विवेक कुमार थानाध्यक्ष अजय शाह एस आई शहजाद अली रविंद्र कुमार जय सिंह राणा राजेंद्र सिंह रोहित कुमार नवीन चौहान रणवीर सिंह मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन कालनेमि अभियान के तहत एक युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने ऑपरेशन कॉलनेमी के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस पकडे गये आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑपरेशन कालनेमी" अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय हरिद्वार एवं श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रुड़की हरिद्वार महोदय की पर्यवेक्षण में श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय कोतवाली रुडकी हरिद्वार के कुशल नेत्तृव में कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा दिनांक 26.08.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत दौराने चौकिंग 01 व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा जो अपना नाम पता सही नहीं बता रहा था। जिस कारण उक्त व्यक्ति को अन्तर्गत धारा 172(2) बी0एन0एस0एस के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम प्रदुम पुत्र यशपाल निवासी सुनहरा थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार उम्र 22 वर्ष है। उसकों पकडने वाली पुलिस टीम में वीरेश खत्री, अभिषेक आदि शामिल रहे।

# 16 नवंबर को बीएसएम कॉलेज में होगा त्यागी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** त्यागी कल्याण एवं विकास समिति रूड़की की कार्यकारिणी की बैठक गंगा एनक्लेव में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी ने बताया कि आगामी 16 नवंबर को समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह बीएसएम इंटर कॉलेज हॉल में आयोजित किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रजीव त्यागी होंगे। शीघ्र ही क्षेत्र प्रभारियों द्वारा घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र बांटे जाएंगे। अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि हाई स्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन तथा व्यावसायिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले अपने पाल्यों की अंक तालिका क्षेत्र प्रभारी के माध्यम से अथवा स्वयं 09 नवंबर तक अवश्य समिति को अवश्य उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें मैरिट सूची में शामिल किया जा सके। इसके अलावा विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले युवक; युवतियों और 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बुजुर्गों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में महामंत्री श्याम कुमार त्यागी द्वारा कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित दायित्वों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सर्व श्री जे डी त्यागी, डॉ० राकेश त्यागी,धर्मपाल त्यागी, कुलभूषण त्यागी, मुकेश त्यागी एडवोकेट, नरेश त्यागी, नरोत्तम त्यागी एडवोकेट, आयुष त्यागी एडवोकेट, ब्रिजेश त्यागी फौजी, शिव कुमार त्यागी, विनोद त्यागी, संजीव त्यागी, राकेश त्यागी, अनुराग त्यागी पार्षद, अनुराग त्यागी, सुशील त्यागी, मास्टर योगेश त्यागी, विकास त्यागी, नंद किशोर त्यागी, अशोक त्यागी,आदेश त्यागी, सतीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### योगेश के हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर दलित समाज का प्रदर्शन

# आरोपियों को तुरंत पकड़ने की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** योगेश पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित समाज के विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने योगेश को सुरक्षा दिए जाने की मांग भी की। वहीं एसपी देहात ने उन्हें समझाकर शांत किया और कहा कि दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है साथ ही आश्वासन दिया कि जल्द अन्य की गिरफ्तारी होगी।

जानकारी के अनुसार रविदास ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश प्रमुख पर शुक्रवार शाम कार सवार लोगों ने हमला कर दिया था। यह हमले में योगेश को गंभीर चोटे आई थी और रुड़की में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर किया गया था। मामले को लेकर बीती रात दलित समाज के विभिन्न संगठनों ने कोतवाली घेराव की चेतावनी सोशल मीडिया के माध्यम चली थी। आज विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचे। नेशनल भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश कटारिया,प्रदेश अध्यक्ष भीम आर्मी जय भीम संगठन के प्रदेश पर प्रभारी दीपक सेठपुर, अध्यक्ष अंकुश शेरवाल एवं सोनू लाठी ने कहा कि



इस प्रकार की घटना बेहद निंदनीय है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी, योगेश प्रमुख एवं उनके परिवार को सुरक्षा दिए जाने की मांग की। सभी दलित नेताओं ने कहा कि 48 घंटे के अंदर अगर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो समाज के लोग आगे की रणनीति तैयार करेंगे। वहीं कोतवाली पहुंचे लोगों से एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने वार्ता की। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द ही कर दी जाएगी। वारदात में इस्तेमाल हुई गाड़ियां पुलिस के कब्जे में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से ही पुलिस सक्रिय होकर कार्य कर रही है और किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं सुरक्षा दिए जाने की मांग को शासन तक पहुंचाया जायेगा।

### अशासकीय वेतन अनुदान संघर्ष समिति उत्तराखंड की बैठक का आयोजन

# प्रबंध समिति के हितों की रक्षा को लड़ी जाएगी लड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशासकीय वेतन अनुदान संघर्ष समिति उत्तराखंड द्वारा बैठक का आयोजन चौ0 बालचन्द सैनी इण्टर कॉलेज ढण्डेडी ख्वाजगीपुर में हुई बैठक की अध्यक्षता विजेंद्र गोसाई व संयोजक प्रधानाचार्य यशवीर सिंह सैनी व आशीष कुमार सैनी ने की।

रूड़की हरिद्वार उत्तराखंड ने किया तथा संचालक श्री प्रदीप राणा ने बताया कि हरिद्वार क्षेत्र से समस्त प्रबंधक, प्रधानाचार्य, कर्मचारियों सहित 50 सदस्य तथा देहरादून से 10 सदस्य व टिहरी से 05 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य प्रस्ताव के रूप में समस्त अनुदान संघर्ष स्टार में विद्यालय तथा अनुदान सूची में सम्मिलित होने पर अनुदान है प्राप्त जूनियर से इंटर कॉलेज के समस्त विद्यालय हेतु सरकार की 4 जनवरी 2017 के शासनादेश को पूर्ण निरस्त करने हेतु विज्ञापन, समय क्रोध प्रेस वार्ता, धरने की रणनीति पर सर्वसम्मति द्वारा निर्णय लिया गया। तथा उच्च संबंध में 27/10/2025 को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, क्षेत्रीय विधायक, शिक्षा सचिव, वित्त सचिव आदि को अपना




विज्ञापन प्रस्तुत करने और आगामी 15 से 20 दिन उपरांत यदि कोई कार्यवाही नहीं होती है तो उल्लिखित गतिविधियों के माध्यम से संघर्ष किया जाएगा। बैठक में यशवीर सिंह सैनी, विनोद कुमार को इस लड़ाई को लड़ने के लिए जिम्मेदारी दी गई। तथा समस्त 13 जिलों में इसी प्रकार कार्यकारणी का विस्तार करने हेतु पत्राचार को जिम्मेदारी श्री विजेंद्र सिंह गुसाई(अध्यक्ष) जीके निर्देश पर किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्त के रूप में श्री संदीप कुमार कंबोज, प्रमोद कुमार, रजनीश शर्मा, अरुणवीर सिंह, विनोद कुमार, आदित्य कुमार, आशीष कुमार सैनी, अभिषेक शर्मा, अश्वनी कुमार, जाहिर अली, अश्वनी कुमार, सुखपाल सिंह कोहली, अरविन्द रौथाण, श्री महादेव उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुन्हारी से सुल्तानपुर जामा मस्जिद पर होते हुए अली चौक तक कांग्रेसियों के द्वारा वोट कर पेपर कर को लेकर पैदल मार्च निकाला गया है। पूर्व में कांग्रेस प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने कहा कि जिस तरह से भाजपा के द्वारा वोट चोरी करके सरकार बनाई गई है यह बहुत ही गलत है। उन्होंने कहा हरिद्वार में भी लोकसभा चुनाव में इन लोगों के द्वारा वोट चोरी करके सरकार बनाई। पूर्व विधायक तस्लीम अहमद आरिफ प्रधान संजय सैनी बालेश्वर सिंह के द्वारा बताया गया कि आने वाले 2027 के चुनाव में सभी कांग्रेस एकजुट होकर उत्तराखंड में भी कांग्रेस



की सरकार बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि धोखेबाजी से बनी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम यही कांग्रेस के कार्यकर्ता करेंगे। वहा पर सैकड़ों कांग्रेस के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें हाजी तसलीम,आरिफ प्रधान,संजय सैनी, बालेश्वर सिंह इंजीनियर तौफिक अनवर अहमद सतवीर चौधरी, जग्गी अध्यक्ष, डॉ उमा दत्त, धर्मपाल, इकबाल नेता, बाबू ताहिर हसन, सभासद सनावर राजा, सभासद मुसर्रत अली, सभासद शादाब अली,समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लक्सर में छठ पूजा की धूम महिलाओं ने रखा व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने के लिए लक्सर क्षेत्र के घरों और बाजारों में बड़े ही जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। यह त्योहार विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और नेपाल समेत अन्य कई क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। स्थानीय निवासी कमलेश देवी ने इस पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि जिसकी भी मनोकामना भगवान पूरी कर देते हैं, वह इस त्योहार को अत्यधिक श्रद्धा के साथ मनाते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि यह पर्व बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और नेपाल के भी कई प्रदेशों में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस त्योहार में महिलाएं 48 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं और अपनी मनोकामना पूरी होने पर इसे मानती हैं। कमलेश देवी ने बताया कि आज छठ पूजा का छोटा त्योहार है, जबकि कल छठ पूजा का बड़ा त्योहार (मुख्य पूजा) होगा। वहीं, समाजसेवी संजय वर्मा ने भी छठ पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्व का त्योहार है। इस पर्व में सभी महिलाएं 48 घंटे का कठिन व्रत रखती हैं।

## सनेश्वर सिंह को भाजपा ने किया पदमुक्त

**रुड़की।** पहाड़ एवं क्षत्रिय समाज के लोगों के बारे में गलत टिप्पणी करने वाले सनेश्वर सिंह को भाजपा ने सभी पदों से मुक्त कर दिया है। सनेश्वर सिंह भाजपा में ढंडेरा मंडल के उपाध्यक्ष थे। कुछ दिनों पहले ढंडेरा निवासी सनेश्वर सिंह की एक ही ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसमें वह पहाड़ के लोगों एवं क्षत्रिय समाज के बारे में टिप्पणी करते सुनाई दिए थे। मामले को लेकर गुस्साए पहाड़ मूल के लोगों ने उनके खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला भी फूंका था। इसके साथ ही मामले की तहरीर पुलिस को दी थी। वहीं अब मामले में भाजपा द्वारा कार्रवाई की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मधु सिंह विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी गई कि जिला प्रभारी आदित्य चौहान से विचार विमर्श के बाद ढंडेरा मंडल के उपाध्यक्ष सनेश्वर सिंह को सभी पदों से मुक्त कर दिया है।

## विद्यालय में निर्मित हॉल का राज्यसभा सांसदों ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री गांधी महिला शिल्प विद्यालय इंटर कॉलेज में सांसद निधि से निर्मित हॉल का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। हॉल राज्यसभा सांसद नरेश बंसल की सांसद निधि वर्ष 2023-24 के अंतर्गत लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। इस निर्माण कार्य में विशेष प्रयास राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापिकाओं तथा छात्राओं ने राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल एवं डॉ. कल्पना सैनी का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल ने कहा कि महिला शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। यह हॉल विद्यालय की छात्राओं के सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि इस हॉल के निर्माण से विद्यालय में शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

### सिविल लाइन पुलिस ने क्षेत्र में चलाया सत्यापन अभियान

# 85 लोगों का किया सत्यापन, 15 के खिलाफ की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर करीब 15 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 85 लोगों का सत्यापन किया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में बिना सत्यापन के निवासरत किरायेदार व होटल ढाबों में कार्य करने वाले बाहरी व्यक्तियों/ किरायेदारों दुकानों में कार्य करने वाले/संदिग्ध व्यक्तियों /वाहनों की गहनता से चौकिंग कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिनके अनुपालन में कोतवाली रूड़की पुलिस द्वारा पुलिस टीमें गठित कर होटल ढाबों व दुकानों तथा किरायेदारों व उसमे कार्य करने वाले वाहरी व्यक्तियो की चौकिंग हेतु सिविल लाइन क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में अभियान चलाया गया। चौकिंग में पुलिस द्वारा निम्न व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान 81 पुलिस एक्ट में नगद 3750/- रुपयें संयोजन शुल्क वसूला।

# करोड़ों देशवासियों के मन की भावना को जोड़ने वाला सेतु है मन की बात : नरेश बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रसारित संदेशों में राष्ट्र की एकता, सामाजिक सद्भाव, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवा जागरूकता जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया गया।

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह करोड़ों देशवासियों के मन की भावना को जोड़ने वाला सेतु है। राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार आज हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत हैं! और समाज को नई दिशा और दशा देने का कार्य कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को मन की बात के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाना चाहिए ताकि



समाज के हर हिस्से तक राष्ट्र निर्माण की भावना पहुंच सके। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने किया। इस मौके राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज गुरुकुल नारसन के प्रांगण में जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में हरिद्वार जिले के बहादराबाद, भगवानपुर, लक्सर, रुड़की, एवं नारसन ब्लॉक के चयनित प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा से उपस्थित खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आर्या वर्त चौधरी ने किया इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं उन्होंने कहा खेलों के द्वारा हम समय प्रबंधन का निर्माण करने में सफल होते हैं खेलों के द्वारा युवाओं में आत्म बल का विकास होता है। जिला खेल समन्वयक हरिद्वार गजेंद्र सिंह ने मंच साझा किया और उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता जो की अंडर 14 नैनीताल एवं 17 एवं 19 वर्ग रुद्रप्रयाग में आयोजित होगी में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता मे अंडर 14 बालिका वर्ग में गुरप्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अंडर 14 बालक वर्ग में अभिनव ने प्रथम स्थान मयंक ने दूसरा स्थान

प्रतियोगिता , एवं ग्रीस में तीसरा स्थान प्राप्त किया । अंडर 17 बालिका वर्ग में अँशिका ने प्रथम, शगुन में दूसरा स्थान एवं आस्था ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग में दिव्यांश भारद्वाज ने प्रथम स्थान, प्रिंस ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान गौरव ने प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में



बिंदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अंडर-19 बालक वर्ग कृष्ण ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान खुशहाल त्यागी ने एवं तीसरा स्थान शिवम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राजीव चौधरी, संजीव राणा, आर एल बड़ौनी, मनीष काकरान, प्रदीप कुकरेती, संतराम, पवन राना, अरविंद चौधरी, सौरभ कुमार, कार्तिक जोशी, उमेश बंदोलिया, प्रशांत प्रशांत राठी, मांगेराम मौर्य, धनंजय मलिक, अखिल वर्मा, चरण सिंह,मानिक चौहान, संजीव कुमार, प्रीति सैनी, सुषमा पांडे एवं आलोक द्विवेदी ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

**शाह टाइम्स**

**सम्पादकीय**

**सोमवार, 27 अक्टूबर 2025**

# आसियान को संबोधन

इस समय मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान समिट हो रहा है। रविवार को 22वें आसियान भारत सम्मेलन को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चअुल संबोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। पीएम मोदी ने दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग के लिए 2026 को आसियान भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया। प्रधानमंत्री मोदी का कहना था कि आसियान मिलकर विश्व की एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, जोकि बड़ी संख्या है और इससे इसके महत्व का पता चलता है। आसियान समिट के सफल आयोजन के लिए उन्होंने पीएम अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। पीएम मोदी को आसियान में भाग लेने के लिए स्वयं जाना था, बाद में अपने कार्यक्रमों के चलते वह भाग नहीं ले सके और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सम्मेलन में गए हैं। आसियान सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। जहां कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है, वहीं भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी उतार-चढ़ाव आता दिखाई दे रहा है। रविवार को ही फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को लेकर यह दावा कर दिया कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत कहता रहा है और उसने फिर दो. हराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रहित पर आधारित है न किसी बाहरी दबाव पर। भारत ही नहीं ट्रम्प ने तो चीन के संबंध में यह कह डाला कि चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और वह सब इसलिए है कि हमने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं दूसरी तरफ वाशिंगटन में अमे. रिकी विदेशी मंत्री मार्क रूबियो ने यह कह डाला कि अमे. रिका पाकिस्तान से अपने रिश्ते मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। आतंकवाद पर रूबियो ने पाक का यह कहकर बचाव भी किया कि अमेरिका और पाक पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उनकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका ने फिर से यह दोराया कि वह पाक के साथ रणनीतिक दोस्ती करना चाहते हैं। जाहिर है इस तरह का वातावरण भारत को असहज करने वाला ही है। ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है और भारत ऐसा करता दिखाई दे रहा है। आसियान के सहयोग की बात जिस तरह मोदी ने की है, उससे भी पता चलता है कि भारत अब अपने लिए नए रास्ते तलाश रहा है। अब यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका के साथ भारत अपने हितों को लेकर बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता। ट्रम्प ने अमेरिकी हितों को सर्वोपरि रखकर यह जता दिया है कि वह अपने हितों के सामने किसी के नुकसान की कोई परवाह नहीं करने वाला।

## आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या



महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिक. ार हो गई है, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है, एक होनहार डाक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई, जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया, सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है, यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया

# अब तेजस्वी का राहुल को करना है





**श्रवण गर्ग**

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।) महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

बिहार के नतीजों की इन उम्मीदों के साथ प्रतीक्षा करते करना चाहिए कि नीतीश कुमार के अवसरवादी नेतृत्व को बीस वर्षों तक बर्दाश्त करने के बाद राज्य को उनसे मुक्ति मिलने जा रही है। कहा जा सकता है कि बसपा, शिव सेना और आप के साथ किए जा चुके सफल प्रयोगों के बाद बीजेपी की रणनीति का अगला बड़ा शिकार अब जेडी(यू) बनने जा रहा है। चारों उदाहरणों में एक तत्व कॉमन है कि अपनी तात्कालिक राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए इनके नेताओं ने बीजेपी के साथ कथित तौर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आत्मघाती गठबंधन किए।

बिहार के मामले में उल्लेखनीय यह है कि बीजेपी ने नीतीश कुमार से पिंड छुड़ाने का फैसला यह जानते हुए भी ले लिया कि जिन दो बैसाखियों पर मोदी सरकार का साढ़े तीन साल का बाकी अस्तित्व टिका रहने वाला है उनमें एक बैसाखी जेडी (यू) के समर्थन की है। अमित शाह के दूरगामी चिंतन की दाद दी जानी चाहिए और साथ ही आश्चर्य भी व्यक्त करना चाहिए कि इतनी कठिन परिस्थितियों में भी ममता और स्टालिन की सरकारें गृहमंत्री के ताप से कैसे बची हुई हैं?

नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने के सवाल पर अमित शाह के जवाब के बाद साफ हो गया कि बिहार के दिन भी अन्य बीजेपी राज्यों की तरह ही फिरने वाले हैं और पटना को भी कोई नया भजनलाल, विष्णु देव, मोहन यादव या मोहन चरण प्राप्त हो सकता है। मानकर चलना चाहिए कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार और वर्तमान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य दागी उम्मीदवारों को हराने की मतदाताओं से अपील करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह बीजेपी आलाकमान की मौन स्वीकृति से ही यह साहस दिखा पा रहे होंगे।

नीतीश कुमार को उम्मीद रही होगी कि राजद और कांग्रेस के बीच कघयम तनाव के चलते महागठबंधन सीएम फेस की घोषणा अंत तक नहीं कर पाएगा और उनके लिए पलटी खाने के दरवाजे नतीजे आने तक खुले रहेंगे। राहुल को अंतत: बोधि सत्व की प्राप्ति हो गई और नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान कर दिया गया। घोषणा के जरिए सचिन पायलट को भी राजस्थान संदेश भिजवा दिया गया कि पार्टी आलाकमान के पास अशोक गहलोत का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

जिन दो नजरियों से चुनावों में झांकने की अब जरूरत है उनमें एक यह है कि लालू-राबड़ी-नीतीश द्वारा बिहार के 35 साल सम्मिलित रूप से लील जाने के युग की क्या हकीकत में समाप्ति होने जा रही है? दूसरा नजरिया यह देखना है कि बिहार के रास्ते इंडिया ब्लॉक की राष्ट्रीय पटल पर वापसी की जो संभावना वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल-तेजस्वी की जुगलबंदी से प्रकट हुई थी वह अभी कघयम हैं या व्यक्तित्वों के बीच हुए अहंक. ारों के टकराव की भेंट चढ़ चुकी है?

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।)

महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है और महागठबंधन के भविष्य को लेकर फैसला राहुल को लेना है। इतना तय है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन अगर विजई हो जाता है तो जीत का सेहरा तेजस्वी के माथे पर ही बंधेगा। पराजय की स्थिति में क्या होने वाला है अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरू दोनों को पता है। पिछले साल यूपी में नौ सीटों के लिए हुए उपचुनावों में 'इंडिया ब्लॉक' के खराब प्रदर्शन का ठीकरा अखिलेश के परिवार के एक सीनियर नेता ने कांग्रेस के अहंकार के माथे पर फोड़ दिया था। प्रतीक्षा की जानी चाहिए कि 14 नवंबर के बाद लालू क्या बोलने वाले हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जन-सुराज: वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन

**राजनैतिक विश्लेषक हालांकि बिहार के चुनावी रण में श्जन सुराज पार्टीश के उतरने को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जन सुराज पार्टी भी असद्दुदीन ओवैसी की एआईएमआईएम की ही तरह राज्य में वोट काटने वाली पार्टी साबित होगी और इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। जबकि कुछ का मानना है कि केवल एन डी ए ही नहीं बल्कि जन सुराज पार्टी विपक्षी महागठबंधन को भी नुकसान पहुंचाएगी। उधर प्रशांत किशोर अपना सीधा मुकाबला सत्ता रूढ़ एनडीए से ही बता रहे हैं परन्तु साथ ही उनका यह भी कहना है कि चुनाव परिणाम ही फैसला करेंगे कि उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फर्श पर।**



**तनवीर जाफरी**

पूरे देश की निगाहें इस समय बिहार विधानसभा के होने जा रहे आम चुनावों पर लगी हुई हैं। इन चुनावों में जहां देश व राज्य के अनेक पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल चुनाव मैदान में सत्ता अथवा विपक्ष के किसी न किसी गठबंधन के साथ मिलकर बिहार का भाग्य बदलने के नाम पर खुद अपना भाग्य आजमा रहे हैं वहीं इस बार के चुनाव में पहली बार जन सुराज पार्टी नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जन सुराज पार्टी जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित, बुद्धिजीवी, पूर्व नौकर शाह, पूर्व आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की जरुरत ही नहीं। बहरहाल इस नए नवेले राजनैतिक दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिए एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पूर्व में वे संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में आठ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राज्य के विकास के लिए करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राज्य की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मकसद से बिहार में जन सुराज अभियान चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राज्य में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने राज्य की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी जन सुराज अभियान से ही उनके नए राजनैतिक दल का नाम जन सुराज पार्टी निकला।

बहरहाल देश के बड़े से बड़े राजनैतिक दिग्गजों के लिए रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर स्वयं अपने लिए कैसी सफल रणनीति बना रहे हैं उसी का परिणाम है कि उन्हें न केवल गोदी मीडिया भी पूरी तवज्जोह दे रहा है बल्कि वे सत्ता व विपक्षी महागठबंधन के दागदार नेताओं पूर्व की उनकी असफल नीतियों यहां तक कि राज्य की बदहाली तक के लिए इसी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व महागठबंधन के दलों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए प्रशांत किशोर मुफ्त की रेवड़ियों या शराब बंदी जैसी नीतियों को नहीं बल्कि केवल शिक्षा को ही पहली जरुरत मान रहे हैं। राज्य की सभी 243 सीटों के लिए अपने पहले चुनाव में योग्य व शिक्षित प्रत्याशी उतारना बल्कि कई सीटों पर तो अनेक योग्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव लड़ने के लिए एक साथ दावा पेश किया जाना भी प्रशांत किशोर की चुनावी रणनीति की बड़ी सफलता है।

वे सोशल मीडिया पर भी अन्य राजनैतिक दलों से अधिक छाए हुए हैं। उन्होंने विभिन्न टीवी चैनल्स व यू ट्यूबर्स को अब तक जितने साक्षात्कार दे डाले हैं उतने तो शायद सत्ता व विपक्ष के नेताओं ने भी अब तक नहीं दिए। वे अपने साक्षात्कार में अपने विरोधी दलों के अनेक नेताओं को बेनकाब कर उनकी आपराधिक व शैक्षिक पृष्ठभूमि को उजागर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर बड़े ही स्पष्ट अंदाज में बिहार की बदहाली व पिछड़ेपन के लिए जहां पूर्व की सत्ता व नेताओं को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीं राज्य के उन मतदाताओं को भी आइना दिखा रहे हैं जो मुफ्त के राशन अथवा धर्म जाति के नाम पर वोट कर भ्रष्ट व अयोग्य उम्मीदवारों का चुनाव करती रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव: एक नया मोड़ या वही राह



**विनीत नारायण**

**गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है। इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े।**

बिहार की राजनीति हमेशा से प्रयोगों, व्यक्तित्वों और गठबंधनों की धरती रही है। यहां सत्ता तक पहुंचने का रास्ता सिर्फ वोटों से नहीं, बल्कि समाजिक समीकरणों, जातीय गणित और जनभावनाओं से होकर गुजरता है। अब जब 2025 के विधानसभा चुनावों की दस्तक हो चुकी है, पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यह चुनाव न केवल राज्य की राजनीति को बल्कि राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

इस बार मुकाबला दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि मैदान में तीन धाराएं साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। इंडिया गठबंधन, जिसमें मुख्य भूमिका में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। एनडीए, जिसमें जनता दल (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार केंद्र में हैं। वहीं, तेजी से उभरती शक्ति के रूप में प्रशांत किशोर का जन सुराज अभियान। राजद की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन इस चुनाव को अपनी साख बचाने के साथ-साथ केंद्र की राजनीति पर असर डालने के अवसर के रूप में देख रहा है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों में अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह बेरोजगारी का मुद्दा हो, युवाओं से संवाद हो या नीतीश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना। राजद के पास एक ठोस सामाजिक आधार है, लेकिन उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। भ्रष्टाचार के पुराने मामलों और शासन की यादें आज भी मतदाताओं के दिमाग में ताजा हैं। कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर संभावित खींचतान भी गठबंधन की मजबूती पर सवाल उठाती है। फिर भी, तेजस्वी का युवा जोश और उनके प्रचार की डिजिटल समझबूझ उन्हें पहले से अलग बनाती है। इंडिया गठबंधन यह भलीभांति जानता है कि अगर बिहार में उसकी पकड़ मजबूत होती है, तो यह 2029 के लोकसभा समीकरणों में एक नई ऊर्जा भर सकता है। एनडीए का चेहरा इस बार भी नीतीश कुमार ही हैं, जिनका राजनीतिक अनुभव किसी परिचय का मोहताज नहीं। वे सात बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन अब जनता उनसे बदलाव की बजाय जवाब चाहती है। उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है साफ छवि और साझा सामाजिक आधार। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि पिछले कुछ सालों में उनके राजनीतिक पलटवारों, कभी महागठबंधन में, कभी एनडीए में आने-जाने ने उनकी विश्वसनीयता को काफी कमजोर किया है। भाजपा, जो एनडीए की दूसरी बड़ी ताकत है, नीतीश के साथ रहते हुए भी अपने संगठन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसे यह अंदाजा है कि बिहार में अगर उसे भविष्य में स्वतंत्र रूप से मजबूत होना है, तो नीतीश के बाद का दौर भी ध्यान में रखना होगा। यही कारण है कि भाजपा अब स्थानीय नेताओं को उभारने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे मैदान को अपने पक्ष में करने की योजना पर काम कर रही है। एनडीए का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उसके पास वोटों का एक स्थिर कोर आधार है और शासन की निरंतरता की छवि बनी हुई है। लेकिन एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और ग्रामीण ढांचों में ठहराव जैसे मुद्दे उनके लिए सिरदर्द बन सकते हैं। बिहार के इस राजनीतिक त्रिकोण में सबसे दिलचस्प और नया पैदा हुआ कारक हैं प्रशांत किशोर (पीके)। उन्होंने रणनीतिकार से जननेता बनने की जो यात्रा शुरू की, वह अब निर्णायक दौर में पहुंची है। उनका जन सुराज अभियान पिछले दो वर्षों से गांव-गांव में सक्रिय रहा है।

वे न तो स्वयं को किसी पारंपरिक पार्टी की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं और न किसी गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका संदेश सीधा है सिस्टम को बदलने के लिए राजनीति में साफ और नई सोच लानी होगी। प्रशांत किशोर का यह प्रयोग बिहार की राजनीति की जमीनी सच्चाई को चुनौती देता है। वे युवाओं और शिक्षित तबके में धीरे-धीरे एक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे बड़े पैमाने पर सीटें जीतेंगे, लेकिन उनका प्रभाव दो स्तरों पर होगा। कई क्षेत्रों में वे परंपरागत दलों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। उनकी राजनीति भ्रष्टाचार विरोधी और विकास-केंद्रित विमर्श को चुनावी बहस के केंद्र में ला रही है। अगर उनका अभियान थोड़ा भी जनसमर्थन जुटाने में सफल रहता है, तो यह बिहार में तीसरी शक्ति के उदय की भूमिका लिख सकता है। गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है।

इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े। तेजस्वी यादव रोजगार और सामाजिक न्याय का नारा देंगेय भाजपा मोदी के नाम और केंद्रीय योजनाओं की बदौलत वोट जुटाने की कोशिश करेगी और प्रशांत किशोर नई राजनीति की बात करेंगे। नतीजतन, यह चुनाव किसी एक मुद्दे या व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि यह आस्था, असंतोष और आकांक्षा के मिश्रण से तय होगा।

बिहार के 2025 के चुनाव इसलिए रोचक हैं क्योंकि तीन पीढ़ियां और तीन दृष्टिकोण आमने-सामने हैं। नीतीश कुमार, जिनकी राजनीति स्थिरता और अनुभवी शासन का प्रतीक है। तेजस्वी यादव, जो परिवर्तन और युवा आकांक्षाओं के वाहक हैं। प्रशांत किशोर, जो मौजूदा राजनीति को बदलने की चुनौती दे रहे हैं। यह चुनाव यह तय करेगा कि बिहार पुरानी राजनीति की सीमाओं में रहेगा या सोच के नए अध्याय की ओर कदम बढ़ाएगा। चाहे परिणाम कुछ भी हो, इतना तो तय है कि इस बार बिहार का जनादेश केवल सरकार नहीं, बल्कि देश की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान के X खाते का फैसला SC करेगा

## कोर्ट ने याचिका पर तय की चार नवम्बर सुनवाई की तारीख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स को बंद करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई 4 नवम्बर को होगी। 73 वर्षीय इमरान खान, पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) की ओर से जारी कारण सूची के अनुसार, जस्टिस अरबाब मोहम्मद ताहिर इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। अदालत ने पहले ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, नेशनल साइबर क्राइम एजेंसी, जेल अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके लिखित जवाब मांगे हैं। यह याचिका एक नागरिक ने बैरिस्टर जफरुल्लाह के जरिए दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि इमरान खान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक अशांति फैल सकती है और कानून-व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की है कि इमरान खान के अकाउंट से ऐसे सभी संदेश हटाए जाएं और भविष्य में ऐसे किसी भी संदेश के प्रसारण पर रोक लगाई जाए। इसी बीच, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत अवधि बढ़ा दी है। यह मामला 26 नवम्बर को हुए एक प्रदर्शन से जुड़ा है।



■ 73 वर्षीय इमरान पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं
■ दावा: इमरान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं

यह सुनवाई जज चौधरी आमिर जिया के समक्ष होनी थी, लेकिन उनकी अनुपलब्धता के कारण टाल दी गई। यह केस इस्लामाबाद के रामना थाने में दर्ज है, जिसमें शांति सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम सहित कई धाराओं में आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने पीटीआई नेतृत्व पर अवैध सभा आयोजित करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। अदालत ने अब सुनवाई की अगली तारीख 15 नवम्बर तय की है और दोनों पक्षों को अपने तर्क पेश करने के लिए बुलाया है।

## अमेरिका के कैरोलिना में गोलीबारी, दो मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रोबसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किस कार्यालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि दक्षिणी शहर मैक्सटन के बाहर एक ग्रामीण इलाके में कुल 13 लोगों को गोली मारी गई। कार्यालय के अनुसार कानून प्रवर्तन अधिकारियों के पहुंचने से पहले 150 से जयादा लोग घटनास्थल से भाग गए। कार्यालय ने कहा कि समुदाय के लिए कोई मौजूदा खतरा नहीं है क्योंकि यह एक अलग घटना प्रतीत होती है। पुलिस के अनुसार गोलीबारी के बारे में अधिक जानकारी तुरंत जारी नहीं की गई है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है।



पटना। अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजद नेता तेजस्वी यादव।

## कैथरीन कोनोली आयरलैंड की राष्ट्रपति चुनी गईं

**लंदन।** कैथरीन कोनोली आयरलैंड की नई राष्ट्रपति चुनी गई है। घोषित आधिकारिक चुनाव परिणामों के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार कैथरीन कोनोली ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल कर ली है और वह देश 10वीं राष्ट्रपति होगी। चुनावी नतीजों में कोनोली की भारी जीत दिखाई गई है। उनकी एकमात्र प्रतिद्वंद्वी फाइन गेल की हीथर हम्फ्रीज ने दोपहर में आधिकारिक तौर पर अपनी हार स्वीकार कर ली है।

## लेबनान पर इजरायल के ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह कमांडर की मौत

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमले में एक हिज्बुल्लाह कमांडर मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। लेबनान और इजरायल के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि दोपहर बाद हुए इस हमले में नबा. तीह क्षेत्र में हारूफ़-जिबचित मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक कार को निशाना बनाया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन अभियान केंद्र ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। जबकि लेबनानी सेना के एक खुफिया सूत्र ने बताया कि मृतक का नाम जीन फ़ुटौनी था जो हिज्बुल्लाह के विशिष्ट रदवान बल का कमांडर और हल्लौसियेह शहर का निवासी था। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में हमले की पुष्टि कि और कहा कि फ़ुटौनी रदवान बल का एक टैंक-रोधी कमांडर था, जो हाल ही में दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे को फिर से स्थापित करने के प्रयासों में शामिल था। उल्लेखनीय है कि हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से युद्धविराम लागू है, जिससे गाजा युद्ध से शुरू हुए संघर्षों पर काफी हद तक रोक लग गई है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

## बेसबॉल मैच में टैरिफ के खिलाफ ऐड देख हुए नाराज, अब कनाडा को 45 प्रतिशत टैरिफ देना होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। वे शुक्रवार को एक बेसबाल मैच में टैरिफ के खिलाफ विज्ञापन दिखाने से नाराज हो गए। 2 दिन पहले इसी विज्ञापन की वजह से ट्रम्प ने कनाडा के साथ टैरिफ पर हो रही बातचीत रोक दी थी। इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें वे टैरिफ को हर एक अमेरिकी के लिए नुकसानदेह बता रहे थे।

अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। नए ऐलान के बाद यह 45 प्रतिशत हो जाएगा। भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था। हालांकि ट्रम्प के नाराज होने के बाद ओंटारियो के प्रीमियर ने कहा था कि वे रविवार के बाद इस विज्ञापन को वापस ले लेंगे। इसी दौरान शुक्रवार को वर्ल्ड सीरीज के पहले गेम इस विज्ञापन को चलाया गया था।

इस घटना के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और कहा: कनाडा रंगे हाथों पकड़ा गया है, जिसने रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए भाषण को लेकर एक फर्जी विज्ञापन चलाया। रीगन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मकसद के लिए टैरिफ बहुत पसंद थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि उन्हें पसंद नहीं थे। ट्रम्प ने आगे कहा, कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जानते हुए कि यह एक धोखाधड़ी है, कल रात इसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया गया। बता दें कि वर्ल्ड सीरीज अमेरिका और कनाडा में खेले जाने वाले बेसबाल खेल की सालाना चौंपियनशिप सीरीज है। ट्रम्प के ऐलान के बाद अभी यह साफ नहीं कि वे इस एक्स्ट्रा टैरिफ को लगाने के लिए किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। व्हाइट हाउस ने इस बात की भी जानकारी नहीं दी है कि यह 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ किस तारीख से लागू होगा। ट्रम्प के टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है, और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी उन्हें कम करने के लिए ट्रम्प के साथ काम करने की कोशिश कर रहे हैं। जेपी मार्गन की रिपोर्ट के मुताबिक इस टैरिफ से अगले 5 साल में कनाडा की जीडीपी में लगभग 1.2 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है। कनाडा के तीन-चौथाई से अधिक निर्यात अमेरिका को जाते हैं, और लगभग 3.6 अरब कनाडाई डालर (2.7 अरब अमेरिकी डालर) मूल्य का सामान और सेवाएं प्रतिदिन सीमा पार करते हैं। अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। हालांकि अमेरिका में अधिकांश सामान यूएस-कनाडा-मेक्सिको समझौते (यूएसएमसीए) के तहत आते हैं, और टैरिफ से मुक्त हैं। ट्रम्प और कार्नी दोनों मलेशिया में आयोजित होने वाले दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। लेकिन ट्रम्प ने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि उनका वहां कार्नी से मिलने का कोई इरादा नहीं है।



■ भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा
■ ट्रम्प ने आगे कहा: कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया

## मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रम्प

**कंबोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौता कराया, कहा जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया**

**कुआलालंपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेड कार्पेट पर स्थानीय कलाकारों के साथ डांस किया। कुआलालंपुर में ट्रम्प की मौजूदगी में थाईलैंड और कंबोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। वे आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया पहुंचे हैं। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कुआलालंपुर एयरपोर्ट पर स्थानीय कलाकारों के साथ ट्रम्प ने अपने फेमस स्टाइल में डांस किया। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरुआत हो रही है।

# सलमान खान को आतंकी बताने वाली चिट्ठी वायरल

**इस्लामाबाद।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को आतंकी बताने वाला एक लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह लेटर पाकिस्तान सरकार ने जारी किया है। सलमान ने पिछले हफ्ते सऊदी अरब में एक इवेंट के दौरान बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद कथित तौर पर उन पर यह कार्रवाई की गई।

लेटर में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार ने सलमान को एंटी-टेररिज्म एक्ट 1997 की चौथी सूची में डाल दिया है। ये सूची उन लोगों की होती है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का शक होता है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस खबर को फेक बताया गया है।

सलमान ने बलूचिस्तान से जुड़ा बयान 17 अक्टूबर को दिया था, जबकि लेटर पर 16 अक्टूबर की तारीख दर्ज है। इसके अलावा उसी नंबर का अन्य लेटर भी पाकिस्तान सरकार ने जारी किया था। इन सब के आधार पर दावा किया जा रहा है कि ये लेटर फेक है। सलमान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ 17 अक्टूबर को रियाद में ॽजाय फोरम 2025ॽ में भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता पर बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर आप यहां हिंदी फिल्म रिलीज करें, तो वह सुपरहिट होंगी। तमिल, तेलुगु या मलयाली फिल्म भी सैकड़ों करोड़ कमा सकती हैं, क्योंकि यहां बलूचिस्तान, अफगान और पाकिस्तान के लोग काम करते हैं। इस बयान में सलमान ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद पाकिस्तानी मीडिया में सलमान खान की काफी आलोचना की गई थी। बलूचिस्तान के कुछ नेताओं ने सलमान खान के इस बयान की तारीफ की है।



**दावा: पाकिस्तान ने आतंकियों की लिस्ट में डाला, भारतीय अभिनेता ने बलूचिस्तान को पाक से अलग बताया था**

# नेपाल की अंतरिम सरकार को मिले दो और नए मंत्री

**पीएम सुशीला कार्की ने तीसरी बार कैबिनेट का किया विस्तार**
**राष्ट्रपति ने मंत्रियों को शपथ दिलाई**

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अपनी सरकार में दो नए मंत्रियों को शामिल कर कैबिनेट का तीसरा विस्तार किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने एक विशेष समारोह में मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस कदम से नेपाल की अंतरिम सरकार में नई ऊर्जा और प्रशासनिक स्थिरता लाने की कोशिश की जा रही है।

राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, पीएम की सिफारिश पर बब्लू गुप्ता और सुधा गौतम को शपथ दिलाई गई। बब्लू गुप्ता को युवा और खेल मंत्रालय का प्रभार दिया गया, जबकि सुधा गौतम को स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही कैबिनेट में कुल दस मंत्री शामिल हो गए हैं। इस कैबिनेट विस्तार का महत्व इस लिए भी है क्योंकि सुशिला कार्की को 12 सितम्बर को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया था। हाल ही में सितम्बर में हुई दो दिनों की जनरेशन जेड की प्रदर्शन गति. विधियों ने देश में राजनीतिक अस्थिरता को उजागर किया था। नई नियुक्तियों से सरकार को जनता के साथ बेहतर संपर्क बनाने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने की उम्मीद है। सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में अगले आम चुनाव तक सरकार का संचालन करेंगी।

## फ्रांस में 700 करोड़ की चोरी के मामले में दो आरोपी हिरासत में

**पेरिस।** फ्रांस के मशहूर लूव्र म्यूजियम में हुई 700 करोड़ रुपए की चोरी के एक हफ्ते बाद, फ्रांसीसी पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी फ्रांसीसी समाचार पत्र ले पेरिसियन ने रविवार को दी। पुलिस का मानना है कि यह चोरी चार लोगों की एक गैंग ने की, जिसमें गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्ध जो 30 साल की उम्र के आसपास हैं। पहले संदिग्ध को शनिवार रात पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अल्जीरिया जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की को. शिश कर रहा था। उसी रात बाद में दूसरे संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# आंकड़ों ने वॉशिंगटन पोस्ट को झूठा ठहराया

## एलआईसी नहीं, अमेरिकी बीमा कंपनियों ने अडानी समूह की कंपनियों में किया है भारी निवेश

**नई दिल्ली।** अडानी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया, जिस पर विवाद हुआ। हालांकि आंकड़ों से खुला. सा हुआ है कि एलआईसी नहीं, बल्कि अमे. रिकी बीमा कंपनियां ने अडानी समूह की कंपनियों में खूब निवेश किया है।

आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि जून, 2025 में, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अडानी के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डालर) का निवेश किया। एथेन की पैरेंट कंपनी अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट की जून 2023 की स्टेटमेंट के अनुसार, कंपनी के प्रबंधित फंड्स और अन्य सहयोगी निवेशकों ने भी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमएआईएल) में करीब 75 करोड़ अमे. रिकी डॉलर का निवेश किया। कई वैश्विक कर्जदाताओं जैसे डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, रोबोबैंक, बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड ने भी अडानी समूह की अडानी एनर्जी लिमिटेड में करीब 25 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), नवीकरणीय ऊर्जा इकाई (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और बिजली पारेषण इकाई (अडानी एनर्जी साल्यूशंस लिमिटेड) में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई ऋण सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि सरकारी अधिकारियों ने एलआईसी के निवेश को प्रभावित किया और अडानी समूह की कंपनियों में निवेश कराया। एलआईसी ने बयान जारी कर वाशिंगटन पोस्ट में किए गए दावे को फर्जी, आधारहीन और सच्चाई से परे बताया। एलआईसी ने कहा कि अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का फैसला स्वतंत्र तौर पर लिया गया और बोर्ड की नीतियों के तहत ही इसकी मंजूरी दी थी। भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए गए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

■ अडानी समूह में इसका निवेश समूह के कुल 2.6 लाख रुपये के कर्ज के दो प्रतिशत से भी कम है

## परमाणु इंजन वाली रूसी 'बुरेवेस्तनिक' मिसाइल का सफल परीक्षण

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यह ऐलान किया कि उनके देश ने एक अद्वितीय परमाणु इंजन से लैस क्रूज मिसाइल 'बुरेवेस्तनिक' का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल इतनी शक्तिशाली बताई जा रही है कि इसकी रेंज असीमित है। पुतिन ने इस परीक्षण के बाद रूसी सेना को आदेश दिया कि वह इस मिसाइल की तैनाती के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे की तैयारी शुरू करे। टेलीविजन पर प्रसा. रित बैठक में पुतिन ने अपने रक्षा प्रमुखों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि हाल ही में परमाणु बलों के अभ्यास के दौरान इस मिसाइल का परीक्षण किया गया।

# पाक रक्षामंत्री की अफगान को जंग की धमकी

## कहा: अगर सीजफायर वार्ता नाकाम रही, तो दोनों देशों में खुली जंग के अलावा कोई ऑप्शन नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान के साथ चल रही सीजफायर वार्ता में समझौता नहीं हुआ तो खुली जंग शुरू हो सकती है। आसिफ ने कहा-अगर वार्ता नाकाम रही तो पाकिस्तान के पास अफगानिस्तान के साथ खुली जंग के अलावा कोई आप्शन नहीं होगा। हालांकि, ऐसा लगता होता है कि दोनों पक्ष शांति चाहते हैं।

यह बयान तब आया है जब तुर्की के इस्तांबुल में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दूसरी दौर की शांति होने वाली है। इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों देश शांति बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करेंगे, जैसा कि दोहा में तय हुआ था। बातचीत का समय और जगह अभी बताई नहीं गई है। अफगान टीम की अगुआई मंत्री हाजी नजीब कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से दो सुरक्षाकर्मी इसमें शामिल हैं। पाकिस्तानी अखबार डान के अनुसार, ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थाई संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही है। इन झड़पों में दर्जनों लोग, जिसमें आम नागरिक भी शामिल हैं मारे गए थे। ख्वाजा आसिफ ने दो हफ्ते पहले कहा था कि तालिबान के फैसले दिल्ली में लिए जा रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्राक्सी वार लड़ने का आरोप लगाया था। आसिफ ने तालिबान से हुए सीजफायर पर कहा था-मुझे शक है कि यह सीजफायर टिक पाएगा, क्योंकि अफगान तालिबान को दिल्ली से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को उकसाया तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा कि हमारे पास जवाब देने की पूरी क्षमता है। अगर उन्होंने युद्ध का दायरा बढ़ाया, तो हम हमला करेंगे। लेकिन हम बातचीत के लिए भी तैयार हैं। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष 9 अक्टूबर को शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अफगान ने पाकिस्तान को सीमा विवाद और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया। पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए।



**ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थायी संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही थी**

# पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया।

आईएसपीआर द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी (जो प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान - टीटीपी से जुड़े हैं) एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया। आईएसपीआर ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब भी क्लीन-अप और सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि किसी भी अन्य छिपे आतंकी को पकड़ा जा सके।

■ सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108